3 **बस्तर संभाग** मजदूरों को क्वारेंटाइन सेंटर से नहीं छोड़ने पर जवानों ...

6 **अभिमत** जम्मू-कश्मीर में प्रगति का नया युग

10 **संस्कारधानी** राममंदिर निर्माण में पार्षद 'मधु' ने अटकाया रोड़ा, वरिष्ठ ...

11 **न्यायधानी** बिजली विभाग ने एकल बत्ती कनेक्शन काटे

रायपुर, लखनऊ, नई दिल्ली और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

हमेशा सच के साथ

RNI NO. CHHHIN/2016/70655

www.dailypioneer.com रायपुर, गुरुवार 13 अगस्त 2020 पृष्ठ-12 वर्ष-04, अंक-356 मूल्य 3.00 ₹

## क्विक न्यूज़

### युवाओं को इतिहास के यथार्थ से परिचित कराने की आवश्यकता है : नायडू



**नयी दिल्ली (वार्ता)।** उपराष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू ने इतिहास के सम्पूर्ण प्रामाणिक यथार्थ को समग्रता में प्रकाश में लाने की आवश्यकता बल देते हुए बुधवार को कहा कि देश के विभिन्न क्षेत्रों के क्रान्तिकारियों के अमर बलिदानों को स्कूली पाठयपुस्तकों में शामिल किया जाना चाहिए। नायडू ने यहां आयोजित समारोह में नेताजी सुभाष चन्द्र बोस आई एन ए ट्रस्ट के सहायक सदस्य डॉ कल्याण कुमार डे की पुस्तक 'नेताजी इंडियाज इंडिपेंडेंस एण्ड ब्रिटिश आर्काइव्स' का लोकार्पण किया।

### युवा राष्ट्र की सबसे बड़ी शक्तिः शाह



**नयी दिल्ली (वार्ता)।** केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि युवा राष्ट्र की सबसे बड़ी शक्ति होती है और भारत भाग्यशाली है कि उसके पास कौशल से परिपूर्ण अभिलाषी युवा शक्ति है। अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस पर शुभकामनाएँ देते हुए श्री शाह ने आज ट्विट किया, किसी भी राष्ट्र की सबसे बड़ी शक्ति उसके युवा होते हैं। भारत वास्तव मे बहुत ही भाग्यशाली राष्ट्र है जिसके पास कौशल से परिपूर्ण इतनी परिवर्तनात्मक और अभिलाषी युवाशक्ति है।

### पुलवामा में मुठभेड़, हिज्बुल कमांडर ढेर जवान शहीद


**श्रीनगर (वार्ता)।** जम्मू-कश्मीर के पुलवामा जिले में बुधवार तड़के घेराबंदी एवं तलाश अभियान के दौरान हुई भीषण मुठभेड़ में आतंकवादी संगठन हिज्बुल मुजाहीद्दीन का एक शीर्ष कमांडर मारा गया तथा एक सैनिक शहीद हो गया और एक अन्य जवान घायल हो गया। रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता राजेश कालिया ने बताया कि आतंकवादियों की मौजूदगी की खुफिया सूचना के आधार पर राष्ट्रीय राइफल्स, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल और जम्मू-कश्मीर पुलिस के विशेष अभियान समूह ने मंगलवार देर शाम पुलवामा के कमराजीपोरा में संयुक्त घेराबंदी और तलाश अभियान शुरू किया।

# तकरीबन 22 हजार करोड़ की लागत वाली बहुचर्चित बोधघाट परियोजना में रोक के आसार

- **1987-89 के समय में हुए आंदोलन के बाद तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी और मुख्यमंत्री मोतीलाल वोरा की सरकार के समय ये परियोजना रिजेक्ट हुई थी**

www.dailypioneer.com









छत्तीसगढ़ का बहुउद्देशीय बोध घाट सिंचाई परियोजना के काम को आगे बढ़ने से पहले ही ब्रेक लगता दिखाई दे रहा है। तकरीबन 22 हजार करोड़ की लागत वाली इस बहुचर्चित परियोजना से प्रदेश में सिंचाई और बिजली व्यवस्था को सुदृढ़ किये जाने की योजना है। लेकिन इस विकास में एक वर्ग विशेष को अनदेखा किये जाने की बात सामने आ रही है। ये वो वर्ग है जिसने पेड़-पौधों-नदियों को परिवार का सदस्य माना और पर्यावरण को धरोहर की तरह संजोकर रखा।

ये वर्ग हैं आदिवासी, जिनपर विस्थापन का खतरा मंडराने लगा है। इंद्रावती नदी पर बनने वाली इस परियोजना को लेकर छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण के प्रमुख और शांतिदूत डॉ. उदयभान सिंह चौहान ने जमीनी हकीकत जानने के लिए इस परियोजना से प्रभवित होने वाले बस्तर संभाग के सुदूर गांवों जंगलों में रह रहे आदिवासियों से बात की। उन्होनें इस सम्बन्ध में इससे होने वाले फायदे-नुकसान का अध्ययन किया। अपने दौरे को लेकर डॉ उदयभान ने **राष्ट्रीय दैनिक पायनियर** संवाददाता के प्रश्नो का खुलकर जवाब दिया।

■ **पायनियर संवाददाता-** डॉ साहब बोधघाट परियोजना कि जमीनी हकीकत क्या है?

■ **डॉ. उदयभानः-** मैंने जब बस्तर विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष व विधायक लाखेश्वर बघेल, सर्व आदिवासी समाज के संरक्षक व पूर्व केंद्रीय मंत्री अरविन्द नेताम, बस्तर विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष व बीजापुर विधायक वि म मंडावी और सर्व आदिवासी समाज के अन्य सदस्यों से इस सम्बन्ध में बात की। उनका जवाब यही मिला कि जब तक व्यवस्थापन की स्थिति स्पष्ट नहीं होगी तब तक बोध घाट परियोजना का सुचारु होना संभव नहीं है। दूसरी बात ये निकल कर आई कि इस परियोजना से जो गांव प्रभावित होगा उन ग्रामवासियों कि राय लेना आवश्यक है। जब तक प्रभावित होने वाले ग्रामवासी नहीं चाहेंगे तब तक ये आसान नहीं होगा।

■ **पायनियर संवाददाता-** इस परियोजना के सम्बन्ध में प्रभावित होने वाले स्थानीय लोगों और सरकार के बीच कोई बात हुई?

■ **डॉ. उदयभानः-** जब मेरी बात मनीष कुंजाम पूर्व विधायक से हुई तो उन्होंने कहा कि 1987-89 में इस परियोजना को लेकर आंदोलन हुआ था। तब तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गाँधी और मुख्यमंत्री मोतीलाल वोरा की सरकार के समय ये परियोजना रिजेक्ट हुई थी। फिर अचानक ऐसा क्या हुआ कि अनुसूचित जाति और जनजाति की बैठक की जानकारी के बगैर इस परियोजना को पुनः आरम्भ करने की अनुमति दे दी गयी? आदिवासियों को इस प्रश्न का जवाब न मिलने के कारण उनमे आक्रोश है। ये स्थानीय आदिवासी अपना जल, जंगल, जमीन आसानी से नहीं छोड़ेंगे।

■ **पायनियर संवाददाता-** क्या प्रभावित लोगों ने बोधघाट परियोजना के सम्बन्ध में अपनी शिकायत प्रशासन को बताई?

■ **डॉ. उदयभानः-** इस परियोजना को लेकर जब प्रभावित होने वाले ग्रामवासियों को इस परियोजना की पुनः आरम्भ होने की जानकारी मिली तो उन्होंने बीजापुर के कलेक्टर को इस सम्बन्ध में एक ज्ञापन सौंपा। उसके बाद कलेक्टर ने उन आदिवासियों को 'ऐसा कुछ नहीं है' कहकर गुमराह किया और वापस भेज दिया।

■ **पायनियर संवाददाता-** जिलाधिकारी के इस रवैये पर लोगों की क्या प्रतिक्रिया रही?

■ **डॉ. उदयभानः-** जिलाधिकारी द्वारा टालमटोल करने के बाद, आदिवासियों ने इस सम्बन्ध में बेल्लूर में एक बैठक की, जिसमे स्थानीय प्रशासन द्वारा कोरोना काल में सोशल डिस्टेंसिंग के नाम पर बैठक जारी रखने को मना कर दिया। जिसके बाद, स्थानीय समाचार पत्र ने इस परियोजना के सम्बन्ध में आदिवासियों की सहमति की खबर लगाकर छापी गई। जबकि ऐसा कुछ भी नहीं था, सच्चाई ये है की इस सम्बन्ध में न तो प्रभावित होने वाले आदिवासी समाज से बात हुई, न ही इस परियोजना को लेकर पूर्व के आंदोलनकारियों से बात हुई।

■ **पायनियर संवाददाता-** परियोजना वाली भूमि किसकी है, अब इसको लेकर लोगों की आगे की योजना क्या होगी?

■ **डॉ. उदयभानः-** मुख्य बात ये है कि यहां कोई राजस्व भूमि नहीं है। यहां सारी भूमि वन विभाग की है। इस तरह राजस्व के चक्कर में पूरा वन सम्पदा नष्ट होगी। दूसरी तरफ जंगली इलाका होने के कारण कोई बंदोबस्त भी नहीं है। तीसरी बात ये है कि बस्तर में प्रचूर मात्रा में खनिज है, जिसके खनन के लिए पानी की जरुरत होगी। अगर ऐसे में पानी का इस्तेमाल कहीं और होता है, तो खनन का काम अवरुद्ध होगा। आदिवासी इस परियोजना को लेकर सहमत नहीं है, वो कभी भी इस परियोजना को लेकर आंदोलन शुरू कर सकते हैं।

सरकार की इसी लचर व्यवस्था के कारण बहुउद्देशीय बोध घाट सिंचाई परियोजना पिछले 40 सालों से लंबित है। वर्ष 1992-93 में इस परियोजना के खिलाफ एक बड़ा जनांदोलन यहां के स्थानीय आदिवासियों द्वारा किया गया। उस समय की तत्कालीन केंद्र और राज्य सरकारों ने इस परियोजना पर आगे काम करने पर रोक लगा दी थी। इस परियोजना को लेकर अभी तक सरकार और आदिवासी समाज के बीच सामंजस्य ना बन पाना चिंता का विषय है। सरकार अगर स्थानीय आदिवासियों को गंभीरता से लेती, उनकी समस्याओं पर गौर करती, तो यहां का परिदृश कुछ और ही होता।

## प्रधानमंत्री आज 'पारदर्शी कराधान - ईमानदार का सम्मान' प्लेटफॉर्म लॉन्च करेंगे

वार्ता ◂ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी गुरूवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से 'पारदर्शी कराधान - ईमानदार का सम्मान' के लिए प्लेटफॉर्म लॉन्च करेंगे। आधिकारिक जानकारी के अनुसार प्रधानमंत्री 'पारदर्शी कराधान - ईमानदार का सम्मान' के लिए जो प्लेटफॉर्म लॉन्च करेंगे वह प्रत्यक्ष कर सुधारों को और आगे ले जाने में मददगार होगा। आयकर विभाग के अधिकारियों एवं पदाधिकारियों के अलावा विभिन्न वाणिज्य मंडलों, व्यापार संघों एवं चार्टर्ड एकाउंटेंट संघों के साथ-साथ प्रमुख करदाता भी इस कार्यक्रम के साक्षी होंगे। वित्त एवं कॉरपोरेट कार्य मंत्री निर्मला सीतारमण और वित्त एवं कॉरपोरेट कार्य राज्य मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर भी इस अवसर पर उपस्थित रहेंगे।



केन्द्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने हाल के वर्षों में प्रत्यक्ष करों में कई प्रमुख कर सुधार लागू किए हैं। पिछले वर्ष कॉरपोरेट कर की दर को 30 प्रतिशत से घटाकर 22 प्रतिशत कर दिया गया एवं नई विनिर्माण इकाइयों के लिए इस दर को और भी अधिक घटाकर 15 प्रतिशत कर दिया गया। 'लाभांश वितरण कर' को भी हटा दिया गया। कर सुधारों के तहत कर की दरों में कमी करने और ➢शेष पेज 8 पर

## बेंगलुरु हिंसा में गई 3 की जान, 110 गिरफ्तार, सीएम येदियुरप्पा की अपील- शांति बनाए रखें

एजेंसी ◂ बेंगलुरु
www.dailypioneer.com

- **बेंगलुरु में मंगलवार रात को भड़की हिंसासुबह स्थानीय लोगों ने देखा मंजर**

कोरोना संकट काल में जब हर किसी को भीड़ में जाने से बचने के लिए कहा जा रहा है, ऐसे वक्त में कर्नाटक के बेंगलुरु में बवाल हो गया। मंगलवार देर रात एक फेसबुक पोस्ट से आहत हुए कुछ लोगों ने हंगामा मचाया, पुलिस स्टेशन और विधायक के घर को आग के हवाले कर दिया। अब बुधवार की सुबह जब रोशनी में सारी तस्वीर साफ हुई तो बेंगलुरु की सड़कों पर क्या तांडव हुआ ये दिख पाया।

यहां गाड़ियों को जला दिया गया है, एटीएम में तोड़फोड़ की गई। विधायक के घर पर हमला करने के अलावा आसपास के लोगों के घरों पर भी हमला किया गया, जिसके कारण लोगों के घरों की खिड़कियां भी टूट गईं। इस हिंसा में 3 लोगों की मौत हुई है, जबकि



60 पुलिसकर्मी घायल हुए हैं। पुलिसकर्मी के अनुसार करीब 200-250 वाहनों में आग लगाई गई है, इसकी जांच की जा रही है।

बुधवार की सुबह स्थानीय निवासी जब घर से बाहर निकले तो हर ओर बाइक-गाड़ी टूटी बिखरी हुई पड़ी थी, इसके अलावा पत्थरों का सैलाब भी था। अभी हिंसा वाले इलाके में कर्फ्यू लगा दिया गया है, जो आज रात 12 बजे तक रहेगा। उसके बाद हालात को देखते हुए फैसला लिया जाएगा।

## कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव त्यागी का कार्डियक अरेस्ट से निधन

एजेंसी ◂ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com



भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के प्रवक्ता राजीव त्यागी का निधन हो गया है।बुधवार शाम एक टीवी डिबेट में हिस्सा लेने के बाद उन्हें कार्डियक अरेस्ट आया। रिपोर्ट्स के अनुसार, उन्हें तबीयत बिगड़ने पर गाजियाबाद के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। कुछ ही देर बाद उनका निधन हो गया। कांग्रेस के सचिव (संचार) डॉ विनीत पूनिया ने उनके निधन की जानकारी दी। सूचना पाकर पर बीजेपी के प्रवक्ता संबित पात्रा ने भी शोक प्रकट किया है।

### शाम को किया था आखिरी ट्वीट

त्यागी ने बुधवार शाम करीब पौने चार बजे अपने ट्विटर अकाउंट से ट्वीट किया था। निधन की जानकारी देते हुए डॉ पूनिया ने ट्वीट किया, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के प्रवक्त ा और वरिष्ठ कांग्रेस नेता श्री राजीव त्यागी जी नहीं रहे। उनके परिवारजनों और प्रशंसकों को मेरी हार्दिक संवेदना। बीजेपी नेता संबित पात्रा ने लिखा कि 'विश्वास नहीं हो रहा है कंग्रेस के प्रवक्त ा मेरे मित्र श्री राजीव त्यागी हमारे साथ नहीं है। आज 5 बजे हम दोनो ने साथ में डिबेट भी किया था। जीवन बहुत ही अनिश्चित है ...अभी भी शब्द नहीं मिल रहे। हे गोविंद राजीव जी को अपने श्री चरणो में स्थान देना।

**डब्ल्यूएचओ ने रूसी सरकार से वैक्सीन के बारे में रिसर्च जारी करने को कहा**

## रूसी कोरोना वैक्सीन को झटका, डब्ल्यूएचओ ने मांगा प्रूफ, अमेरिका को भी संदेह

एजेंसी ◂ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

दुनियाभर में कोरोना वायरस का संक्रमण तेजी से बढ़ता जा रहा है। इस बीच रूस कोरोना वैक्सीन बनाने वाला दुनिया का पहला देश बन गया है। लेकिन रूसी वैक्सीन पर भरोसा नहीं किया जा रहा है। खुद विश्व स्वास्थ्य संगठन ने भी शक जता दिया है और प्रूफ की मांग कर दी है। खबर है विश्व स्वास्थ्य संगठन ने रूस से वैक्सीन के बारे में कई जानकारी मांगी है। डब्ल्यूएचओ ने रूसी सरकार से वैक्सीन के बारे में रिसर्च जारी करने को कहा है। वहीं अमेरिका ने भी वैक्सीन को संदेहजनक बता दिया है।

अमेरिका के स्वास्थ्य मंत्री एलेक्स अजार ने कहा कि कोविड-19 का टीका विकसित



करना कोई प्रथम स्थान प्राप्त करने की प्रतियोगिता नहीं है। अजार ने इस टीके से संबंधित विज्ञान और सुरक्षा पर संदेह जताया। उन्होंने कहा कि अमेरिकी नागरिकों तथा विश्व की भलाई के वास्ते जल्द से जल्द सुरक्षित और प्रभावी टीका विकसित करने के लिए अमेरिका अपनी सरकार, अर्थव्यवस्था और जैव-प्रौद्योगिकी संबंधी शक्तियों को एकजुट कर रहा है।

अजार ने कहा कि अमेरिका ने मॉडर्ना कंपनी द्वारा विकसित किए जा रहे टीके के लिए एक विनिर्माण करार किया है और पांच अन्य कंपनियों के साथ आपूर्ति करार किया है जो टीके के काम से जुड़ी हैं। उन्होंने कहा कि करार में शामिल छह में से चार कंपनियों ने परीक्षणों के संबंध में जानकारी दी है कि कोविड-19 से मुक्त हुए लोगों की तुलना में परीक्षण में शामिल लोगों में टीके के कारण अधिक एंटीबॉडीज बनी हैं। अजार ने कहा कि दो कंपनियों के परीक्षण तीसरे चरण में पहुंच गए हैं, जबकि रूसी टीके के बारे में ऐसी किसी जानकारी का खुलासा नहीं किया गया है।

### विश्व में कोरोना संक्रमितों की संख्या 2.02 करोड़ के पार

**बीजिंग/जिनेवा/नयी दिल्ली (वार्ता)।** वैश्विक महामारी कोरोना वायरस (कोविड-19) के कहर से दुनिया के 188 देश प्रभावित है और दुनियाभर में सं मितों की संख्या 2.02 करोड़ से अधिक हो गयी है, वहीं इससे अब तक करीब 7.39 लाख लोगों की मौत हो चुकी है। कोविड-19 के संक्रमितों के मामले में अमेरिका दुनिया भर में पहले, ब्राजील दूसरे और भारत तीसरे स्थान पर है। वहीं इस महामारी से हुई मौतों के मामले में अमेरिका पहले, ब्राजील दूसरे, मेक्सिको तीसरे और ब्रिटेन चौथे स्थान पर है जबकि भारत मृतकों की संख्या के मामले में पांचवें स्थान पर है।

## डेढ़ करोड़ का नशीला पदार्थ महासमुंद पुलिस ने किया जब्त

पायनियर संवाददाता ◂ महासमुंद
www.dailypioneer.com

प्रदेश में नशीले पदार्थ की सबसे बड़ी जब्ती को महासमुंद पुलिस ने अंजाम दिया है। पुलिस ने तस्कर से डेढ़ करोड़ रुपए का ब्राउन शुगर (हेराइन) जब्त किया, जिसे तस्कर हार्लिक्स के डिब्बे में डालकर बेचने के लिए ले जा रहा था। आरोपी के पास से नशीले पदार्थ के अलावा एक पिस्टल, 2 मैग्जीन और 2 जिंदा कारतूस बरामद किया है।

महासमुंद पुलिस अधीक्षक प्रफुल्ल कुमार ठाकुर ने क्षेत्र में नशीली पदार्थ दवाई के चल रहे अवैध कारोबार और खपाए जाने के प्रयास की मिल रही सूचना पर सभी थाना और चौकी प्रभारियों को कार्यवाही करने के लिए निर्देशित किया था। इस कड़ी में गुरुवार को मुखबिर से



सूचना मिली की एक व्यक्ति नदी मोड़ से होते हुए महासमुंद की ओर नीले रंग की शोल्ड मोपेड गाडी में अवैध रूप से भारी मात्रा में ब्राउन शुगर (हेरोइन) व ऑटोमैटिक पिस्टल रख कर बिक्री करने ग्राहक तलाश करते हुये आ रहा है।

सूचना पर एसपी ठाकुर द्वारा गठित सायबर सेल व सिटी कोतवाली की टीम ने नाकेबंदी की, इस दौरान मुखबिर के बताये हुलिये अनुसार गाड़ी में आ रहा व्यक्ति पुलिस की नाकेबंदी को देखकर भागने लगा। पुलिस ने संदेह होने पर उसे पकड़कर पूछताछ की, जिस पर उसने अपना नाम शंकर लाल वैष्णव (30 वर्ष) निवासी कासीराम नगर, थाना तेलीबांधा रायपुर, मूल निवासी जोधपुर, राजस्थान का होना बताया। युवक की तलाशी लेने पर उसके पास एक ऑटोमैटिक पिस्टल 2 मैग्जीन व 2 जिंदा ➢शेष पेज 8 पर

# पुरातात्विक एवं सांस्कृतिक गरिमा का प्रतीक है रामगढ़, जहां रामायणकाल के मिलते हैं प्रमाण

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

सृष्टि निर्माता ने छत्तीसगढ़ को अनुपम प्राकृतिक सौंदर्य से नवाजा है। दक्षिण कौशल का यह क्षेत्र रामायणकालीन संस्कृति का परिचायक रहा है। ऐतिहासिक, पुरातात्विक एवं सांस्कृतिक महत्व की यह स्थली रामगढ़ की पहाड़ी के नाम से जाना जाता है। यह स्थल जिला मुख्यालय अम्बिकापुर से लगभग 50 किलोमीटर की दूरी पर उदयपुर विकासखण्ड के समीप स्थित है। समुद्र तल से इसकी ऊँचाई लगभग 3 हजार 202 फीट है।

महाकवि कालिदास की अनुपम रचना ''मेघदूतम'' की रचना स्थली और विश्व की सर्वाधिक प्राचीनतम् शैल नाट्यशाला के रूप में विख्यात ''रामगढ़'' पर्वत के साये में इस ऐतिहासिक धरोहर को संजोए रखने और इसके संवर्धन के लिए हर साल आषाढ़ के पहले दिन यहां रामगढ़ महोत्सव का आयोजन किया जाता रहा है। रामगढ़ पर्वत के निचले शिखर पर स्थित ''सीताबेंगरा'' और ''जोगीमारा'' की गुफाएं प्राचीनतम शैल नाट्यशाला के रूप में सर्वाधिक महत्वपूर्ण है। ये गुफाएं तीसरी



शताब्दी ईसा पूर्व मौर्यकाल के समय की मानी जाती हैं। जोगीमारा गुफा में मौर्य कालीन ब्राह्मी लिपि में अभिलेख तथा सीताबेंगरा गुफा में गुप्तकालीन ब्राह्मी लिपि में अभिलेख के प्रमाण मिलते है। जोगीमारा गुफा की एक और विशेषता है कि यहां भारतीय भित्ति चित्रों के सबसे प्राचीन नमूने अंकित हैं। पुरातात्विक दस्तावेजों के रूप में मूर्तियों, शिलालेखों एवं ताम्रपत्रों का बड़ा महत्व माना जाता है। रामगढ़ में ऐसे महत्व की वस्तुएं उपलब्ध है। जोगीमारा गुफा में लगभग 8 मूर्तियां संग्रहित हैं। यह मूर्तियां लगभग 2 हजार वर्ष पुरानी हैं।

रामगढ़ पहाड़ी के ऊर्ध्व भाग में दो शिलालेख मौजूद हैं। प्रस्तर पर नुकीले छेनी से काटकर लिखे गए इस लेख की लिपि पाली और कुछ-कुछ खरोष्टी से मिलती जुलती है। लिपि विशेषज्ञों ने इसे एक मत से पाली लिपि माना है। इस पर निर्मित कमलाकृति रहस्यमय प्रतीत होती है। यह आकृति कम बीजक ज्यादा महसूस होता है।

रामगढ़ के निकट स्थित महेशपुर वनस्थली महर्षि की तपोभूमि थी। रामगढ़ को महाकवि कालीदास की अमरकृति मेघदूतम् की रचनास्थली मानी जाती है। इस स्थल पर ही लगभग 10 फीट ऊपर ''कालीदासम'' खुदा हुआ मिला है।

सीताबेंगरा के ही पार्श्व एक सुगम सुरंग मार्ग है, जिसे हाथी पोल कहते हैं। इसकी लम्बाई लगभग 180 फीट है। इसका प्रवेश द्वार लगभग 55 फीट ऊंचा है। इसके अंदर से ही इस पार से उस पार तक एक नाला बहता है। इस सुरंग में हाथी आसानी से आ-जा सकता है। इसलिए इसे हाथी पोल कहा जाता है। सुरंग के भीतर ही पहाड़ से रिसकर एवं अन्य भौगोलिक प्रभाव के कारण एक शीतल जल का कुण्ड बना हुआ है। कवि कालीदास ने मेघदूत के प्रथम श्लोक में जिस



''यक्षश्चक्रे जनकतनया स्नान पुण्योदकेषु'' का वर्णन किया है वह सीता कुण्ड यही है। इस कुण्ड का जल अत्यन्त निर्मल एवं शीतल है।

कालिदास युगीन नाट्यशाला और शिलालेख, मेघदूतम् के प्राकृतिक चित्र, वाल्मीकी रामायण के संकेत तथा मेघदूत की आधार कथा के रूप में वर्णित तुम्वुरू वृतांत और श्री राम की वनपथ रेखा रामगढ़ को माना जा रहा है। मान्यता यह है कि भगवान राम ने अपने वनवास का कुछ समय रामगढ़ में व्यतीत किया था। भगवान राम के वनवास के दौरान सीताजी ने जिस गुफा में आश्रय लिया था वह सीताबेंगरा के नाम से प्रसिद्ध हुई। यही गुफाएँ रंगशाला के रूप में कला-प्रेमियों के लिए तीर्थ स्थल है। यह गुफा 44.5 फुट लंबी ओर 15 फुट चौड़ी है।

सीताबेंगरा के बगल में ही एक दूसरी गुफा है, जिसे जोगीमारा गुफा कहते हैं। इस गुफा की लम्बाई 15 फीट, चौड़ाई 12 फीट एवं ऊंचाई 9 फीट हैं। इसकी भीतरी दीवारे बहुत चिकनी वज्रलेप से प्लास्टर की हुई हैं। गुफा की छत पर आकर्षक रंगबिरंगे चित्र बने हुए हैं। इन चित्रों में तोरण, पत्र-पुष्प, पशु-पक्षी, नर-देव-दानव, योद्धा तथा हाथी आदि के चित्र हैं। इस गुफा में चारों ओर चित्रकारी के मध्य में पांच युवतियों के चित्र हैं, जो बैठी हुई हैं। इस गुफा में ब्रह्मी लिपी में कुछ पंक्तियां उत्कीर्ण हैं। सरगुजा अपने अतीत के गौरव और पुरातात्विक अवशेषों के कारण अपना एक ऐतिहासिक महत्व रखता है। यहां आने वाले पर्यटकों को रामायणकालीन युग का अहसास होता है।

# निर्माण कार्यों को समय-सीमा में गुणवत्ता के साथ करें पूर्ण : साहू



■ कोटमी में विश्रामगृह निर्माण की दी स्वीकृति

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

लोक निर्माण मंत्री ताम्रध्वज साहू ने गौरेला-पेन्ड्रा-मरवाही जिले के प्रवास के दौरान पेन्ड्रा कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में लोक निर्माण विभाग की समीक्षा की। उन्होंने जिले में स्वीकृत सड़कों, भवनों एवं पुलों का निर्माण समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। मंत्री श्री ताम्रध्वज साहू ने क्षेत्र की जनता की मांग पर कोटमी में रेस्ट हाउस के निर्माण की स्वीकृति दी। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को निर्माण कार्यों में गुणवत्ता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने जिला अधिकारियों को मैदानी क्षेत्रों का नियमित रूप से दौरा कर निर्माण कार्यों का निरीक्षण करने के भी निर्देश दिए। लोक निर्माण मंत्री ने जिले की सड़कों के मरम्मत कार्यों को तेजी से पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं, ताकि लोगों को आवागमन में असुविधा न हो।

बैठक में बताया गया कि जिले में लगभग 150 करोड़ रूपए की लागत के विभिन्न सड़कों का निर्माण प्रगति पर है। इनमें बसंतपुर-भाड़ी मार्ग का उन्नयन एवं चौड़ीकरण लम्बाई 5 किलोमीटर लागत 11 करोड़ 56 लाख रूपए, अमरपुर मुख्य मार्ग से जनपद पंचायत पेण्ड्रा पहुँच मार्ग लम्बाई 1.50 किलोमीटर लागत 3 करोड़ 55 लाख रूपए, गौरेला-खोडरी मुख्य मार्ग पर भदौरा से धनगवां ग्राम पंचायत तक निर्माण कार्य लम्बाई 3 किलोमीटर लागत 2 करोड़ 81 लाख रूपए शामिल है। इसी तरह पेन्ड्रा बायपास मार्ग लम्बाई 12.50 किलोमीटर लागत 54 करोड़ 25 लाख रूपए, सिवनी से मरवाही मार्ग चौड़ीकरण लम्बाई 12.20 किलोमीटर लागत 36 करोड़ 3 लाख रूपए, गौरेला-करंगरा मार्ग का चौड़ीकरण लम्बाई 15.20 किलोमीटर लागत 34 करोड़ 36 लाख और केंवची-गौरेला मार्ग में पुलिया निर्माण लागत 3 करोड़ 48 लाख रूपए के निर्माण कार्य प्रगति पर है। बैठक में बताया गया कि केंवची-गौरेला मार्ग में पुलिया निर्माण कार्य प्रगति पर है। एक पुलिया का स्लैब पूर्ण हो चुका है और दूसरे पुलिया में फाउन्डेशन का कार्य प्रगति पर है। मुख्यमंत्री सुगम सड़क योजना के तहत 21 कार्यों के लिए एक करोड़ 37 लाख 62 हजार रूपए की स्वीकृति प्राप्त हुई है।

# औषधीय पौधों का निःशुल्क वितरण आज से

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

वन मंत्री मोहम्मद अकबर के मार्गदर्शन में राज्य में चलाए जा रहे लोक स्वास्थ्य परंपरा संवर्धन अभियान के तहत निःशुल्क औषधीय पौधों का वितरण जारी है। इसके तहत पौधों का वितरण 13 तथा 14 अगस्त को संजीवनी मार्ट वन कार्यालय परिसर बिलासपुर में किया जाएगा।

छत्तीसगढ़ राज्य औषधीय पादप बोर्ड के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री जे.ए.सी.एस. राव से प्राप्त जानकारी के अनुसार राज्य औषधीय पादप बोर्ड रायपुर, वन विभाग तथा परंपरागत वनौषधि प्रशिक्षित वैद्य संघ छत्तीसगढ़ के संयुक्त तत्वाधान में लोक स्वास्थ्य परंपरा संवर्धन कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इसके तहत बिलासपुर में गिलोय, अडूसा, तुलसी, पिपली, अश्वगंधा, कालमेघ, गु?मार, स्टीविया, सहजन, निर्गुणी, ब्राम्ही, घृत कुमारी, मंडूपपर्णी, आंवला तथा सतावर आदि के जीवन रक्षक औषधीय पौधों का वितरण किया जाएगा। वनमंडलाधिकारी बिलासपुर श्री कुमार निशांत ने बताया कि इसका वितरण 13 तथा 14 अगस्त को सुबह 11 बजे से अपरान्ह 4 बजे तक होगा। इन औषधीय पौधों को आसानी से घर के गमलों में लगाया जा सकता है।

# 'जंगली हाथी से सुरक्षा निर्देशिका' पुस्तक का वन मंत्री अकबर ने किया विमोचन

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

वन मंत्री मोहम्मद अकबर ने राजधानी के शंकर नगर स्थित अपने निवास कार्यालय में 'जंगली हाथी से सुरक्षा निर्देशिका' पुस्तिका का विमोचन किया. उन्होंने हाथियों से सुरक्षा और जन जागरूकता के लिए इस निर्देशिका के प्रकाशन पर वन विभाग और वसुंधरा प्रकृति संरक्षण समिति के संयुक्त प्रयास की सराहना करते हुए उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दी।

वन मंत्री अकबर ने इस अवसर पर कहा कि राजधानी रायपुर के वसुंधरा प्रकृति संरक्षण समिति द्वारा प्रकाशित यह सचित्र निर्देशिका निश्चित रूप से 'मानव-हाथी द्वन्द' को कम करने में प्रभावी और कारगर



सिद्ध होगी. उन्होंने अवगत कराया कि वर्तमान में जंगली हाथी प्रभावित क्षेत्रों में जन जागरूकता कार्यक्रमों के तहत विभाग द्वारा अनेक कार्यक्रमों का संचालन किया जा रहा है. जिससे जन- धन और फसल हानि को कम किया जा सके। इस सचित्र निर्देशिका में बताया गया है कि हाथी एक बहुत ही शांत, समझदार और सामाजिक प्राणी होता है।

इनके स्वभाव को समझकर और जन-जागरूकता से मानव-हाथी द्वन्द को कम किया जा सकता है. जहां भी हाथियों की उपस्थिति की सूचना मिले और हाथी विचरण क्षेत्र में टूटे हुए बिजली के खम्भे या बिजली के झूलती हुई तार दिखने की स्थिति में तत्काल वन विभाग एवं बिजली विभाग के अधिकारियों को सूचित करें।

## विश्व हाथी दिवस पर प्रियंका शुक्ला ने साझा किया वीडियो



आज विश्व हाथी दिवस है. इस मौके पर सोशल मीडिया में हाथी से जुड़े कई सारे पोस्ट और वीडियो लोग साझा कर रहे हैं। ऐसा ही एक वीडियो छत्तीसगढ़ में पदस्थ भारतीय प्रशासनिक सेवा की अधिकारी डॉ. प्रियंका शुक्ला ने साझा किया है. इस वीडियो में एक नन्हा हाथी मद-मस्त मलंग होकर खेलता हुआ नज़र आ रहा है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन संचालक प्रियंका शुक्ला वीडियो का साझा करते हुए सिर्फ एक शब्द लिखा है- बचपन. इस वीडियो में हाथी अपनी माँ के साथ और केलों के बीच उछल-कूद करता हुआ नज़र आ रहा है। वास्तव में यह वीडियो बहुत ही प्यारा है. इस वीडियो के जरिए जहाँ उन्मुक्त बचपन को याद किया जा सकता है. वहीं इससे यह भी समझा जाना चाहिए कि इस धरा में वन्यजीवों को भी मनुष्यों की तरह ही उन्मुक्त होकर पूरी आज़ादी के साथ जीने का अधिकार है. लेकिन दुर्भाग्य है कि जंगल तबाह होते जा रहे हैं और वन्यजीव संकट में हैं।

# डीकेएस में न्यूरो वार्ड में लगा फॉल सिलिंग गिरा, कई लोग आए चपेट में

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

डीकेएस सुपर स्पेश्यलिटी अस्पताल में बड़ा हादसा हो गया. हादसे में नर्सिंग स्टॉफ को चोटें आई है. जिसमें दो स्टॉप की हालत गंभीर बताई जा रही है. घायलों का अस्पताल में ही इलाज जारी है. गौरतलब है कि अस्पताल में बारिश का पानी छत से सिपेज हो रहा है. जिसके कारण न्यूरो वार्ड में लगा फॉल सिलिंग गिर गया. राहत की बात है कि हादसे में कोई मरीज हताहत नहीं हुए. लेकिन हॉस्पिटल के



नर्सिंग स्टॉफ को चोटें आई है. दो स्टॉफ की हालत गंभीर बताई जा रही है. लेकिन प्रबंधन हादसे को छुपाने में लग गया है. प्रबंधन द्वारा आनन-फानन में फॉल सिलिंग का फिर से निर्माण कराया जा रहा है।

डीकेएस सुपर स्पेश्यलिटी अस्पताल दो सौ करोड़ की लागत से बनाया गया है. लेकिन अस्पताल खुलने के बाद लगातार कई खामियां उजागर हुई है। गुणवत्ताविहीन निर्माण और भ्रष्टाचार के आरोप लगे हैं. अब इसकी पोल खुलने लगी है. अभी बारिश में छत से पानी टप रहा है. कर्मचारियों को बाल्टी व टब से टपकटे पानी को इकट्ठा करना पड़ रहा है। डीकेएस अस्पताल के आईसीयू वार्ड में पानी का रिसाव हो रहा है. कर्मचारी बाल्टी से टपकते पानी को जमा करते हैं. स्वास्थ्य विशेषज्ञों के मुताबिक, आईसीयू में छोटी सी लापरवाही के चलते मरीज की जान सकती है. निर्धारित मापदंड के तहत आईसीयू का निर्माण किया जाता है. अगर आईसीयू में पानी का रिसाव हो रहा है तो इससे मरीजों में इंफेक्शन खतरा बना रहता है. इससे जान भी जा सकती है.। रजिस्टार एवं उप अधीक्षक हेमंत शर्मा को इस मामले में उनका पक्ष जानने के लिए कई बार कॉल किया गया, लेकिन उन्होंने कॉल रिसीव नहीं किया।

# अधिकारियों की लापरवाही से सरकार को हो रहा 168 करोड़ का नुकसान

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

एक अदद नोटिफिकेशन के न निकाले जाने से सरकार को सालाना 168 करोड़ का नुकसान हो रहा हो तो इसे क्या कहेंगे? अगर ये सिलसिला पिछले दस सालों से चल रहा हो तब क्या इसे विभाग के अधिकारियों की लापरवाही ही मानी जाएगी या उनका नकारापन माना जाएगा। दरअसल, धान खरीदी की प्रक्रिया में मंडी लेबर चार्ज दस साल से नहीं बढ़ाए जाने से ये नुकसान 2010 से हो रहा है. अगर औसत 125 करोड़ सालाना भी माना जाए तो दस साल में करीब 1500 करोड़ करोड़ का नुकसान एक नोटिफिकेशन जारी न होने से हो चुका है।

धान खरीदी में बहुत सारे मदों का भुगतान केंद्र सरकार करती है. इसमें से एक भुगतान है- मंडी लेबर चार्ज. धान खरीदी केंद्र में जो धान आता है -उसे नई बोरी में भरकर तौलना और रंगकर छल्ली लगाना होता है. ये पूरा काम मंडी लेबर करते हैं. जिसके एवज में प्रति क्विंटल उन्हें भुगतान होता है। छत्तीसगढ़ में 2009-10 में एक नोटिफिकेशन द्वारा मंडी लेबर चार्ज 6.02 रुपया निर्धारित किया गया था. उसके बाद इसे बढ़ाया नहीं गया. केंद्र सरकार इसी अनुपात में 10 सालों का महंगाई जोड़कर 6.43 रुपये की दर से भुगतान करती है।

## क्या प्रदेश सरकार नाकामियों की पोल खुलने से डरकर विस में चर्चा के बजाय मुँह चुराने को विवश हो गई : भाजपा

# मानसून सत्र को लेकर भाजपा प्रवक्ता शिवरतन ने प्रदेश सरकार पर दागे तीखे सवाल

■ कोरोना का तो बहाना है, दरअसल सरकार में चर्चा करने व धारदार सवालों का सामना करने का लेशमात्र भी साहस नहीं रहा

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता व विधायक शिवरतन शर्मा ने प्रदेश विधानसभा का मानसून सत्र महज चार दिनों का रखे जाने पर प्रदेश सरकार पर कटाक्ष करते हुए पूछा है कि क्या प्रदेश सरकार अपनी नाकामियों की पोल खुलने से इतनी भयभीत हो गई है कि अब वह विधानसभा में भी चर्चा करने के बजाय मुँह चुराने को विवश हो गई है? श्री शर्मा ने कहा कि हर मोर्चे पर विफल प्रदेश सरकार एक गहरे अपराध-बोध से जूझ रही है, ऊपर से हाल के एक सर्वे ने सरकार और सत्तारूढ़ दल की जमीन खिसका दी है। इतनी कम अवधि का सत्र रखकर सरकार ने साफ कर दिया है कि प्रदेश के हित में कोई सार्थक चर्चा करने को वह तैयार नहीं है।

भाजपा प्रदेश प्रवक्ता व विधायक शर्मा ने कहा कि विधानसभा मे चर्चा करने और प्रतिपक्ष के सवालों का जवाब देने से सरकार डर रही है और इसीलिए वह सिर्फ चार दिनों का सत्र बुला रही है; अन्यथा कोई कारण नहीं है कि सत्र की अवधि इतनी कम रखी जाए। जब सरकार कोरोना संक्रमण के नजरिए से रोज हर विधायक को टेस्ट कराके ही विधानसभा में प्रवेश करने देगी तो फिर यह व्यवस्था तो लंबी अवधि के सत्र के लिए भी संभव थी। शर्मा ने कहा कि प्रदेश को हजारों करोड़ रुपए के कर्ज से लाद चुकी प्रदेश सरकार अपनी तमाम योजनाओं की मिट्टी-पलीद कर चुकी है। कोरोना के मोर्चे पर निकम्मेपन का परिचय दे चुकी है। क्वारेंटाइन सेंटर्स और अब कोविड अस्पताल तक अस्वाभाविक मौत के केंद्र बनते जा रहे हैं। कोरोना की जाँच रिपोर्ट संबंधित संदिग्ध मरीज की मौत के बाद भी नहीं मिल रही है। कोरोना से मृत मरीजों का तीन-चार दिनों तक अंतिम संस्कार तक नहीं किया जा सक रहा है।

भाजपा प्रदेश प्रवक्ता व विधायक शर्मा ने कहा कि कांग्रेस के नेता अब यह कुतर्क करने की



चेष्टा न करें कि पूर्ववर्ती भाजपा शासनकाल में भी विस मानसून सत्र छोटा होता रहा है। उस समय भी विस सत्र कम-से-कम सात दिनों का होता था। और, मानसून सत्र की यह अवधि भी तब इसलिए छोटी होती थी क्योंकि तब बजट सत्र तब कम-से-कम 20-22 बैठकों का होता था लेकिन इस बार तो कोरोना संकट के कारण विस बजट सत्र ही कुल 08-10 बैठकों का ही हुआ था। इसलिए इस बार मानसून सत्र को लंबी अवधि का रखा जाना आवश्यक है ताकि बहुत-से गंभीर और विचारणीय मुद्दों पर सार्थक चर्चा हो सके। शर्मा ने इस बार विधानसभा की कार्यवाही की रिपोर्टिंग के लिए मीडिया को प्रतिबंधित किए जाने पर भी ऐतराज जताया है। प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में बुलाकर मीडिया से चर्चा करते समय जिस कांग्रेस और सरकार को कोरोना का भय नहीं सताता, उसे अब विस में मीडिया की उपस्थिति से किस बात का भय सता रहा है? प्रदेश सरकार वैकल्पिक व्यवस्था कर मीडिया को विस कार्यवाही की रिपोर्टिंग की अनुमति प्रदान करे।

कोरोना की आड़ लेकर चार दिनों का सत्र रखने पर भाजपा प्रदेश प्रवक्ता व विधायक शर्मा ने सवाल किया कि जब सरकार के मंत्री, नेता अपने जन्मदिन का जश्न सैकड़ों लोगों की मौजूदगी में रखते हैं, सरकारी कार्यक्रमों में बिना मास्क पहने मुख्यमंत्री और उनके मंत्री, सत्तापक्ष के जनप्रतिनिधि सोशल डिस्टेंसिंग की धज्जियाँ उड़ाते हैं, प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी पीएल पुनिया निगम-मंडलों में नियुक्ति के नाम पर सियासी ड्रामा रचने जब-तब प्रदेश के दौरे पर आते रहते हैं और सैकड़ों लोगों का हुजूम जब वहाँ उनके इर्द-गिर्द मंडराता है तब उन मौकों पर प्रदेश सरकार को कोविड की गाइडलाइन क्यों याद नहीं आती? श्री शर्मा ने कहा कि कोरोना का तो बहाना है, असल बात यह है कि प्रदेश सरकार बुरी तरह डरी हुई है और प्रतिपक्ष से चर्चा करने व उसके धारदार सवालों का सामना करने का उसमें अब लेशमात्र भी साहस नहीं रह गया है।

भाजपा प्रदेश प्रवक्ता व विधायक शर्मा ने कहा कि कदम-कदम पर कोरोना गाइडलाइन का खुला मखौल उड़ाती सरकार और कांग्रेस विधानसभा में विपक्ष का सामना करने से इसलिए भी डर रही है, क्योंकि यूँ तो प्रदेश सरकार सियासी लफ्फाजियाँ करके झूठे आँकड़ों से प्रदेश को भरमाने में लगी रहती है, लेकिन विधानसभा में प्रदेश सरकार की आँकड़ेबाजी का झूठ जरा भी नहीं चलने वाला है। श्री शर्मा ने कहा कि अपने नाकारापन को ढँकने और प्रदेश के सामने अपने झूठ-फरेब और छलावों के पर्दाफाश से बचने के लिए ही प्रदेश सरकार सिर्फ चार दिनों का विधानसभा सत्र बुलाकर अपनी जिम्मेदारी से मुँह चुराने में लगी है।

## मास्क और सोशल डिस्टेंसिंग के साथ मनाई जाएगी श्रीकृष्ण जन्माष्टमी

**रायपुर।** राजधानी के मंदिरों में श्रीकृष्ण भक्तों ने मास्क और सोशल डिस्टेसिंग का पालन करते हुए भगवान का जन्मदिन सादगी के साथ मनाया।श्रीकृष्ण जन्माष्टमी को लेकर जिला और पुलिस प्रशासन ने राधा कृष्ण मंदिरों के प्रमुखों की बैठक ली. बैठक में प्रशासन ने सरकार के नियमों का पालन करने के निर्देश दिए हैं। एडिशनल एसपी तारकेश्वर पटेल ने बताया कि कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर जो प्रमुख मंदिर है, जहां पिछले वर्ष जन्मोत्सव मनाया जाता था. उन सभी प्रमुख लोगों की बैठक रखी गई थी. जिसमें एसडीएम और पुलिस प्रशासन के लोग भी थे। सेंट्रल गवर्नमेंट का जो ऑर्डर है उसके परिप्रेक्ष्य में सभी से चर्चा की गई है. आम सहमति बनाई गई है कि मंदिर में भीड़भाड़ न रखे. सोशल डिस्टेंसिंग के साथ मास्क और सेनेटाइजर का उपयोग करे. सभी के द्वारा इसमें सहमति जताई गई है।

# मजदूरों को क्वारेंटाइन सेंटर से नहीं छोड़ने पर जवानों ने जमकर हंगामा किया

पायनियर संवाददाता ✓ चारामा
www.dailypioneer.com

कोरोना जॉच की रिपोर्ट 18 दिनों तक भी नहीं आने और 18 दिनों के बाद भी आर्मी और मजदूरों को क्वारेंटाइन सेंटर से नहीं छोड़ने पर जवानों और मजदूरों ने जमकर हंगामा किया। स्वास्थ्य विभाग की बडी लापरवाही का खामियाजा क्वारंटाईन सेंटर मे रहने वाले एंव वहॉ तैनात विभागो के कर्मचारियो को उठाना पड रहा है। उच्च पदो पर बैठे अधिकारी कर्मचारी अपनी जिम्मेदारियो से भागते हुए नजर आये।विदित हो कि विकासखण्ड चारामा के लिए विकासखण्ड स्तर पर क्वारंटाईन सेन्टर ग्राम बाबुकोहका स्थित आई टी आई आश्रम को बनाया गया है ।जहॉ 01 अगस्त से बाहर से आने वाले लोगो को रखा जा रहा है। वर्तमान मे वहॉ मजदुर, आर्मी एंव छात्र कुल 23 लोगो को रखा गया है।इनमे वे लोग भी शामिल है जो 01 अगस्त के पहले अपने गॉव के क्वारंटाईन सेंटरो मे कुछ दिन बीता कर आये है।जिन्हे वर्तमान की स्थिति मे 14 दिन से अधिक 18 दिन बीत चुका है। 02 बार स्वाब टेस्ट होने के बाद भी अभी तक इन लोगो का अभी तक न ही कोई रिपोर्ट आई है।ऐसे मे स्वास्थ्य विभाग बिना रिपोर्ट आये इन्हे क्वांरटाईन सेंटर मे नहीं छोड़ने की बात कह रहा है। इसके अलवा वर्तमान मे 01 अगस्त से ब्लॉक स्तरीय क्वारंटाईन सेंटर शुरू किया गया,उच्च अधिकारी वहॉ रहने वाले लोगो का क्वारंटाईन दिन 01 अगस्त से गिनना शुरू कर रहे है। जबकि उस सेंटर मे 24 जुलाई और 28 जुलाई को अपने अपने गॉवो मे क्वारंटाईन होने वाले लोग भी शामिल है।ऐसे मे इन लोगो को सही मायने मे क्वारंटाईन हुए 18 दिन हो चुके है। लेकिन स्वाब टेस्ट की जॉच रिपोर्ट 18 दिनो बाद भी नही आने से स्थानीय स्वास्थ्य विभाग इन्हे छोड नही रहा है।ऐसे मे सेंटर मे रहने वाले अन्य लोगो को भी इस बात का डर सता रहा है कि 14 दिनो के बाद शायद ही उन्हे छोडा जायेगा। क्योकि वर्तमान मे 23 जुलाई तक स्वाब टेस्ट वालो की रिपोर्ट ही आ पाई है। ऐसे मे 01 अगस्त के बाद जिन लोगो का सैम्पल लिया गया है। उनकी रिपोर्ट आने मे 10 से अधिक दिन का समय लग सकता है।जबकि 01 अगस्त से सभी को क्वांरटाईन हुए 11 दिन हो चुके है,वही पुरे क्वांरटाईन सेंटर मे अव्यवस्था फैली हुई है।

ब्लॉक स्तरीय इस सेंटर मे वर्तमान मे प्रवेश किये 23 लोगो के लिए एक से दो ही टायलेट और बाथरूम है,जिसकी


फाइल फोटो

वर्षो से सफाई नही की गई है और गंदगी पसरी हुई है,सेटर खोलने के बाद पंचायत विभाग की ओर से खाना पुर्ति काम करते हुए बाथरूमो की सफाई कराई गई,जिसकी स्थिति जस की तस बनी हुई है। सेंटर घने जंगल के बीच बना हुआ है। लगातार सेंटरो मे बडे बडे साप आये दिन बाथरूम और कमरो मे घुस रहे है। कमरो मे बिजली और पंखा नही होने से भी वहॉ रहने वाले लोगो को परेशानी हो रही है। सबसे बडी समस्या यह है कि इन सभी समस्याओ से वहॉ रहने वाले लोगो के द्वारा सभी अधिकारी कर्मचारी और उस सेंटर के प्रभारी को अवगत कराया जा रहा है। वावजुद 11 दिन बीतने के बाद भी सेंटर की किसी भी समस्या का समाधान प्रशासन की ओर से नही किया जा रहा है।इन्ही सभी बातो को लेकर मंगलवार को सेंटर मे रूके सभी 23 लोगो ने जमकर हंगामा किया।

सुबह से हो रहे हंगामे को रोकने वहॉ पुलिस बल तैनात किया गया। बीएमओ, सीमएओ, तहसीलदार सभी सेंटर तक पहुॅचे लेकिन पुलिस के अलावा कोई भी जिम्मेदार अधिकारी सेंटर की बाउड्ी के अंदर तक नही घुसा ,न ही वहॉ रूके हुए लोगो से बात चीत की। अपने अपने विभाग के कर्मचारियो से बाहर ही बाहर बात कर सभी अधिकारी रवाना होते गये।आखिरकार छोटे स्तर के कर्मचारियो को भी उन लोगो को समस्याओ के समाधान होने का आश्वासन देकर शांत करना पडा।

वही स्थानीय ग्राम के सरपंच कावडे का कहना है कि अगर शासन प्रशासन का रवैया इतना सुस्त रहा। और इसी तरह हंगामे होते रहे। तो हम पंचायत स्तर पर निर्णय लेते हुए उनके गॉव के क्वांरटाईन सेंटर को बंद करने की मॉग रखेगे। जिसकी जवाबदारी शासन प्रशासन की होगी। वही अभी तक की स्थिति मे स्वास्थ्य विभाग की सबसे बडी लापरवाही सामने आ रही है। 24 जुलाई से आये हुए लोगो का 18 दिन बीतने के बाद भी स्वाब टेस्ट की रिपोर्ट सामने नही आ रही है। जबकि पहले 11 से 12 दिनो मे ही स्वाब टेस्ट की रिपोर्ट दे दी जाती थी। स्थानीय स्वास्थ्य विभाग के अनुसार जगदलपुर जहॉ स्वाब टेस्ट की जॉच होती मे बीते कुछ दिनो पहले कोरोना वायरस फैलने के चलते जॉच लैब को कुछ दिनो के लिए बंद कर दिया गया था।और जैसे ही लैब दुबारा खुली जॉच रिपोर्ट प्रतिदिन के अनुसार दी जाने लगी। अब प्रश्न यह उठता है कि पुरे बस्तर संभाग के सभी जिलो के लिए अभी तक एक ही स्वाब जॉच सेंटर बनाया गया है जहॉ प्रतिदिन सैकडो हजारो टेस्ट पहुॅच रहे है। जबकि आने वाले दिनो मे ऐसा और भी हो सकता है कि फिर से वहॉ कोई कर्मचारी कोरोना पाजिटिव निकल जाये और फिर से लैब को सील करना पडे। ऐसे मे बार बार जॉच प्रभावित होगी।और ऐसा कब तक चलता रहेगा। शासन प्रशासन एक ही लैब पर क्यो निर्भर है। शासन प्रशासन कोरोना के बढते मामलो को देखते हुए प्रत्येक जिलो मे लैब क्यो स्थापित नही कर रहा। ताकि जॉच रिपोर्ट समय पर मिल सके ।और अगर कही कोरोना केस लैब मे आ भी गये तो दुसरे जिले के लैब से सहायता तो ली जा सकेगी। स्वास्थ्य विभाग की यह बहुत बडी लापरवाही है ,शासन प्रशासन को इस ओर जल्द से जल्द ध्यान देने की आवश्यक्ता है।

# लगातार बढ़ रहे कोरोना के मरीज, कोतवाली हुई सील

**एक दिन में निकले 12 मरीज, मरीजों की संख्या 128 पहुंची, 45 केस एक्टिव**




पायनियर संवाददाता ✓ सुकमा
www.dailypioneer.com

कोरोना संक्रमण के मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है। आए दिन कोरोनो के मरीज मिल रहे है। अब मरीजों की संख्या बढ़कर 128 पहुंच चुकी है। और जिसमें जिला मुख्यालय में 25 केस आ चुके है। वही स्वास्थ्य विभाग ने जांच और बढ़ा दी है। साथ ही जिला प्रशासन ने अपील की है कि बिना मास्क के घर से बाहर ना निकले।

जिले में कोरोना के मरीज लगातार बढ़ रहे है। एक ही दिन में जिला मुख्यालय में 12 कोरोना मरीजों मिल है जिसके बाद लोगों में हड़कंप मच गया है। हालांकि इसमें से ज्यादा पुलिस जवान है। वही कोतवाली के जवान को कोरोना पाजिटिव निकलने के बाद कोतवाली को सील कर दिया गया। वही कोतवाली प्रभारी एके नाग ने एतिहात बरतते हुए खुद को होम आईसोलेट कर दिया है। इधर स्वास्थ्य विभाग की और से लगातार कोरोना जांच की जा रही है। अब तक जिले में कुल 128 कोरोना मरीज निकले है। जिसमें से 45 मरीजों का इलाज चल रहा है। इधर स्वास्थ्य विभाग ने कोंटा, दोरनापाल, सुकमा, तोंगपाल में कोरोना जांच करना शुरू कर दिया है। अब तक 5750 लोगो की कोरोना जांच हो चुकी है।



कोरोना संक्रमण को लेकर जांच की गति बढ़ाया गया है। एंटीजन टेस्ट से प्रतिदिन 500 से ज्यादा जांच करने का लक्ष्य रखा गया है। वही जिलेवासियों से अपील है कि मास्क का उपयोग करे और सोशल डिस्टेंस का पालन करे। साथ ही प्रशासन का सहयोग करे।

**- चंदन कुमार** कलेक्टर सुकमा

# एसबीआई शाखा प्रबंधक की पदोन्नति पर व्यापारी संघ ने दी विदाई

पायनियर संवाददाता ✓ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

भारतीय स्टेट बैंक माकड़ी में पदस्थ शाखा प्रबंधक बाल कृष्ण सॉव का पदोन्नति उपरांत स्थान्तरण लोहंडीगुड़ा होने पर व्यापारी संघ और माकड़ी के जनप्रतिनिधियों द्वारा विदाई समारोह रखा गया। स्थानीय वन विभाग के विश्रामगृह में आयोजित सादे समारोह में सॉव जी को तिलक लगाकर और भेंट स्वरूप स्मृति चिन्ह देकर विदाई दी गई।

ज्ञात हो कि बालकृष्ण सॉव शाखा प्रबंधक के रूप में भारतीय स्टेट बैंक माकड़ी में विगत तीन वर्षो से कुशल प्रबंधन का परिचय दिया। इनके व्यवहार से स्थानीय व्यापारी और जनप्रतिनिधियों में एक अलग



पहचान बना ली थी, बैंक व्यापार को भी इन्होंने अपने प्रयासों से बेहतर और सुगम बनाकर प्रत्येक ग्राहको का मन जीत लिया था । उक्त विदाई समारोह में व्यापारी संघ माकड़ी की ओर से विनोद कुमार साहू, लालजी साहू, दीपेंद्र नाग, रोशन सेन के अलावा जनप्रतिनिधियों में बीरेश प्रसाद साहू अध्यक्ष ब्लाक कांग्रेस माकड़ी, हेमलाल बघेल जिला पंचायत सदस्य, रमिला ब्रम्हा मरकाम जिला पंचायत सदस्य, गौतम साहू जनपद उपाध्यक्ष माकड़ी, हेमलाल वट्टी सरपंच माकड़ी व अध्यक्ष सरपंच संघ माकड़ी, रमेश प्रधान अध्यक्ष शिक्षक संघ माकड़ी, भास्कर सोनी प्रशासनिक अधिकारी स्टेट बैंक माकड़ी आकाश महाजन, विजय लाला, कमल उजाला और अन्य ग्रामीण जन उपस्थित थे।

# कोरोना के चलते कृष्ण जन्माष्टमी के पर सामूहिक कार्यक्रम नहीं हुए

पायनियर संवाददाता ✓ किरंदुल
www.dailypioneer.com

वैश्विक महामारी कोरोना का कहर जारी है।इस बीच धूमधाम से मनाए जाने वाले त्यौहार भी इस महामारी के कारण फीके पड़ गए हैं।

गौरतलब है दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा जिले के अंतिम छोर पर अवस्थित प्राकृतिक सुंदरता से भरपूर लौहनगरी किरंदुल जिसे मिनी भारत कहा जा सकता है जहां सभी धर्म एवं जाति के लोग आपसी भाईचारे के साथ प्रत्येक त्यौहार बड़े हर्षोल्लास एवं धूमधाम से मनाते है लेकिन दुर्भाग्यवश इस वर्ष सभी त्यौहार फीकी पड़ती नजर आ रही है।इन सब के बीच कृष्ण जन्मोत्सव के



पावन अवसर पर कोविड 19 को ध्यान में रखते हुए किरंदुल के हृदयस्थल पर स्थित राघव मन्दिर परिसर में मुख्य पुजारी सत्यनेंद्र शुक्ला द्वारा भगवान श्रीकृष्ण जी की पूजा अर्चना कर नगरवासियों एवं देशवासियों की सुख शांति के लिए प्रार्थना की।

कृष्ण जन्माष्टमी के शुभ अवसर पर लोगों द्वारा अपने अपने घरों में नंदलाल श्रीकृष्ण की पूजा अर्चना कर भोग लगाया गया।आपको बता दें प्रत्येक वर्ष श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के शुभ अवसर पर गोविंदाओं द्वारा दही हांडी( मटका फोड़) का आयोजन किरंदुल के अलग अलग स्थानों में किया जाता है लेकिन कोविड 19 संक्रमण के रोकथाम हेतु किसी भी तरह की सामूहिक कार्यक्रम का आयोजन इस वर्ष नहीं किया गया।

# ओटी अटेण्डेंट के लिए आवेदकों को प्रस्तुत करनी होगी अंकसूची

पायनियर संवाददाता ✓ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कोण्डागांव द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार ओ.टी.अटेण्डेंट के रिक्त 02 पदों पर भर्ती हेतु पूर्व में विज्ञापन प्रकाशित किया गया था। जिसके लिए अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित किये गए थे। जिसमें न्यूनतम शैक्षणिक आर्हता 8वीं कक्षा उत्तीर्ण रखी गई थी। जिसमें अधिकांश अभ्यर्थियों द्वारा ग्रेडिंग पद्धति से 8वीं उत्तीर्ण कि अंकसूची आवेदन के साथ संलग्न की गई थी। जिससे अभ्यर्थी द्वारा परीक्षा में प्राप्त पूर्णांक एवं प्राप्तांक ज्ञात नहीं हो पा रहे है। गठित चयन समिति द्वारा निर्णय लिया गया है कि ऐसे अभ्यर्थी जिन्होंने ग्रेडिंग पद्धति की अंकसूची प्रस्तुत की है वे अपने सम्बधिंत विद्यालय के प्रधानाध्यापक से 8वीं उत्तीर्ण की पूर्णांक एवं प्राप्तांक का प्रमाण पत्र प्राप्त कर उसे विज्ञप्ति के प्रकाशित होने के सात दिवस के अंदर कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कोण्डागांव में स्वयं उपस्थित हो कर प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें।

# एआईएसएफ ने मनाया 85वां स्थापना दिवस

- आल इंडिया स्टूडेंटस फेडरेशन के कार्यकर्ताओं ने ध्वजारोहण किया

पायनियर संवाददाता ✓ सुकमा
www.dailypioneer.com

आल इंडिया स्टूडेंटस फेडरेशन ने अपना 85 वां स्थापना दिवस बडे धूम-धाम से मनाया गया। एआईएसएफ के कार्यकर्ताओं ने सोशल डिस्टेंस का पालन करते हुए मास्क लगाकर कार्यक्रम का आयोजन किया। जिसमें कार्यकर्ताओं ने ध्वजारोहण कर सलामी दी। बुधवार को एआईएसएफ (आल इंडिया स्टूडेंटस फेडरेशन)



का 85 वां स्थापना दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें सभी कार्यकर्ताओं ने ध्वजारोहण किया गया। साथ ही संगठन के द्वारा किए गए कार्यो का उल्लेख किया गया। प्रदेश अध्यक्ष महेश कुंजाम ने बताया कि 12 अगस्त 1936 को आजादी की लड़ाई के बीच लखनउ के गंगा मेमोरियल में एक सम्मेलन का आयोजन किया गया और एआईएसएफ का गठन किया गया। इस सम्मेलन में मोहब्बत अली जिन्ना ने अध्यक्षता की और पंडित जवाहर लाल नेहरू ने ध्वजारोहण किया। उसके बाद आल इंडिया स्टूडेंस फेडरेशन ने आजादी की लडाई में खुलकर सामने आया और पुरजोर संघर्ष कर लड़ाई में मुख्य भूमिका अदा की। कार्यक्रम में जिले के समस्त कार्यकर्ता मौजूद थे।

आल इंडिया स्टूडेंस फेडरेशन हमेशा से जनता के हित में कार्य किए है। छात्र हो या युवा उनकी समस्याओं को लेकर व हक की लड़ाई संगठन लड़ता आया है। और आगे भी इसी तरह छात्र व युवाओं की लड़ाई जारी रहेगी।

**- महेश कुंजाम** प्रदेश अध्यक्ष एआईएसएफ

# सोनाबाल की आंगनबाड़ी कार्यकर्ता रेवती वैध को मिला 'चैंपियन ऑफ चेंज' सम्मान

- कार्यकर्ता के सराहनीय प्रयास से केन्द्र के सभी बच्चे हुए सुपोषित

पायनियर संवाददाता ✓ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

ग्राम सोनाबाल चालानपारा-2 के आंगनबाड़ी केन्द्र में कार्यरत् आंगनबाड़ी कार्यकर्ता रेवती वैध के सराहनीय कार्यो को सम्मानित करते हुए आज कलेक्टर पुष्पेन्द्र कुमार मीणा द्वारा आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को 'चैंपियन ऑफ चेंज' अवॉर्ड से सम्मानित किया गया।



उल्लेखनीय है कि रेवती द्वारा कुपोषण को दूर करने के लिये क्षेत्र में निरंतर प्रयास किये गये जिसके तहत् वे नियमित रूप से हितग्राहियों के घरों में जाकर सर्वे करती थीं। किसी हितग्राही का स्वास्थ्य ठीक न होने पर उन्हें अपने स्तर पर चिकित्सालय पहुंचाने का प्रयास किया जाता है साथ ही मातृ वंदना योजना के तहत् पात्र हितग्राहियों को इनके प्रयास से शत् प्रतिशत लाभ दिलाया गया।

**कुपोषित बच्चों को इनके प्रयास से सुपोषण स्तर पर लाया जा चुका है :** केन्द्र के क्षेत्रान्तर्गत सभी कुपोषित बच्चों को इनके प्रयास से सुपोषण स्तर पर लाया जा चुका है। जिसमें की एक गम्भीर कुपोषित बच्चा भी शामिल है। सोनाबाल का चालानपारा-2 में स्वच्छता एवं केन्द्र सज्जा भी इनके द्वारा अच्छी तरह की गई है साथ ही विभाग द्वारा दिये गये निर्देशों का पालन, पंजीयों रख-रखाव व संधारण की प्रशंसा कलेक्टर द्वारा भी की गई। रेवती द्वारा केन्द्र के बच्चों की जरूरत का सामान भी स्वयं के व्यय द्वारा प्रदान किया जाता रहा है।

**ग्रामीण मिले कलेक्टर से, नहीं हुआ समाधान तो भेजा पत्र राज्यपाल व सीएम को**

# प्रस्तावित जमीन की बजाए आदिवासी की जमीन में ग्राम पचायत भवन निर्माण का विरोध

पायनियर संवाददाता ✓ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

ग्राम पंचायत भवन हेतु सर्वसम्मति से प्रस्तावित, पटवारी से नक्शा बनाने के बाद तकनिकी अधिकारी द्वारा ले आउट देने पर नींव खोदे जा चुके जमीन की बजाए, एक आदिवासी के पट्टे की जमीन में ग्राम पंचायत भवन निर्माण किए जाने का विरोध करते हुए, लामबंद होकर बादालूर के ग्रामीण कोण्डागांव कलेक्टर से मिलने पहुंचे। वर्तमान में निर्माण कराए जा रहे, स्थान पर ही ग्राम पंचायत भवन बनाने देने की बात कहने से नाराज होकर सरपंच सहित बादालूर वासियों द्वारा छ.ग. राज्य के राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री छ.ग. शासन को पत्र भेजने का एक मामला सामने आया है।

ज्ञात हो कि तहसील एवं जिला कोण्डागांव के अंतर्गत आने वाले ग्राम बादालूर की सरपंच श्रीमति



हेमलता कोर्राम, पारेश्वर कोर्राम, उलेश्वर कोर्राम, पदम सिंह कोर्राम, भोमेश्वर कोर्राम, राजेश कोर्राम, गनूराम कोर्राम, धनीलाल यादव आदि सहित अन्य ग्रामवासियों ने जिला मुख्यालय में पहुंचकर एवं कलेक्टर कोण्डागांव से मिलने के बाद भी समस्या का समाधान नहीं होने पर प्रेस प्रतिनिधियों से मिलकर मामले की जानकारी देते हुए, बताया कि वे सभी 10 अगस्त को कलेक्टर से मिलने पहुंचे एवं सर्वसम्मति से प्रस्तावित जमीन की जगह बिना हिस्सा बंटवारा हुए, आदिवासी परिवार की संयुक्त पट्टे की जमीन जिस पर, उक्त परिवार के रघुराम कोर्राम पिता पिलसाय कोर्राम द्वारा आपत्ति भी किया जा चुका है। की पट्टे की जमीन में निर्माण किए जा रहे ग्रा.पं.भवन के निर्माण पर तत्काल रोक लगाने के लिए न्यायिक शुल्क लगा लिखित आवेदन दिया, जिस पर कलेक्टर द्वारा हमारी बात तो सुनी गई, लेकिन साथ ही हमें यह हिदायत भी दिया गया कि हम वर्तमान में निर्मित कराए जा रहे जगह पर ही ग्रा.पं.भवन का निर्माण होने दें।

## ग्राम बादालूर में सरपंच, पंच, ग्राम पटेल, पुजारी की उपस्थिति में बैठक

ग्राम बादालूर को नवीन ग्रा.पं.बनाए जाने और शासन से भवन निर्माण की स्वीकृति मिलने के बाद ग्राम बादालूर में सरपंच, पंच, ग्राम पटेल, पुजारी आदि सहित अधिकांश ग्रामीणजनों की उपस्थिति में बैठक आयोजित करने और सर्वसम्मति से ग्राम बादालूर बस्ती के अंदर मध्य में खाली सरकारी जमीन में भवन निर्माण करने का प्रस्ताव जारी करने हेतु स्थल चयन करने और हल्का पटवारी द्वारा चयनित स्थल का नक्शा तैयार करने व तकनिकी अधिकारी द्वारा ले आउट देने के बाद नींव खोदी गई, जगह को बदलकर बस्ती से बाहर सुनसान जगह पर और वह भी विवादित आदिवासी किसान के पट्टे की जमीन में ग्राम पंचायत भवन का निर्माण कराए जाने पर वैसे ही बादालूर वासियों में आक्रोश है। उनमें यह आक्रोश इसलिए भी उत्पन्न हुआ है क्योंकि आपत्ति करने वाले कई ग्रामीणों को विगत कुछ दिन पूर्व पुलिस थाना मर्दापाल में एक पहर तक बिठाकर रखा गया।

## स्थानीय विधायक ने कहा उनके नौकर नहीं : ग्रामीण

ग्राम बादालूर वासियों ने आगे जानकारी देते हुए बताया है कि नारायणपुर विधायक चंदन कष्यप से उक्त मामले की शिकायत करने पर उनका कहना है, कि वे उनके नौकर नहीं हैं। इसी तरह पट्टेदार किसान द्वारा अपने पट्टे की जमीन होने संबंधी पट्टे को सबूत को दिखाने पर एसडीएम कोण्डागांव के द्वारा आदिवासी किसान के पट्टे को फेंक दिया गया। वहीं वर्तमान में पुलिस जवान की सुरक्षा में ग्राम पंचायत भवन का निर्माण कराए जाने आदि की जानकारी बादालूर वासियों के द्वारा प्रेस प्रतिनिधियों को दिया गया।

## शासकीय व प्रशासनिक प्रश्नचिन्ह लेकिन ऐसे प्रश्नों का जवाब देगा कौन ?

ज्ञात हो कि पांचवी अनुसूची घोषित क्षेत्र होने के बाद भी ग्राम पंचायत बादालूर में होने वाले निर्माण कार्य को रोकना या स्थान का परिवर्तन करना सरपंच एवं ग्रामवासियों के हाथों में न होना, कलेक्टर से शिकायत करने के बाद भी कोई सुनवाई न होना। इसी तरह विधान सभा स्तरीय संबंधित नारायणपुर विधायक जैसे जनप्रतिनिधि द्वारा ग्रामीणजनों की भवनाओं के अनुरुप मामले का समाधान करने की बजाए यह कहना कि मैं किसी का नौकर नहीं, आपत्ति के बाद भी आदिवासी किसान के पट्टे की भूमि पर जबरन भवन निर्माण कराया जाना आदि बातें जिले में चल रही वर्तमान शासकीय व प्रशासनिक व्यवस्था पर बहुत सारे प्रश्नचिन्ह खडे कर देने वाले हैं ? लेकिन प्रश्न यह उठता है कि ऐसे प्रश्नों का जवाब देगा कौन?

# इंग्लिश मिडियम स्कूल में 15 जुलाई से शुरू होनी थी वर्चुअल क्लास, अभी तक शिक्षकों की भर्ती ही नहीं हुई

दिलीप माहेश्वरी ➤ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

जिले के एकमात्र सरकारी अंग्रेजी माध्यम के स्कूल में पढ़ने व पढ़ाने हेतु इस वर्ष नए स्टाफ दोनों के लिए आवेदन मंगाए गए थे कक्षा पहली से आठवीं तक विद्यार्थियों के छात्रो की चयन सूची जारी कर दी है, मगर शिक्षकों की भर्ती प्रक्रिया पूरी नही हो पाई है जिसके कारण यहा बच्चों की पढ़ाई काफी पिछड़ गई है। रिक्त पदों की भर्ती के लिए की स्वीकृति मिलने के बाद शिक्षा विभाग द्वारा बलौदाबाजार जिले के अंग्रेजी माध्मय मनोहर दास वैष्णव स्कूल में शिक्षकों के 25 पदो के लिए 13 जुलाई तक आवेदन मंगाए गए थे।

जिले में इस वर्ष से मनोहर दास वैष्णव स्कूल में अंग्रेजी माध्यम की पढ़ाई शुरू होनी है जहा रिक्त पदों के लिए संविदा व प्रतिनियुक्ति के तहत पद भरे जाने है। शिक्षित बेरोजगारो ने जमकर इन पदो के लिए आवेदन किया है बोरी भर भर कर आवेदनो को पोस्ट आफिस से शिक्षा विभाग पहुंचाया भी गया इसी का नतीजा है कि सिर्फ 25 पद हेतु 2020 आवेदन विभाग को प्राप्त हो चुके है भारी मात्रा में आवेदन मिलने के बाद उनका छटनी व कम्प्यूटर में एंट्री का कार्य चल रहा है। पढ़ाने के लिए भारी संख्या में पहुंचे आवेदनो को देखकर जिले में शिक्षित बेरोजगारो की स्थिति का अंदाजा लगाया जा सकता है। पदो के लिहाज से देखे तो औसतन एक पद हेतु 80 आवेदन मिले है सबसे कम सामाजिक विज्ञान विषय के लिए 21 आवेदन तथा प्रयोगशाला पद के लिए सबसे अधिक 395 आवेदन विभाग को प्राप्त हुए है।

ज्ञात हो कि अंग्रेजी माध्यम के स्कूलों में शिक्षकों की भर्ती के लिए वेतन भी तय कर दिया गया है। इसमें व्याख्याता के लिए 38 हजार 1 सौ रुपए, शिक्षक के लिए 35 हजार 4 सौ रुपए और सहायक शिक्षक के लिए 25 हजार 3 सौ रुपए निर्धारित किया गया है। अधिकारियों ने बताया कि इन शिक्षकों को वेतन विद्यालय की संचालन समिति प्रदान करेंगी, लेकिन समिति को फंड शासन की ओर से दिया जाएगा।



लॉकडाउन की वजह तथा अधिक आवेदन मिलने से दिक्कत आई थी जल्द से जल्द प्राप्त आवेदनो की छंटनी कर शिक्षको की नियुक्त सूची जारी कर दी जाएगी।

**-सीएस ध्रुव,** डीईओ, जिला बलौदाबाजार।

### 15 जुलाई से प्रारंभ होनी थी कक्षाए

अंग्रेजी माध्यम के विद्यालय में 15 जुलाई से वर्चुअल कक्षाएं प्रारंभ हो जानी चाहिए थी मगर बीस दिन बीतने के बाद भी कक्षाएं शुरू नही हो सकी है, द्रुत गति से व्यवस्था पूरी होने पर अगस्त माह के बाद कक्षाएं प्रारंभ हो पाएगी। ऑनलाइन क्लास के लिए स्कूल में एक हाई ब्रॉडबेंड का इंटरनेट कनेक्शन या ऑप्टिकल फायबर का इंटरनेट लगाया जाना है। इसके पश्चात विद्यालय के भीतर आंतरिक वायरिंग करके प्रत्येक कक्षा में पृथक वाई-फाई राउटर लगाने है जिससे शिक्षक अपनी-अपनी कक्षाओं से वर्चुअल क्लास लेंगे। टाइम-टेबल विद्यार्थियों व उनके पालको को वाट्सअप आदि से सूचित किए जाने की व्यवस्था की जानी है मगर शिक्षको की भर्ती प्रक्रिया में हो रहे विलंब के कारण बच्चों की पढ़ाई पिछड़ गई है।

### बेहतर अधोसरंचना होगी

प्रमुख सचिव स्कूल शिक्षा ने सभी जिला कलेक्टरो से कहा था कि अंग्रेजी माध्यम स्कूलों के लिए शिक्षकों की व्यवस्था की कार्रवाई जल्द पूर्ण कर ली जाए। जिससे जुलाई माह मे वर्चुअल क्लास के रूप में प्रारंभ की जा सके। अंग्रेजी माध्यम स्कूलों में निजी स्कूलों से बेहतर स्तर की अधोसंरचनाएं विकसित की जाएं। इसके लिए विशेष रूप से कक्षा के फर्नीचर, प्रयोगशाला, उपकरण और पुस्तकालय की अधोसंरचना और अच्छी पुस्तकों की सूची महत्वपूर्ण है।

पहली से आठवीं तक के विद्यार्थियों के 305 सीटें के लिए 636 आवेदन मिले थे तथा हाईस्कूल में बच्चों कम रूची के चलते 9वीं से 12वीं तक के लिए 74 आवेदन प्राप्त हुए है। अंग्रेजी मीडियम स्कूल के लिए अंग्रेजी मीडियम के शिक्षकों के अलावा कुछ विषयों के लिए हिन्दी माध्यम को भी आमंत्रित किया गया है। शिक्षकीय पदो के लिए आवेदनो में अंग्रेजी माध्यम से कहीं ज्यादा हिन्दी मीडियम के शिक्षक पद के लिए शिक्षित बेरोजगार युवक युवतियों ने फार्म भरे है।

# तेज रफ्तार ट्रेलर ने साइकिल सवार को चपेट में ले लिया

पायनियर संवाददाता ➤ तिल्दा नेवरा
www.dailypioneer.com

नगर में भारी वाहनों की तेज रफ्तार से आये दिन दुर्घटना आम बात हो गयी है। आज ऐसा ही मामला नगर के सुभाष चौक में हुआ जब एक तेज रफ्तार ट्रेलर ने सायकल चालक को अपनी चपेट में ले लिया।

एचटीसी ट्रांसपोर्ट कम्पनी का ट्रक क्रमांक सीजी 07 बी ई 9712 ने सुभाष चौक के पास से गुजर रहा था जहां उसने सायकल सवार राहगीर को चपेट में ले लिया। वाहन लोड बताया जा रहा था। दुर्घटना में शिकार व्यक्ति हमाली कार्य करने वाला बताया जा रहा है। जो की आज बुधवार बाजार होने के कारण सब्जी खरीदकर घर वापस लौट रहा था। और ट्रेलर वाहन की चपेट में आने से दुर्घटनाग्रस्त हो गया।

घटना की जानकारी मिलने के बाद तिल्दा पुलिस मौके में पहुच कर घटना में शिकार हुए राहगीर जो ट्रेलर में फंसा हुआ था, उसे आसपास के लोगो के साथ मिलकर बाहर निकाला और हास्पिटल रिफर किया गया। भारी वाहनों की गति पर लगाम लगाने उठी मांग। भाजपा मंडल अध्यक्ष विष्णु शर्मा ने इस मामले की निंदा करते हुए तेज रफ्तार वाहनों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है। नगर में सभी तरफ भारी वाहन तेज गति से चलते है जिससे आये दिन दुर्घटना होती रहती है। शर्मा ने सभी वाहन मालिकों को अपने चालको से नियंत्रित गति से वाहन चलाने निर्देशित करने की बात कही।

सुभाष चौक में रविवार व बुधवार बाजार लगता है, ऐसे में आये दिनों की अपेक्षा भीड़ ज्यादा रहती है। आस पास के राहगीरों व रहवासियों ने बताया कि इस मार्ग में सुबह से रात तक बड़े बड़े ट्रेलर, हाइवा, ट्रक जैसे भारी वाहन जो कोयला सहित अन्य वस्तुओं का परिवहन करते है। इनकी गति अनियंत्रित होती है। इन्होंने स्थानीय प्रशासन से इन भारी वाहनों की गति को नियंत्रित करने हेतु कार्यवाही की मांग की है।

उक्त घटना की जांच की जा रही है, दुर्घटना में शिकार व्यक्ति को सुरक्षित निकाल कर उपचार के लिए अस्पताल भेज दिया गया है साथ ही उक्त ट्रेलर व ड्रायवर को पुलिस थाना ले गया है। सीसीटीवी कैमरों के जरिये घटना से सम्बंधित जानकारी मिलने के बाद आगे कार्यवाही की जाएगी।

**-शरद चंद्रा,** थाना प्रभारी तिल्दा नेवरा

# 18 जंगली हाथियों 3 एकड़ की फसल को नष्ट कर दिया

पायनियर संवाददाता ➤ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

यहां से 45 किलोमीटर दूर पिथौरा से 12 किलोमीटर छत्तीसगढ़ अंचल की पर्यटन स्थल बारनवापारा अभ्यारण आश्रित ग्राम हरदी के रहने वाले शंकर प्रधान पिता उदय राम प्रधान की खेत में आज की बीती रात को 18 जंगली हाथियों द्वारा धान की फसल को खाकर तथा पैरों से रौंदकर किसान की 3 एकड़ जमीन की फसल को पूरी तरह से नष्ट कर दिया है जिससे किसान हताहत हो गया है जिसकी सूचना वन विभाग के



कर्मचारियों को लिखित रूप में आवेदन दिया गया है अभी तक वन मंडल के द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की गई है।

# कर्मचारियों की पुरानी पेंशनी बहाली के लिए अगस्त क्रांति की शुरूआत

पायनियर संवाददाता ➤ अभनपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ अंशदायी पेंशन कर्मचारी कल्याण संघ एन.एम.ओ. पी.एस. के बेनर तले प्रदेश के कर्मचारियों के लिए पुरानी पेंशन बहाली अभियान कार्यक्रम के तहत एन.पी.एस. छत्तीसगढ़ छोड़ो पुरानी पेशन के लिए कर्मचारी जगाओ अभियान के प्रदेश अध्यक्ष राकेश कुमार सिंह एवं टीम द्वारा पूरे छ.ग.राज्य में चलाया जा रहा है । जिसके माध्यम से गतदिनों को जिला रायपुर के ब्लाक अभनपुर में अगस्त क्रांति की शुरूआत प्रदेश महामंत्री तारकेश्वरनाथ एवं प्रदेशकोषाध्यक्ष डॉ. आर.के भारद्वाज के मार्गदर्शन एवं सहभागीता तथा रायपुर जिलाध्यक्ष भूपेन्द्र प्रतात सिंह एवं जिलाउपाध्यक्ष चन्द्रशेखर नेताम संभाग प्रभारी प्रदीप साहू रायपुर



सहसचिव ,कमल चन्द्राकर ब्लाक अध्यक्ष अभनपुर, रनजीत भारती, ब्लाक सचिव युगल किशोर साहू, लाकेश हिरवानी, नरेन्द्र बंजारे, योगेन्द्र वर्मा, आरंग ब्लाक अध्यक्ष लीलाधर पटेल, महासचिव एवन बंजारे शामिल हुए जिलाध्यक्ष भूपेन्द्र प्रांतप सिंह के नेतृत्व में पुरानी पेशन बहाली के लिए कार्यक्रम प्रारंभ किया गया है । इस तहत सर्वप्रथम कलेक्टोरेट परिसर के टाउन हाल स्थित गांधी प्रतिमा के समक्ष आरती एवं माल्यार्पण कर देश को अंग्रेजो के गुलामी से आजादी दिलाने वाले शहीदो को नमन कर याद किया गया एवं न्यू पेशन योजना से आजादी के लिए कर्मचारियों को मुक्ति दिलाने का संकल्प लिया गया । अभनपुर ब्लाक में मल्यार्पण के पश्चात महामंत्री तारकेश्वरनाथ ने बताया कि नई पेंशन योजना पूर्ण रूप से कर्मचारी विरोधी एवं बुढापे मेरेटिमेंट के बाद सामाजिक सुरक्षा किसी भी तरह की कोई गारंटी प्रदान नहीं करता । एन.पी.एस. केवल सामंतवादी रियासतीकरण व्यवस्था को पुनः बढावा देने वाला एवं सरकार को कर्मचारी के प्रति जिम्मेदारी से पिछे भागने वाली योजना है इसलिए जिस तरह वर्तमान प्रदेश सरकार में अपने जन घोषणा पत्र 2018 में कर्मचारियों की पुरानी पेंशन लागू करने का वादा किया है उसे तत्काल पूर्ण करने की जरूरत है । साथ ही निजीकरण एवं निगमिकरण पर तत्काल रोक लगाने का मांग की है । डॉ. भारतद्वाज ने बताया कि नई पेंशन योजना पूर्ण रूपेण बाजार आधारित है जिसमें सरकार और कर्मचारी दोनो के अंशदान के रूप में सालाना 4360 करोड रू. की अधिक राशि एन.पी.एस. में लगाया जा रहा है । जो कि एक जुए में लगाए गए पैसे की तरह है जिसमें प्राप्ि नजर तो आता है लेकिन रिटायरमेंट के बाद हाथ में कुछ नहीं मिल रहा है अभी जो भी कर्मचारी एन.पी.एस. के तहत रिटायर हुए है उनको बमुश्किल 1500 से 3000रू. मासिक पेंशन मिल रहा है । इससे न घर चल सकता है न ही रिटायर हुए कर्मचारी का खर्च चल सकता है उससे भी ज्यादा तकलीफतब कर्मचारी को होता है जब उनको सेवाकाल के दौरान पैसे की जरूरत पडती है तब एन.पी.एस. से पैसा निकालपाना यानी भागीरथी प्रयास करना है ।

# हर हाथ में पीडीएस राशन पहुंचाने वाले कोरोना योद्धाओं का नहीं हुआ सम्मान

## लॉकडाउन में जब सब कुछ बंद था, तब खाद्य और नागरिक आपूर्ति निगम के अधिकारी- कर्मचारियों ने गांव गांव तक पहुंचाया था राशन

पायनियर संवाददाता ➤ सरसीवां
www.dailypioneer.com

लॉकडाउन के दौरान हर हाथ में पीडीएस राशन पहुंचाने वाले कोरोना योद्धा बलौदाबाजार जिले के बिलाईगढ़ विकास खंड के खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति निगम के अधिकारी व कर्मचारियों को किसी तरह का सम्मान नहीं मिला। जहां एक तरफ पुलिस लोगों को घरों में रोक रही थी वही डॉक्टर संक्रमितो का इलाज कर इस महामारी से लड़ रहे थे। उसी तरह लॉकडाउन में सब कुछ बंद था तब बिलाईगढ़ खाद्य और नान के अधिकारीयो कर्मचारियों ने गांव- गांव में अनाज पहुचाने का काम किया था। अनाज की बोरियों को उठाने हमाल वर्ग ने भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। लेकिन इन योद्धाओं को न तो



कोई सम्मान नही मिल सका और न तो इनकी कभी चर्चा हुई। कोरोना संक्रमण को लेकर सरकार ने 22 मार्च से ही लॉकडाउन कर दिया था। शहर समेत गांव गांव में लोग संक्रमण से बचने अपने गांव को बैरिकेड लगाकर बाहरी लोगों के आने-जाने पर रोक लगा दिए थे। लॉकडाउन के दौरान किसी को भी अनाज की दिक्कत ना हो इसके लिए सरकार के निर्देश पर खाद्य विभाग और नागरिक आपूर्ति निगम ने जी तोड़ मेहनत की। लॉकडाउन में कोई भूखा ना रहे इसके लिए सरकार ने कभी दो माह का अनाज तो कभी अतिरिक्त अनाज की योजना चलाई थी।

ऐसे में सैकड़ों राशन दुकान तक सुरक्षित अनाज पहुंचाना भी एक अहम जिम्मेदारी थी। लॉकडाउन में अनाज की बोरियों को ट्रकों में डालना और उसे दुकानों में उतारने की समस्या बढ़ गई थी। उस दिन हमाल भी इस काम के लिए तैयार नही थे। कोरोना के संक्रमण को लेकर एक ओर पुलिस का जबरदस्त पहरा था तो वही नगर समेत गांव गांव की पीडीएस दुकान तक अनाज पहुचाने की जिम्मेदारी भी काफी कठिन था। लेकिन बिलाईगढ़ नागरिक आपूर्ति निगम के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने इसे चैलेंज के रूप में लिया। दिन और रात कर जगह-जगह से हमालो व्यवस्था की। समय पर अनाज दुकानों तक पहुँचे इसके लिए रात भर जाग कर निगरानी भी की। इसी तरह अनाज दुकानों तक राशन पहुँचने और उसके वितरण को लेकर खाद विभाग की टीम ने भी जबरदस्त योगदान दिया।

**श्रमिकों तक भी राशन पहुंचाने में अहम रोल :** 2 माह के अनाज का वितरण सही समय में सुनिश्चित करने के साथ बाहर से आने वाली श्रमिकों की लिस्ट तैयार कर उन तक राशन पहुंचाने में अहम रोल अदा किया। इस दौरान खाद्य नागरिक आपूर्ति निगम के लोगों ने कोरोनावायरस की परवाह नहीं की। लेकिन लॉकडाउन में इन्हें कोरोनावायरस का सम्मान नहीं मिल सका। ना ही उनके काम की कभी चर्चा हुई। आज पुलिस, डॉक्टर, शिक्षक को तो सम्मान मिला लेकिन हर हाथ को अनाज पहुंचाने वालों को लोग भूल बैठे। हालांकि सरकारी अनाज को समय-समय पर पहुंचाने वाले अफसरों और कर्मचारि इस बात से संतुष्ट है कि भले ही उन्हें कठिनाई हुई लेकिन वह सही समय पर अनाज पहुंचाने में कामयाब रहे।

# कार्यालय उद्घाटन में पहुंचे विधायक धर्मगुरु

**तिल्दा नेवरा।** कृष्ण जन्माष्टमी के शुभअवसर पर तिल्दा नेवरा में युवा नेता आदर्श अग्रवाल के कार्यालय का उद्घाटन हुआ जिसमें प्रमुख रूप से बलौदाबाजार विधायक प्रमोद शर्मा पम्मु, धर्मगुरु खुशवंत साहेब, पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष महेश अग्रवाल, सभापति प्रदीप अग्रवाल के द्वारा फीता काट कर कार्यालय का शुभारंभ किया । इस अवसर पर प्रमुख रूप से ओम प्रकाश ठाकुर, सौरभ सिरमौर, मनीष शर्मा, जीतू माधवानी, मिनेश नायक, देवेंद्र यदु गौरव अग्रवाल, अंकित अग्रवाल , बंटी अग्रवाल, सनी केशरवानी, मोहित शर्मा, कान्हा अग्रवाल, सचिन कुंदानी, सृजन सोनी आदि युवा साथीगण उपस्थित थे ।

# तिल्दा ब्लॉक ग्रामीण एवं शहर एनएसयूआई का विस्तार

पायनियर संवाददाता ➤ तिल्दा नेवरा
www.dailypioneer.com

एन. एस. यू.आई प्रदेश अध्यक्ष आकाश शर्मा के निर्देशानुसार रायपुर जिला अध्यक्ष अमित शर्मा की सहमति से अनिल सिंह रायपुर जिला उपाध्यक्ष के नेतृत्व में तिल्दा ब्लॉक ग्रामीण एवं शहर एन. एस. यू.आई संगठन का विस्तार किया गया। जिसमें एन. एस. यू.आई तिल्दा ग्रामीण ब्लॉक अध्यक्ष-राकेश कुमार वर्मा, ब्लॉक अध्यक्ष शहर-विवेक वर्मा, ब्लॉक उपाध्यक्ष ग्रामीण-टिकेश्वर कुमार साहू, ब्लॉक उपाध्यक्ष शहर-सागर कश्यप,ब्लॉक महासचिव ग्रामीण-भानुप्रताप साहू, ब्लॉक महासचिव शहर-आकाश सिरमौर, ब्लॉक सचिव ग्रामीण-निखिल वर्मा,ब्लॉक सचिव शहर-दीपेश नागरीय नियुक्त पदाधिकारी को बधाई, राज्यसभा सांसद प्रतिनिधि रवि वर्मा,जिला कांग्रेस अध्यक्ष ग्रामीण उधोराम वर्मा, प्रदेश महामंत्री कांग्रेस राम गिंडलानी,नगर पालिका अध्यक्ष लेमिक्षा गुरु डहरिया, ब्लॉक अध्यक्ष शहर सुनील सोनी,ब्लॉक अध्यक्ष ग्रामीण देवेंद्र वर्मा,पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष महेश अग्रवाल, तिल्दा नगर पालिका सभापति लक्ष्मीनारायण वर्मा, पूर्व नेताप्रतिपक्ष सोनू मरखण्डे, सभापति देवा दास टंडन, युवा कांग्रेस ब.बा वी. अध्यक्ष ओमप्रकाश ठाकुर, पार्षद ननरोत्तम यदु,सगुनी उपसरपंच रजत कश्यप, सौरभ सिरमौर, नीरज राठी,संतोष वर्मा , प्रमोद वर्मा, कृष्णकांत वर्मा, भूपेंद्र सेन, खिलेंद्र, जवाहर साहू, डुमेश ,सचिन,निखिल मांडले, योगेंद्र, दीपक वर्मा कुंदरू वाले ने बधाई दी।

## 15 अगस्त को पूरे जिले में होगा गढ़कलेवा का शुभारंभ, कलेक्टर ने चखा स्वाद

# कलेक्टोरेट परिसर के पीछे पुराने केंटिंन में खुलेगा गढ़कलेवा, शुभारंभ को लेकर चल रही तैयारियां

पायनियर संवाददाता ➤ महासमुंद
www.dailypioneer.com

अगर आप छत्तीसगढ़ी व्यजन खाने के शौकिन है, तो आपको ये जगह बहुत पसंद आएगी। यहां अगामी 15 अगस्त के बाद छत्तीसगढ़ के सारे परंपरागत व्यजन फरा, चिला, चौसेला, भजिया सहित अन्य नाश्ता मिलेंगा। जिला मुख्यालय के कलेक्टोरेट परिसर के पीछे पुराने केंटिन में प्रशासन द्वारा गढ़केलवा खोलने की तैयारी की जा रही है। इसका संचालन दिव्यांगों द्वारा बनाएं गए अभिनव स्व सहायता समूह करेंगे है। इसमें दिव्यांग महिलाएं व पुरुष शामिल है। गढ़ कलेवा शुभारंभ के पूर्व मंगलवार को समूह के द्वारा व्यंजनों की टेंस्टिंग भी कराई गई। इसमें कलेक्टर व अन्य अधिकारयों ने समूह द्वारा बनाए गए व्यंजनों का स्वाद भी चखा है। अब इसकी शुरुआत जल्द ही होने वाली है। छत्तीसगढ़ी व्यंजनों के साथ सुखा नाश्ता भी उपलबध रहेगा। एसडीएम सुनील चंद्रवंशी ने बताया कि जिला परिसर के पिछे पुराने केंटिन को गढ़कलेवा के रूप में विकसित किया जा रहा है। इसका संचालन दिव्याग समूहों को दिया गया है। यहां ये समूह गढ़कलेवा का संचालन करेंगी। प्रशासन द्वारा पूरी व्यवस्था कराई गई है। इधर, समूह की अध्यक्ष हेमा पटवा ने बताया कि इनमें आठ सदस्य है। जिसमें छह महिलाएं व दो पुरुष है। सदस्यों की संख्या अभी और बढ़ाई जाएगी। इन सदस्यों का अभिनव स्व सहायता समूह के नाम से पंजीयन है। समाज कल्याण विभाग द्वारा गढ़कलेवा संचालन के लिए समूहों को दायित्व सौंपा है। इसके लिए प्रशासन द्वारा पूरी व्यवस्था कराई गई है। अब संचालन में जो खर्च लगेगा वह समूह के द्वारा किया जाएगा। यहां लोगों को अब छत्तीसगढ़ी व्यंजन का स्वाद चखाएंगे। यहां नाश्त भी कम कीमतों में मिलेगा। इसके अलावा सूखा पैकेट वाला भी नाश्ता रहेगा। उन्होंने कहा कि गढ़ कलेवा के बारे में जानना चाहेंगे तो ये एक छत्तीसगढ़ी ठीहा है, जहां सिर्फ छत्तीसगढ़ी व्यंजन ही मिलगें हैं और वो भी पारंपरिक। आज जहां भी जाते हैं हर जगह के पकवानों




की अपनी अलग-अलग पहचान हैं, वैसे ही छत्तीसगढ़ के भी बहुत सारे व्यंजन हैं, यहां हर एक त्योहार में अलग पकवान बनते हैं।

### यहां मिलेंगे ये व्यंजन

छत्तीसगढ़ को धान का कटोरा कहा जाता है, तभी तो गढ़ कलेवा के ज्यादातर व्यंजन चावल से ही बनते हैं। खाजा, बीड़िया, पिडीया, देहरौरी, पपची, ठेठरी, खुर्मी सदृश्य दर्जनों तरह के सूखे नाश्ते की वस्तुओं तथा मिठाइयां और ननकी या अदौरी बरी, रखिया बरी, कोंहड़ा बरी, मुरई बरी, उड़द दाल, मूंग दाल और साबूदाना के पापड़, मसाला युक्त मिर्ची, बिजौरी, लाइ बरी और कई तरह के अचार सम्मिलित हैं।

### दिव्यांगों को भी मिला काम

गढ़ कलेवा के संचालन से दिव्यांगों को काम मिलेगा। वे अब आत्मनिर्भर होंगे। वे रोजगार के लिए दर-दर भटकते थे, अब उन्हें भटकनें की जरुरत नहीं है, क्योंकि अभिनव स्व सहायता समूह दिव्यांगों को जोड़कर रख रही है। इस समूह में दिव्यांग महिलाएं व पुरुष है। इनमें सभी पढ़े लिखे हैं। अब गढ़ कलेवा के माध्यम से वे आत्मनिर्भर रहेंगे।

### शुभारंभ के लिए चल रही तैयारियां

समूह की अध्यक्ष ने बताया कि शुभारंभ के लिए सारी तैयारियां की जा रही है। प्रशासन द्वारा पुराने केंटिन की साफसफाई व रंग-रौगन का काम भी शुरु हो गया है। मंगलवार को व्यजन का टेंस्टिंग भी किया गया है। यह कैंटिंन काफी पुराना है। नहीं खुलने की वजह से चारो ओर झाड़िया उग गई थी। जिसे साफकराया गया है। अब कलेटोरेट में कार्य करने वाले कर्मचारी 15अगस्त के बाद से छत्तीसगढ़ी व्यजन का लुफ्त उठाएंगे।

### मंदिरों में दिनभर भजन कीर्तन गूंजते रहे

**धमतरी।** नगर सहित अंचल में कृष्ण जन्माष्टमी की धूम मची हुई है। सुबह से कृष्ण मंदिर में भगवान के दर्शन के लिए श्रद्धालु पहुंचे। पूजा अर्चना के साथ परिवार की सुख शांति और समृद्धि की कामना की गई। कृष्ण जन्माष्टमी को लेकर भक्तों में अपार उत्साह है। नगर के बांके बिहारी मंदिर, रूद्रेश्वर घाट स्थित कृष्ण मंदिर में भगवान के दर्शन के लिए भक्तों की भीड़ रही। इस दौरान सोशल डिस्टेंस का भी पालन किया गया । श्रद्धलुओं ने मास्क लगाकर भगवान के दर्शन किए। बांके बिहारी मंदिर को आकर्षक ढंग से सजाया गया हैं। दिनभर यहां भजन कीर्तन गूंजते रहे। ग्रामीण अंचल में भी पर्व को लेकर खासा उत्साह देखा गया। बड़ों के साथ छोटे बच्चों बच्चों ने भी उपवास रखा है । कई जगह बच्चों ने कृष्ण राधा का वेश धर कर इस पर्व को मनाया ।

# नवाचार के माध्यम से बच्चों को शिक्षा से जोड़ने के प्रयासों को मंत्री टेकाम ने की सराहना

**निर्माणाधीन कार्य को तेजी से पूर्ण कराने के दिए निर्देश**

## मंत्री डॉ. प्रेमसाय सिंह टेकाम ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में समीक्षा बैठक ली

पायनियर संवाददाता ◄ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ शासन के स्कूल शिक्षा, आदिम जाति, अनुसूचित जाति, पिछड़ा वर्ग एवं सहकारिता विभाग के मंत्री डॉ. प्रेम साय सिंह टेकाम ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में शिक्षा विभाग, आदिम जाति विभाग, और सहकारिता विभाग की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने सभी अधिकारियों को कृष्ण जन्माष्टमी की बधाई देते हुए संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने जिले में बच्चों को शिक्षा देने वाली नवाचार पद्धति की सराहना करते हुए इसे अन्य विकासखंडो में भी संचालित करने के लिए कहा। आदिमजाति विभाग द्वारा निर्माणाधीन भवनों को शीघ्र पूर्ण करने कहा। वन अधिकार प्राप्त पट्टो के हितग्राहियों को भूमि में लाख की खेती करने के लिए प्रोत्साहित करने के भी निर्देश दिए। इस अवसर पर जशपुर विधायक विनय भगत, माध्यमिक शिक्षा मंडल बोर्ड के सदस्य पवन अग्रवाल, कलेक्टर महादेव कावरे, पुलिस अधीक्षक बालाजी राव, जिला पंचायत सीईओ के.एस.मण्डावी, अपर कलेक्टर आई.एल.ठाकुर, डिप्टी कलेक्टर आकांक्षा त्रिपाठी, जिला शिक्षा अधिकारी एन.कुजूर, राजीवगांवधी शिक्षा मिशन के जिला समन्वयक विनोद पैंकरा एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे। इस अवसर पर मंत्री श्री टेकाम को जिला प्रशासन की ओर से स्मृति चिन्ह स्वरूप गणेश जी की मूर्ति देकर सम्मानित किया।

मंत्री डॉ. टेकाम ने समीक्षा में स्कूली छात्र-छात्राओं के लिए कोरोना महामारी के दौरान बच्चों को शिक्षा से जोड़ने के लिए किए जा रहे प्रयासों, गणवेश-पाठ्य पुस्तक, छात्रवृत्ति, सूखा राशन एवं सायकल वितरण के संबंध में जानकारी ली। जिला शिक्षा अधिकारी एन.कुजूर ने बताया कि जिले में बच्चों को शिक्षा से जोड़ने एवं उनकी नियमित पढ़ाई जारी रखने के लिए जिला प्रशासन के सहयोग से विभिन्न माध्यम, केबल टीव्ही, मोटर सायकिल गुरूजी, मोहल्ला क्लास, लॉउडस्पीकर शिक्षा तथा राज्य शासन की पढई तुहर दुआर योजना के तहत् वर्चुअल कक्षा का संचालन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जिले में सायकल वितरण का कार्य पूर्ण कर दिया गया है। सूखा राशन का वितरण बच्चों के घर-घर जाकर पहुंचाया जा रहा है।

बीईओ जशपुर एम.जेड.यू. सिद्दीकी ने बताया कि नगरपालिका क्षेत्र जशपुर में नवाचार करते हुए सोशल डिस्टेंश का पालन करते हुए केबल टीव्ही के द्वारा 1100 घरों के बच्चों को जोड़कर लगभग 2200 बच्चों को केबल टीव्ही के माध्मय से शिक्षा से जोड़ा गया है। उन्होंने बताया कि नगरपालिका क्षेत्र जशपुर में केबल कनेक्शन 2600 घरों उपयोग किया जा रहा है। जिसके देखते हुए नगरपालिका क्षेत्र जशपुर के 6000 बच्चों को इस नवाचार माध्यम से शिक्षा प्रदान किया जाएगा। साथ ही कोई भी बच्चा कोरोना महामारी के दौरान अपनी शिक्षा से वंचित न हो इसके लिए मोटर सायकिल गुरूजी के माध्यम से गांव-गांव पहुंचकर मोटरसायकल पर ही बोर्ड रखकर किसी सुरक्षित स्थान पर निश्चित संख्या में बच्चों की कक्षाएं ली जा रही है। सिद्दकी ने बताया कि बगीचा विकासखंड में पहा?ी कोरवा बच्चों को भी शिक्षा से जोड़ने के लिए गिटार, हारमोनियम एवं अन्य वाद्य यंत्र का भी उपयोग किया जा रहा है। जिससे बच्चें पढ़ाई के साथ-साथ संगीत में भी रूचि लेकर शिक्षा से जुड़े रहे। इसके अलावा लाउडस्पीकर के माध्यम से भी बच्चों की कक्षाएं ली जा रही है।

टेकाम ने आदिम जाति विकास विभाग की समीक्षा करते हुए विभाग की समस्त योजना के बारे में विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने विभाग के द्वारा छात्र-छात्राओं के लिए निर्मित किए जा रहे समस्त आश्रम-छात्रावास भवनों एवं अन्य निर्माण कार्य को जल्द से जल्द पूर्ण कराने के निर्देश दिए। पोस्ट-मैट्रिक एवं प्री मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना के क्रियान्वयन के संबंध में उन्होंने जानकारी ली।

# बारिश में जवानों ने 20 किमी. पैदल चलकर दिया आपरेशन को अंजाम, चार नक्सली ढेर

पायनियर संवाददाता ◄ सुकमा
www.dailypioneer.com



**और भी नक्सलियों के मारे जाने का दावा**

बारीश के बीच जवानों ने सफल आपरेशन को अंजाम दिया है। वही इस ताबड़तोड़ गोलीबारी में और भी नक्सलियों के घायल होने का दावा पुलिस की और से किया जा रहा है। हालांकि सर्चिंग के दौरान चार नक्सलियों के शव बरामद हुए थे। लेकिन घने जंगल व पहाड़ी के चलते बाकी नक्सली वहां से भाग गए। मुठभेड़ के दौरान करीब 50 नक्सलियों की संख्या रहने का दावा पुलिस कर रही है।



-लगातार सूचनाए मिल रही थी जिसके बाद संयुक्त टीम को आपरेशन के लिए भेजा गया था। जहां डीआरजी के साथ नक्सलियों की मुठभेड़ हुई। जिसमें चार नक्सली मारे गए। और हथियार भी बरामद किए गए। बारीश में भी नक्सलियों के खिलाफआपरेशन जारी है। पार्टी वापस कैम्प लौट चुकी है।

- शलभ सिन्हा एसपी सुकमा

पिछले तीन दिनों से जिले में लगातार बारीश हो रही है। इस बीच जगरगुण्ड़ा व चिंतलनार के जंगलों से नक्सली जमावड़े की सूचनाएं मिल रही थी। जिसके बाद कोबरा, सीआरपीएफ व डीआरजी की संयुक्त पार्टी को आपरेशन के लिए लांच किया गया था। बारीश के बीच करीब 20 किमी. पैदल चलकर जवानों ने आपरेशन को अंजाम दिया और मुठभेड़ में चार नक्सली ढेर कर दिए साथ में 303 रायफल समेत चार हथियार भी बरामद किए। वही एसपी शलभ सिन्हा ने खबर की पुष्टि करते हुए और नक्सली घायल होने का दावा किया है।

प्राप्त जानकार के मुताबिक चिंतलनार थानाक्षेत्र के जंगलों में लगातार नक्सलियों की बैठके लेने की सुचनाए मिल रही थी। जिसके बाद जगरगुण्ड़ा व चिंतलनार से कोबरा 201, सीआरपीएफ 223 व डीआरजी के जवानों की संयुक्त पार्टी को आपरेशन के लिए रवाना किया गया। चिंतलनार से करीब 8 किमी. दूर पुलम्पपाड़ गांव के जंगलों में डीआरजी व नक्सलियों का आमना-सामना हुआ। पहले हल्की फायरिंग हुई उसके बाद अत्याधुनिक हथियारों से दोनो और से ताबड़तोड़ गोली चली। करीब 2 घंटे तक चली मुठभेड़ में जवानों को भारी पड़ता देख नक्सली जंगल की और भाग गए। मुठभेड़ के बाद जवानों ने इलाके की सर्चिंग की तो चार नक्सलियों के शव मिले जिसमें दो वर्दीधारी व दो ग्रामीण वेशभूषा में थे। वही एक 303 रायफल व भरमार बंदूक समेत चार हथियार मिले। आपरेशन के बाद जवान वापस कैम्प की और लौटे।

ज्यादा बारीश होने के कारण शवों को देर शाम को जिला मुख्यालय लाया गया। जहां पीएम के बाद शव को परिजनों को सौपा जाऐंगा। वही समाचार लिखे जाने तक शवों की शिनाक्त नहीं हो पाई थी।

# कलेक्टर, एसपी, सीईओ ने ग्राम पंचायत घोलेंग के गौठान में किया पौध रोपण

**महिलाओं को आजिविका से जुड़ने के लिए किया प्रोत्साहित**

पायनियर संवाददाता ◄ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com





स्वच्छ भारत मिशन के तहत् गंदगी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत आज जशपुर विकासखंड के ग्राम पंचायत घोलेंग के गौठान में कलेक्टर महादेव कावरे,पुलिस अधीक्षक बालाजी राव, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी के.एस.मण्डावी ने पौध रोपण किया। कलेक्टर ने महादेव कावरे ने स्व-सहायता समूह की महिलाएं एवं किसानों को गोधन न्याय योजना का लाभ उठाने के लिए प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर जशपुर जनपद पंचायत के सीईओ प्रेम सिंह मरकाम, ग्राम पंचायत घोलेंग की सरंपच संगीता तिर्की, गौठान समिति की अध्यक्ष जोन टोप्पो, स्वच्छ भारत मिशन के जिला सलाहकार राजेश जैन एवं स्व-सहायता समूह की महिलाएं उपस्थित थी। घोलेंग ग्राम पंचायत में द्वितीय चरण के तहत् गौठान का चिन्हांकन किया गया है। तीन एकड़ में गौठान और 5 एकड़ में चारागाह की सुविधा उपलब्ध है। समूह की महिलाओं को आजिविका से जोड़नें के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। समूह द्वारा बांस के सुंदर वस्तुएं बनाई जा रही है।

# सरपंच मीनादेवी ने ठोस एवं तरल अपशिषट संग्रहण केंद्र का किया शुभांरभ

पायनियर संवाददाता ◄ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



कलेक्टर महादेव कांवरे की उपस्थिति में फरसाबहार विकासखंड के ग्राम पंचायत तपकरा सरपंच श्रीमती मीना देवी द्वारा ठोस एवं तरल अपशिषट संग्रहण एवं पृथक्करण केंद्र का शुभांरभ किया गया। कलेक्टर ने विद्या स्वसहायता समूह की महिलाओ को यथाशीघ्र तपकरा में डोर-टू-डोर कचरा संग्रहन करके पृथक्करण का कार्य प्रारंभ करने के निर्देश दिये। सेग्रिगेसन शेड के अधूरे कार्यो को शीघ्र पूर्ण के लिए कहा है। उन्होंने परिसर में नाडेप टाका का निर्माण के लिए प्रस्ताव बनाने के निर्देश दिए है। और परिसर में मिट्टी भरवाकर जमीन का समतलीकरण करने के लिए कहा है।

कांवरे ने तपकरा के पंचायत भवन एवं मवेशियों को रखने के लिए बने कांजी हाउस का भी निरीक्षण किया। उन्होंने पंचायत भवन तपकरा में पंचायत भवन का बोर्ड प्रदर्शित करने एवं किसानों के फसलो को बचाने के लिए आवारा घूमने वाले मवेशियों को कांजी हाउस में रखने के निर्देश दिए है। उन्होंने आवारा पशुओं को छोड़ने वाले मालिकों के उपर भी कार्यवाही करने के निर्देश दिए है। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने बस स्टैंड तपकरा में निर्माणाधीन शौचालय का जायजा लिया, और सरपंच को निर्माण कार्य में गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए है।



# कलेक्टर ने जिला स्तरीय कार्यदल समिति की बैठक ली

पायनियर संवाददाता ◄ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

कलेक्टर महादेव कावरे ने 11 अगस्त को कलेक्टर सभाकक्ष में मुख्यमंत्री युवा स्व-रोजगार वर्ष 2020-21 हेतु जिला स्तरीय कार्यदल समिति की बैठक ली। बैठक में प्राप्त आवदेनों में 50 प्रकरणों को बैंक को प्रेषित किए जाने कुल ऋण हेतु राशि 1 करोड़ 8 लाख 25 हजार रुपए अनुमोदन किया गया। कलेक्टर ने पात्र हितग्राहियों को शासन की योजना से लाभांवित करने के निर्देश दिए है। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी के.एस.मण्डावी, लीड बैंक के अधिकारी पी.ओरिया, महाप्रबंधक उद्योग सी.आर. टेकाम, रोजगार अधिकारी दुर्गेश्वरी सिंह, उद्योग विभगा के प्रबंध में शोभेन्द्र नायक, शाखा प्रबंधक बैंक ऑफ बड़ौदा, शाखा प्रबंधक सेंट्रलबैंक उपस्थित थे।

**कार्यालय सम्पदा अधिकारी**
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल
संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-11, सड्डू रायपुर (छ.ग.)
कामर्शियल कॉम्पलेक्स, सेक्टर-08, द्वितीय तल सड्डू, रायपुर
Phon No. 9685585693Email ID-emzoneii@yahoo.com GST No. 22AAECA9783D2ZP

**-: आम-सूचना :-**

सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि अटल आवास योजनातर्गत कॉलोनी मुनगी फेस-1 जिला-रायपुर में स्थित भवन क्रमांक-182, **श्री सालिक राम निर्मलकर पिता श्री पुसऊराम निर्मलकर** को स्ववित्तिय/एकमुस्त आधार पर आबंटित किया गया था। उनके द्वारा दिनांक 04.12.2013 को अपने नाम पर लीजडीड/सेलडीड/विक्रय विलेख पंजीयन कराने के उपरांत वर्तमान मे **श्रीमति राजेश्वरी चतुर्वेदी पति श्री देवादास चतुर्वेदी** निवासीः-बोरिया कला हाउसिंग बोर्ड कालोनी, रायपुर जिला रायपुर (छ.ग.) को विक्रय करने के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र (एन.ओ.सी.) प्राप्त करने हेतु इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त भवन के विक्रय के संबंध में किसी व्यक्ति शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था निकाय, बैंक अथवा वित्तिय संस्था को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन प्रकाशन के 15 दिन के अन्दर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

मुहर
**संपदा अधिकारी**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल**
**संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-II, सड्डू, रायपुर**

**कार्यालय सम्पदा अधिकारी**
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल
संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-11, सड्डू रायपुर (छ.ग.)
कामर्शियल कॉम्पलेक्स, सेक्टर-08, द्वितीय तल सड्डू, रायपुर
Phon No. 9685585693Email ID-emzoneii@yahoo.com GST No. 22AAECA9783D2ZP

**-: आम-सूचना :-**

सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि अटल आवास योजनातर्गत कॉलोनी मुनगी फेस-1 रायपुर में स्थित भवन क्रमांक-124, **श्री तोरण लाल वर्मा पिता स्व. श्री संतराम वर्मा,** को इस कार्यालय के पत्र क्रमांक/1065 दिनांक 16.05.2008 को स्वावित्तिय आधार पर आबंटित किया गया था। आंबटी द्वारा उक्त भवन का दिनांक 09.11.2009 को भवन का लीजडीड आधिपत्य आदेश प्राप्त करने के उपरान्त अचानक आबंटी की दिनांक 01.08.2018 को मृत्यु हो जाने के कारण (मृतक खाते धारक के नामजदगी) **श्री कैलाश कुमार वर्मा पिता स्व.श्री संतराम वर्मा,** के द्वारा अपने नाम पर नामांतरण करने हेतु आवेदन पत्र, शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र एवं अन्य दस्तावेज प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त भवन के नामांतरण के संबंध में किसी व्यक्ति शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था निकाय, बैंक अथवा वित्तिय संस्था को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन प्रकाशन के 15 दिन के अन्दर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त आपत्ति मान्य नहीं की जावेंगी।

मुहर
**संपदा अधिकारी**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल**
**संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-II, सड्डू, रायपुर**

# विधायक छाबड़ा ने 19.93 करोड़ 93 के पहुंच मार्गो का किया भूमिपूजन

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



बेमेतरा विधायक आशीष छाबड़ा बेमेतरा के समूचित विकास हेतु कृत संकल्पित होकर जुटे हुए है,बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र में ग्रामीण अंचलों की मुख्य मार्गो,स्कूल पहुँच मार्ग निर्माण कार्य विधायक आशीष छाबड़ा की अनुशंसा पर लोकनिर्माण विभाग द्वारा स्वीकृत ग्रामीण अंचलों में विभिन्न पहुँच मार्गो का विधायक आशीष छाबड़ा ने भूमि पूजन किया। इस अवसर पर बेमेतरा विधायक आशीष छाबड़ा ने कहा कि पूरे प्रदेश में मुख्यंमंत्री भूपेश बघेल ने शासकीय स्कूल, आगनबाड़ी, अस्पताल, पंचायत भवन पहुंच मार्गो के नाम से मुख्यमंत्री सुगम सड़क योजना कि शुरुआत की है, जिसका लाभ बेमेतरा विधानसभा क्षेत्रवासियों को मिल रहा है, छोटे छोटे बच्चों को शासकीय स्कूल, आगनबाड़ी में जाते समय कीचड़ से जाना पड़ता था, लेकिन मुख्यमंत्री ने इस समस्या को समझते देखते हुए इसके निदान हेतु तत्काल मुख्यमंत्री सुगम सड़क योजना कि शुरुआत की है, बेमेतरा विधायक आशीष छाबड़ा बेरला ब्लाक के ग्राम पंचायत जमघट पहुंच कोबिया-बेरला मुख्यमार्ग से भटगांव (सरदा)स्कूल पहुंच मार्ग निर्माण कार्य राशि 49 लाख 97 हजार,जमघट लखना मार्ग से जमघटडीह पहुँच मार्ग निर्माण कार्य राशि 49 लाख 99 हजार, कोबिया-बेरला मुख्यमार्ग से खर्रा पहुँच मार्ग निर्माण कार्य राशि 49 लाख 77 हजार,मटिया-मुड़पार मार्ग से मुड़पारखुर्द स्कूल पहुँच मार्ग निर्माण कार्य राशि 48 लाख 88 हजार, खारुन नदी मार्ग से मुड़पारखुर्द स्कूल पहुँच मार्ग निर्माण कार्य राशि 49 लाख 81 हजार, ग्राम सरदा विकासखण्ड बेरला में शासकीय पशु औषधालय भवन का निर्माण कार्य राशि 10 लाख 60 हजार, ग्राम पाहदा विकासखण्ड बेरला में शासकीय पशु औषधालय भवन का निर्माण कार्य(लोकापर्ण)राशि 10 लाख 60 हजार,पिपरोरडीह बारगाँव मार्ग महावीर चौक से होते हुए बारगांव से लगा इसी रोड पहुंच मार्ग निर्माण कार्य राशि 19 लाख 99 हजार रुपये का भूमि पूजन एव लोकपर्ण किया विधायक आशीष छाबड़ा ने ग्राम खुड़मुड़ा में कुसमी -खुड़मुडी-सितारा मुख्य मार्ग जिला मार्ग से खुड़मुड़ा बस्ती पहुंच मार्ग निर्माण कार्य राशि 19 लाख 99 हजार, कुसमी -खुड़मुड़ी -सिलतरा मुख्य जिला मार्ग से मिडिल स्कूल खुड़मुड़ा पहुंच मार्ग निर्माण कार्य राशि 19 लाख 85 हजार, सिलघट-ढाबा मुख्य मार्ग से मिडिल स्कूल सिलघट स्कूल मार्ग का निर्माण कार्य राशि 19 लाख 95 हजार, कुसमी-लिमाही-देवादा आकोली मार्ग मुख जिला मार्ग के किमी 09 एवं 10 देवादा ग्रामीण भाग पहुँच मार्ग का निर्माण कार्य राशि 20 लाख, कुसमी सुरहोली मुख्य मार्ग से कुसमी बस्ती मार्ग मे पहुच मार्ग का निर्माण कार्य राशि 19 लाख 90 हजार रूपये का भूमि पूजन किया साथ ही विधायक आशीष छाबड़ा ने ग्राम सांकरा में बेरला कण्डरका मार्ग (मु.जि.मा.) से सामुदायिक भवन सांकरा पहुँच मार्ग निर्माण कार्य राशि 19 लाख 90 हजार।

# श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर करडीह पंचायत के गौठान में 200 पौधारोपण किया

पायनियर संवाददाता ◄ मनोरा
www.dailypioneer.com



ग्राम पंचायत करडीह पंचायत के गौठानो में श्रीकृष्ण की जन्माष्टमी के दिन 200 सौ पौधा रोपण किया। मुख्य अतिथि के रूप में सरपँच निर्दोष तिग्गा, सचिव कोला राम भगत, और काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे। जशपुर जिला कलेक्टर कावरे की दिशा निर्देश पर सभी गौठानों पौधारोपण किया जा रहा है जिसके अंतर्गत श्रीकृष्ण की जन्माष्टमी के दिन करडीह पंचायत में 200 सौ पौधा लगाए गए।

कलेक्टर कावरे पहुंचे आस्ता पंचायत और खुद वृक्षारोपण ने किया। गंदगी मुक्त भारत अभियान के तहत सरपंचों के नेतृत्व में श्रमदान एवं वृक्षा रोपण का आयोजन किया गया था और गंदगी मुक्त भारत अभियान का भी शुरू कर दिया जगह में पर सफाई अभियान चलाया जा रहा है। कलेक्टर कावरे निर्देश में जशपुर जिला गंदगी मुक्त जल्द पूरा होगा। मुख्य अतिथि के रूप में कलेक्ट्टर महादेव कावरेजिला सीईओ के एस मंडाबीजनपद सीईओ तिवारीजनपद सदस्य सबीर अंसारी,हैप्पी कमल कुजूर ,जनपद आध्यक्ष शशिकला मिंज, हदीस अंसारी सरपंच आशा एक्का, साचीव प्रभा किशोरी ,गोठान अध्यक्ष सरोज बुनकर उपस्थित रहे।

**कार्यालय नगरपालिका परिषद कवर्धा जिला-कबीरधाम (छ.ग.)**

क्र./1787/रा.वि./न.पा./2020-21 कवर्धा, दिनांक- 11-08-2020

**नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को जानकारी के लिए प्रकाशित किया जाता है कि निम्नांकित सूची अनुसार भूमि भवन हस्तांतरणकर्ता द्वारा हस्तांतरिती के नाम पर नाम परिवर्तन हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

| क्र. | प्र.क्र. | हस्ताक्षरकर्ता/पिता, पति का नाम | हस्तांतरिती/पिता,पति का नाम | वार्ड नं. | खसरा नं. | क्षेत्रफल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 70 | भुनेश्वरी भुआर्य/देवनार्थ भुआर्य | अयोध्या साहू, शत्रुहन साहू/केजऊ साहू | 1 | 414/27 | 0.024 hect |
| 2 | 71 | सोनम छाबड़ा/देवेन्द्र सिंह छाबड़ा | मुकेश जैन/नथमल जैन | 1 | | 0.000 |
| 3 | 72 | अनामिका ठाकुर/प्रमोद कुमार ठाकुर | पलाश टाटिया/खुशाल टाटिया | 9 | 72/23 | 0.025 hect |
| 4 | 73 | माधुरी झारिया/मनोज झारिया | भागवत साहू/भुलउ साहू | 8 | 279/34 | 0.012 hect |
| 5 | 74 | नीलिमा पाण्डेय/दीपक पाण्डेय | किशोरचंद लूनिया/फुलचंद लूनिया | 8 | 77/25 | 0.018 hect |
| 6 | 75 | पप्पु चन्द्रवंशी/बालाराम चन्द्रवंशी | बालाराम चन्द्रवंशी/गनपत | 8 | 86/41 | 0.016 hect |
| 7 | 76 | संतोष पटेल/प्रेम पटेल | सुखचैन/जेठुराम | 8 | 175/74 | 0.080 hect |
| 8 | 77 | ईशाक अली उर्फ राजू/शहजाद अली | | 6 | 148/87 | |
| 9 | 78 | सुशीला/स्व. नरेन्द्र सिंह | शेख हकीमुद्दीन/शेख रमजान | 1 | 307/5 | 0.0812 hect |
| 10 | 79 | गायत्री पाण्डेय/ओमप्रकाश पाण्डेय | ब्रजभूषण वर्मा/जिलाराम वर्मा | 1 | 370/68 | 0.016 hect |

अतः उपरोक्त सूची अनुसार जिसे भी इस संबंध में दावा/आपत्ति हो तो वह मूल प्रमाण पत्र एवं प्रमाणित दस्तावेज सहित इस सूचना प्रकाशित के 15 दिवस में अधोहस्ताक्षरकर्ता को लिखित आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है अवधि समाप्त होने के पश्चात या बिना प्रमाण के प्रस्तुत आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा तथा नामांतरण का नियमानुसार कार्यवाही की जावेगी।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद कवर्धा**

**कार्यालय सम्पदा अधिकारी,**
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-04
शंकर नगर, रायपुर (छ.ग.) फोन नं.-0771-2436320
Email Id : eocghbzone04@gmail.com

**-: आम सूचना :-**

सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि सामान्य आवास योजनांतर्गत बोरियाकला रायपुर में स्थित **पीपल-।। भवन क्रमांक-89, श्री सुधीर पाण्डे पिता श्री आर.एन.पाण्डे** के नाम पर आबंटित है। आबंटी द्वारा उक्त भवन का पूर्ण मूल्य जमा कर अपने पर में दिनाक **03.03.2016** को लीजडीड पंजीकृत उपरांत दिनांक **24.10.2019** को हस्तांतरण विलेख (फ्री-होल्ड) निष्पादित करा लिया गया है। हस्तांतरण विलेख निष्पादन उपरांत उक्त भवन क्रेता **श्रीमती रश्मि देवी वर्मा पति श्री राजेन्द्र कुमार वर्मा**, निवासी-बोरियाकला, रायपुर, के पक्ष में दिनांक **23.11.2019** को विक्रय कर दिया गया है। वर्तमान में नवीन क्रेता **श्रीमती रश्मि देवी वर्मा पति श्री राजेन्द्र कुमार वर्मा,** द्वारा उक्त भवन को फ्री-होल्ड पश्चात अपने नाम पर मण्डल में दर्ज किये जाने हेतु इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त भवन का फ्री-होल्ड उपरांत मण्डल में नाम दर्ज करने के संबंध में किसी व्यक्ति शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक, अथवा वित्तीय संस्था, को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

मुहर
**सम्पदा अधिकारी**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल**
**संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-4, रायपुर**

**कार्यालय सम्पदा अधिकारी,**
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-04
शंकर नगर, रायपुर (छ.ग.) फोन नं.-0771-2436320
Email Id : eocghbzone04@gmail.com

**-: आम सूचना :-**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि सामान्य आवास योजनांतर्गत बोरियाकला रायपुर में स्थित पीपल-। भवन क्रमांक-101, **श्री भुवनेश यादव पिता श्री नरिंगा राम यादव**, के नाम पर आबंटित है। आबंटी द्वारा उक्त भवन का पूर्ण मूल्य जमा कर अपने पक्ष में दिनाक 12.02.2016 को लीजडीड पंजीकृत उपरांत दिनांक 15.04.2019 को हस्तांतरण विलेख (फ्री-होल्ड) निष्पादित करा लिया गया है। हस्तांतरण विलेख निष्पादन उपरांत उक्त भवन को **सुश्री उन्नति दावडा पिता श्री प्रकाश दावडा** को दिनांक 24.06.2019 को विक्रय विलेख के माध्यम से विक्रय कर दिया गया है। परंतु सुश्री उन्नति दावडा पिता श्री प्रकाश दावडा द्वारा इस कार्यालय में अपना नाम दर्ज नहीं कराया है, और उक्त भवन को **(1) श्रीमती रिंनिता नाहक पति श्री प्रदीप कुमार नाहक (2) श्री प्रदीप कुमार नाहक पिता श्री पद्मनाभ नाहक,** निवासी-मेघमाला तोटा, जयनगर, जयपुर, जिला-कोरापुट (ओड़ीसा) के पक्ष में दिनांक 05.02.2020 को विक्रय विलेख के माध्यम से विक्रय कर दिया गया है। द्वितीय क्रेता **(1) श्रीमती रिंनिता नाहक पति श्री प्रदीप कुमार नाहक (2) श्री प्रदीप कुमा नाहक पिता श्री पद्मनाभ नाहक**, द्वारा उक्त भवन को फ्री-होल्ड पश्चात् अपने नाम पर मण्डल में दर्ज किये जाने हेतु इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त भवन का फ्री-होल्ड उपरांत मण्डल में नाम दर्ज करने के संबंध में किसी व्यक्ति शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक, अथवना वित्तीय संस्था, को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

मुहर
**सम्पदा अधिकारी**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल**
**संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-4, रायपुर**

**कार्यालय सम्पदा अधिकारी,**
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-
शंकर नगर, रायपुर (छ.ग.) फोन नं.-0771-2436320
Email Id : eocghbzone04@gmail.com

**-: आम सूचना :-**

सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि डूमरतराई, रायपुर में निर्मित सरदार वल्लभ भाई पटेल थोक बाजार अन्तर्गत **''ब'' सुविधा (kiosk) दुकान क्र.-42, (भूतल), श्री शंकर तोलानी पिता श्री कन्हैया लाल तोलानी**, के नाम पर ऑफर आधार के माध्यम से आबंटित है। आबंटी द्वारा उक्त दुकान का पूर्ण मूल्य जमा कर अपने पक्ष में दिनांक 02.02.2017 को सेलडीड पंजीकृत उपरांत आधिपत्य आदेश प्राप्त कर दिया गया है। वर्तमान में **श्री शंकर तोलानी पिता श्री कन्हैया लाल तोलानी, निवासी तोलानी सदन, सी.एस.ई.बी.ढाल खोखोपारा रोड लाखे नगर**, रायपुर (छ.ग.) उक्त दुकान को क्रेता **श्री संतुमल खेमानी पिता श्री नंदूमल खेमानी, निवासी-मकान नम्बर-51, वसुंधरा नगर, बाजार चौक चंगोराभाठा,** रायपुर (छ.ग.) को विक्रय करने के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र (एन.ओ.सी.) प्राप्त करने हेतु इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त दुकान के विक्रय के संबंध में किसी व्यक्ति शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक, अथवा वित्तीय संस्था, को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

मुहर
**सम्पदा अधिकारी**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल**
**संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-4, रायपुर**

**कार्यालय अधीक्षण अभियंता,**
**लोक निर्माण विभाग, दुर्ग मण्डल दुर्ग (छत्तीसगढ़)**

दुर्ग, दिनांक 07/08/2020

**(ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना)**

**प्रथम आमंत्रण**

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से ऑनलाईन निविदायें प्रपत्र ''अ'' में प्रतिशत दर पर दिनांक 26.08.2020 तक आमंत्रित की जाती हैः-

| निविदा आमंत्रण सू. क्र. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (राशि लाख में) |
|---|---|---|
| 100/दुर्ग (दुर्ग)/2020 | जिला दुर्ग विकासखण्ड दुर्ग के अंतर्गत निकुम में विश्रामगृह भवन के निर्माण कार्य। | 70.85 |
| 101/दुर्ग (दुर्ग)/2020 | जिला दुर्ग विकासखण्ड दुर्ग के अंतर्गत उतई में विश्रामगृह भवन के निर्माण कार्य। | 70.85 |
| 102/दुर्ग (दुर्ग)/2020 | जिला दुर्ग विकासखण्ड पाटन के अंतर्गत जामगांव (एम) में विश्रामगृह भवन के निर्माण कार्य। | 70.85 |
| 103/दुर्ग (दुर्ग)/2020 | जिला दुर्ग विकासखण्ड पाटन के अंतर्गत कुम्हारी में विश्रामगृह भवन के निर्माण कार्य। | 70.85 |

टीप
1. उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्ते, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब Portal एवं विभागीय वेबसाइट http://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है।
2. पंजीकृत डाक द्वारा कार्यालय में भेजे जाने वाले लिफाफे के ऊपर एन.आई.टी. क्रमांक एवं कार्य का नाम अनिवार्य से अंकित किया जायें।

**अधीक्षण अभियंता**
**लोक निर्माण विभाग, दुर्ग मण्डल दुर्ग**
**दूरभाष- 0788-2210876**
G- 82952/4

संपादकीय

## राजस्थान में सुलह, कांग्रेस में संगठनात्मक चुनाव जरूरी

**यदि** राहुल व प्रियंका गांधी की विद्रोही कांग्रेस नेता सचिन पायलट से मुलाकात राजस्थान कांग्रेस में संकट दूर कर सकी है तो यह उनका पहला निर्णायक कदम है। कम से कम उनके प्रयासों से वरिष्ठ व युवा नेताओं के बीच एक सेतु स्थापित हुआ है। मुख्यमंत्री गहलौत को झुकना पड़ा क्योंकि उनसे कठोरता से पायलट को स्पेस देने को कहा गया था। यह राहुल के लिए सुनहरा मौका है जो कांग्रेस में अपने युवा साथियों को स्थान दिलाने का प्रयास कर रहे थे जो निराश व अधीर हैं तथा अपने लिए महत्वपूर्ण स्थान चाहते हैं। हालांकि, उनकी माता सोनिया गांधी अभी कुछ और समय तक पार्टी की अंतरिम अध्यक्ष बनी रहेंगी, पर राहुल को सक्रिय होकर बुद्धिमानी के साथ उनकी छाया से बाहर निकलना जरूरी है। केवल सोशल मीडिया में बहादुरी दिखाने के बजाय उनको समुचित रणनीति की जरूरत है। वरिष्ठ नेताओं ने अपनी स्थिति मजबूत कर ली है। सार्वजनिक रूप से नेहरू गांधी परिवार को श्रेय देने के बावजूद वे अपने हित सुरक्षित रखने के लिए राजनीतिक दांवपेंच लगाते रहते हैं। लेकिन वृद्धावस्था में वे राष्ट्रीय स्तर पर कांग्रेस को पुनर्जीवित करने के बजाय यथास्थिति ही बनाए रखना चाहते हैं। इस प्रकार कांग्रेस वर्तमान समय में राष्ट्रीय स्तर पर विकल्प नहीं बन सकी है। तुलनात्मक रूप से पार्टी दिशाहीन तथा निराशाजनक लगती है। राहुल गांधी समेत युवा नेता अपनी छाप छोड़ना चाहते हैं और जैसा कि ज्योतिरादित्य सिंधिया व सचिन पायलट ने दिखाया है, वे अपना अधिकार चाहते हैं। इसके साथ ही वृद्ध नेताओं को याद रखना चाहिए कि एक समय वे स्वयं नौसिखिए थे और पार्टी का क्षरण रोकने के लिए नौजवानों को बढ़ावा देना जरूरी हो गया है।

लेकिन कांग्रेस को रणनीति बना कर एक सुर में बोलना चाहिए। वरिष्ठ लोगों का यह कहना ठीक है कि राहुल को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ व्यक्तिगत हमलों से बचना चाहिए। ऐसा कर वे मोदी को वंशवादी राजनीति के हमले से 'पीड़ित' की तरह पेश कर देते हैं जिसका लाभ भाजपा को मिलता है। पिछले साल कांग्रेस के लोकसभा चुनाव हारने का यह बड़ा कारण है। भारत में व्याप्त भयानक महामारी तथा लद्दाख में चीन से टकराव के बावजूद मोदी के कद पर कोई असर नहीं पड़ा है। इसलिए उन पर हमला करने से राहुल को ही नुकसान होता है। कांग्रेस को अखिल भारतीय स्तर पर मुद्दा आधारित राजनीति करनी चाहिए, चाहे वह आर्थिक मंदी पर हो या नौजवानों में बेरोजगारी पर। मुद्दों के व्यक्ति से बड़े होने पर ही विमर्श मोदी के व्यक्तित्व से अलग हट सकता है। राहुल व्यक्तित्व की लड़ाई वर्तमान समय में नहीं जीत सकते हैं तथा उनको एक प्रभावी विकल्प प्रस्तुत करना होगा, भले ही उसे स्वीकार करने वाले लोग ज्यादा न हों। विशेषज्ञों व विख्यात लोगों से बातचीत करने के बजाय उनसे प्राप्त जानकारी के आधार पर राहुल को अपना एजेंडा बनाना चाहिए। यह तथ्य भी महत्वपूर्ण है कि राहुल व उनके साथियों के विचारों का राजनीतिक प्रयोगशाला में परीक्षण नहीं हुआ है और संप्रग सरकार के बाद उनको वरिष्ठ नेताओं की सलाह चाहिए। राहुल को कम से कम सार्वजनिक रूप से कांग्रेस की अनुशासित छवि पेश करनी होगी। लोकसभा चुनाव में सफाए के बाद इस्तीफा देने के कारण उनको पलायनवादी की तरह देखा गया। पार्टी की दिशाहीनता के कारण अनेक जमीनी कांग्रेसी भाजपा या अन्य क्षेत्रीय दलों में चले गए हैं। यदि वे पार्टी को पुनर्जीवित करना चाहते हैं तो उनको जमीनी स्तर पर काम करना होगा। कम से कम उनकी बहन प्रियंका गांधी ने उत्तर प्रदेश में इसका प्रयास किया। यदि वे सबको साथ लेकर चलना चाहते हैं तो उनको पार्टी में लोकतंत्र बहाल करते हुए जल्दी से जल्दी एक स्थाई अध्यक्ष चुनना चाहिए जिसका सुझाव शशि थरूर ने दिया है। लेकिन राहुल इस कुर्सी को अपना समझते हैं। अब बिहार विधानसभा चुनाव ज्यादा दूर नहीं हैं, अतः कांग्रेस को चुनाव अभियान की तैयारी करनी चाहिए। कांग्रेस के लिए अब 'करो या मरो' का समय है।

# जम्मू-कश्मीर में प्रगति का नया युग

### अनुच्छेद 370 का खत्म होना और राज्य का दो संघ शासित क्षेत्रों में विभाजन सबसे ज्यादा अहम यह रहा है जिससे स्थानीय समुदायों में जन भागीदारी की भावना बढ़ी है, साथ ही अनेक सड़क और राजमार्ग परियोजनाएं विकास को नई गति देंगी।



**अशोक टंडन**
(लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं प्रसार भारती बोर्ड के सदस्य हैं)



भारतीय जनसंघ (वर्तमान भारतीय जनता पार्टी का पूर्ववर्ती) के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने जम्मू-कश्मीर राज्य का भारतीय संघ में पूर्ण एकीकरण करने की मांग को लेकर एक राष्ट्रव्यापी सत्याग्रह (अहिंसक आंदोलन) की अगुवाई करते हुए अपने प्राण न्यौछावर कर दिए। डॉ. मुखर्जी ने 10 मई, 1953 को जम्मू-कश्मीर सीमा पर सरकार के प्रवेश-परमिट आदेश की खुली अवहेलना की थी, और 'एक देश में दो विधान, दो प्रधान, और दो निशान नहीं चलेंगे' नारा लगाते हुए अपनी गिरफ्तारी दी थी। उन्हें श्रीनगर जेल ले जाया गया जहां 23 जून, 1953 को रहस्यमय परिस्थितियों में उनकी मृत्यु हो गई। उस समय डॉ. मुखर्जी को कदाचित यह अहसास नहीं हुआ होगा कि उनका मिशन तब पूरा होगा जब गुजरात से दूसरी पीढ़ी के पार्टी नेता के नेतृत्व में पार्टी अपने दम पर केंद्र में पूर्ण बहुमत के साथ सत्ता में आएगी।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की एनडीए सरकार ने 5 अगस्त 2019 को भारतीय संविधान की धारा 370 के तहत जम्मू-कश्मीर राज्य को मिले विशेष दर्जे को निरस्त कर दिया, जिससे इस राज्य के लोग केंद्र सरकार के सभी कार्यक्रमों और कानूनों तक अपनी पहुंच सुनिश्चित करने में सक्षम हो गए जिनमें वंचितों के लिए आरक्षण का अधिकार, शिक्षा का अधिकार और सूचना का अधिकार, न्यूनतम मजदूरी अधिनियम और अल्पसंख्यक अधिनियम शामिल हैं। इस राज्य को दी गई स्वायत्तता के सभी प्रावधानों को निरस्त करने वाले ऐतिहासिक राष्ट्रपति आदेश के बाद एक और ऐतिहासिक एवं रणनीतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण राज्य पुनर्गठन अधिनियम, 2019 लाया गया, जिसने इस राज्य को दो केंद्र शासित प्रदेशों-जम्मू एवं कश्मीर और लद्दाख में विभाजित कर दिया।

उस समय से लेकर अब तक पिछले एक वर्ष में एनडीए सरकार विभिन्न मोर्चों पर कई चुनौतियों का सामना करती रही है जिनमें सीमा सुरक्षा, जम्मू-कश्मीर मुद्दे पर अंतरराष्ट्रीय समुदाय के साथ रचनात्मक जुड़ाव और राज्य को दो केंद्र शासित प्रदेशों में परिवर्तित करने का घरेलू राजनीतिक प्रतिरोध शामिल हैं। और फिर लोगों की समृद्धि, शांति एवं कल्याण सुनिश्चित करते हुए सर्वांगीण विकास में तेजी लाने तथा सभी तीनों क्षेत्रों में भ्रष्टाचार मुक्त शासन प्रदान करने की विकट चुनौती थी। केंद्र सरकार ने परिवार-संचालित राजनीतिक दलों, जिन्होंने पिछले सात दशकों में सबसे अधिक समय तक राज्य में शासन किया, द्वारा धारा 370 के नाम पर जम्मू-कश्मीर के साथ-साथ लद्दाख के लोगों के साथ भी किए गए विश्वासघात पर विराम लगाने के लिए इन चुनौतियों को एक अवसर में बदल दिया।

प्रधानमंत्री ने इस क्षेत्र के युवाओं, विशेषकर कश्मीर घाटी में पथ से भटके लोगों से 'इस ऐतिहासिक यात्रा का हिस्सा बनने और बड़े उद्देश्यश की पूर्ति हेतु एक साथ चलने' के लिए जो व्यक्तिगत अपील की है उसके ठोस परिणाम जमीनी स्तिर पर दिख रहे हैं। चूंकि जम्मू-कश्मीर और लद्दाख दोनों ही केंद्र शासित प्रदेशों के रूप में (जम्मू एवं कश्मीर स्थायी रूप से नहीं) सीधे केंद्र के अधीन आ गए हैं, इसलिए मोदी सरकार ने पूरे क्षेत्र में समावेशी विकास और पारदर्शी शासन के एक नए युग की शुरुआत करते हुए शांति और प्रगति का एक महत्वाकांक्षी रोडमैप पेश किया। टीम-मोदी ने अत्याधुनिक अवसंरचना के निर्माण के लिए एकीकृत दृष्टिकोण अपनाया और विशेषकर कुटीर, हस्तशिल्पत, हथकरघा एवं बागवानी उद्यमों सहित लघु, मध्यम और सूक्ष्म उद्यमों (एमएसएमई) के बीच कई सामाजिक कल्याण और रोजगार सृजन योजनाएं एवं कार्यक्रम तेजी से शुरू किए जिनका उद्देश्य सभी तीनों विशिष्ट क्षेत्रों में व्यापक विकास और समाज के वंचित वर्गों की सामाजिक-आर्थिक उन्नति करना है।

बेहतरीन एवं बारहमासी सड़कों और राष्ट्रीय राजमार्गों की बदौलत अंतर-क्षेत्र और क्षेत्र के भीतर कनेक्टिविटी, जिसकी अब तक कमी रही थी, बढ़ जाने से बंटवारे के बाद की अवधि में रोजगार के नए अवसरों को बढ़ावा देने और सृजित करने में काफी मदद मिली है। पिछले एक साल में किए गए वादों के क्षेत्र-वार प्रदर्शन ऑडिट से अच्छी तस्वीर उभर कर सामने आती है। हालांकि, इस खूबसूरत क्षेत्र का परिदृश्य पूरी तरह से तभी बदलेगा जब सभी मौजूदा परियोजनाएं, विशेषकर कठिन इलाकों में बन रही सुरंगों सहित रणनीतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण कई राष्ट्रीय राजमार्ग चालू हो जाएंगे जो अत्यंत खराब मौसम को भी झेलने में सक्षम होंगे।

प्रसिद्ध ऑस्ट्रेलियाई शोधकर्ता और कश्मीर पर कई पुस्तकों के लेखक क्रिस्टोफर स्नेडेन के अनुसार कश्मीर संभवतः कश्यप मीर (ऋषि कश्यप की झील) का ही संक्षिप्त नाम है। और प्रसिद्ध भारतीय सूफी कवि एवं विद्वान अमीर खुसरो ने निम्नलिखित शब्दों में कश्मीर की नैसर्गिक सुंदरता का वर्णन किया था। अगर फ़िरदौस बर-रू-ए-ज़मीं अस्त, हमीं अस्त ओ हमीं अस्त ओ हमीं अस्त! (यदि पृथ्वी पर कहीं स्वर्ग है, तो वह यहीं है, वह यहीं है)।

पर्यटन सदैव ही कश्मीर की अर्थव्यवस्था की जीवनरेखा रहा है और तेजी से विस्तृत हो रही अवसंरचना इसकी सफलता की कुंजी साबित हो रही है जिससे अब तो घाटी से भी निर्यात बढ़ रहा है। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय, इसकी सहा-यक इकाइयां एनएचएआई और एनएचआईडीसीएल वर्तमान में बीआरओ और राज्य पीडब्यूडी के साथ मिलकर उन विभिन्नी परियोजनाओं को पूरा करने में जुटे हुए हैं जो विकास को नई गति प्रदान करेंगी और इसके साथ ही निर्माता कंपनियों की स्थापना करने में स्टार्ट-अप्सव की मदद करेंगी। इसके तहत रेशम उद्योग, ठंडे पानी में मत्स्य पालन, लकड़ी से जुड़े कार्यों, क्रिकेट के बल्ले, केसर, बागवानी उपज एवं हस्तशिल्प का आगे और विकास करने पर फोकस किया जाएगा। अभी जारी परियोजनाओं में श्रीनगर-जम्मू-लखनपुर राजमार्ग; काजीगुंड-बनिहाल सुरंग और श्रीनगर रिंग रोड शामिल हैं।

जम्बूपुरा नाम से चर्चित रहा मंदिरों का शहर जम्मू एक समय राजा जम्बू लोचन की राजधानी थी, जो बाहु लोचन के भाई थे जिन्होंने तावी नदी के तट पर बाहु किले का निर्माण किया था। दोनों भाई भगवान राम के वंशज थे। जम्मू रिंग रोड सहित रेल और सड़क संपर्क के तेजी से विकास के साथ धार्मिक पर्यटन बढ़ने और लकड़ी के कार्य, मिल, बासमती चावल के कारोबार, धान मिल, कालीन, इलेक्ट्रॉनिक सामान और इलेक्ट्रिक सामान जैसे कारोबार से जुड़े स्टार्टअप्स के विकास के साथ जम्मू की अर्थव्यवस्था को प्रोत्साहन मिल रहा है।

लदवाग्स, ऊंचे दर्रों की भूमि और मारियुल ऑफ नगरी के तौर पर भी जाने जाना लद्दाख सामरिक दृष्टि से खासा संवेदनशील क्षेत्र है। यह क्षेत्र कश्मीर घाटी के सत्तारूढ़ अभिजात वर्ग के सौतेले व्यवहार का शिकार रहा है। लद्दाख को एक अलग संघ शासित क्षेत्र बनाने के मोदी सरकार के फैसले से क्षेत्र के शांतिप्रिय लोगों के लिए शांति, प्रगति और संपन्नता के नए युग की शुरुआत हुई है। साथ ही विकास और आर्थिक विकास के मामलों में क्षेत्रीय संतुलन में सुधार हुआ है। लद्दाख आल वेदर (हर मौसम में चालू) सड़क से बुनियादी ढांचा में अप्रत्याशित विकास का गवाह बना है और दुर्गम तथा सामरिक क्षेत्रों तक बड़े स्तर पर राजमार्ग नेटवर्क का विस्तार हो रहा है। लद्दाख में घरेलू और अंतरराष्ट्रीय पर्यटन को प्रोत्साहन मिला है।

लद्दाख के लिए केंद्रीय वित्तीय पैकेज बढ़ गए हैं, जिससे कृषि और पशुपालन गतिविधियों बढ़ने से कृषि आधारित अर्थव्यवस्था का अभूतपूर्व विकास हो रहा है। बागवानी और नकदी फसलों के लिए सिंचाई सुविधाओं के विस्तार से उत्पादकता में सुधार हुआ है, जिससे किसानों की आय में बढ़ोतरी हुई है।

# सौर ऊर्जा को विस्तार देना आवश्यक



**के के पॉल**
(लेखक पूर्व पुलिस आयुक्त एवं पूर्व राज्यपाल हैं)

हाल ही में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने फोटोवोल्टिक-पीवी सेल आधारित भारत के सबसे बड़े सौर ऊर्जा प्लांट का उद्घाटन मध्य प्रदेश के रीवां में किया। 750 मेगावाट प्लांट का उद्घाटन करते हुए उन्होंने आत्मनिर्भरता की आवश्यकता पर जोर दिया। इस तथ्य को देखते हुए कि हमारे 80 प्रतिशत सौर ऊर्जा उपकरण चीनी हैं, सौर ऊर्जा प्लांट के उद्घाटन में इस तथ्य पर जोर देना सामयिक है। प्रधानमंत्री ने इस अवसर का प्रयोग करते हुए कहा, 'भारत को अपनी सौर ऊर्जा क्षमता का पूरा प्रयोग करने के लिए बेहतर सौर पैनलों, बैटरियों तथा भंडार निर्माण क्षमता का विकास करना चाहिए।' भारत ने 2018-19 में 2.16 बिलियन डालर के सौर वोल्टिक सेलों, पैनलों और माड्यूलों का आयात किया था।

भारत का सौभाग्य है कि देश में सूर्य का प्रकाश प्रचुर मात्रा में उपलब्ध है, पर चुनौती पीवी सेल खरीदने की है। सौर ऊर्जा की पूरी क्षमता प्राप्त करने की दिशा में यह एक सबसे बड़ी बाधा है। संसदीय स्थाई समिति द्वारा पेश रिपोर्ट के अनुसार, 2022 तक 100 गीगावाट सौर बिजली का लक्ष्य प्राप्त करने के लिए भारत में 2017-18 तक 32,000 मेगावाट की स्थापित क्षमता होनी चाहिए थी। लेकिन जनवरी, 2018 तक देश में केवल 18,455 मेगावाट क्षमता थी। स्थाई समिति के अनुसार नवीन व नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय को केवल चार वर्ष में बाकी 81,545 मेगावाट क्षमता प्राप्त करनी होगी। इसका अर्थ हर साल 20,000 मेगावाट से अधिक क्षमता है और इसे प्राप्त करना कठिन है।

हालांकि, सीमाओं के बावजूद सौर ऊर्जा की कीमत अब 2-2.5 रुपये प्रति यूनिट आ गई है जो 2014 में 7-8 रुपया प्रति यूनिट थी। सौर ऊर्जा लक्ष्य प्राप्त करने की दिशा में सबसे बड़ी कमी सौर पैनलों के देश में निर्माण का खराब रिकार्ड तथा चीनी आयात पर लगभग पूर्ण निर्भरता रही है। वर्तमान समय में चीन एकमात्र देश है जो दुनिया की अधिकांश पीवी सेल मांग पूरी करता है। वह



सबसे सस्ते सोलर पैनल बनाता है। किसी देश के लिए उसकी सस्ती कीमतों से मुकाबला करना संभव नहीं है।

इस स्थिति के कारण सौर ऊर्जा उत्पादन संबंधी उपकरणों पर वैश्विक स्तर पर चीन का लगभग एकाधिकार हो गया है और यह स्थिति दीर्घकालीन रूप से ठीक नहीं है। सौर ऊर्जा उपकरणों के बारे में हमारे अपने आयात मुख्यतः चीन से हैं जो 2014 में 86 प्रतिशत से बढ़ कर 2017 में कुल बिक्री के 90 प्रतिशत तक पहुंच गए थे। भारत जैसे विशाल देश के लिए यह एक विडंबना है कि हमारे दोनों ऊर्जा स्रोत-तेल व सौर ऊर्जा वर्तमान समय में आयातों पर निर्भर हैं। हालांकि, पीवी सेलों की निर्माण प्रक्रिया में बड़ी मात्रा में बिजली खर्च होती है तथा प्रदूषण पैदा होता है, पर इसके बावजूद चीन सस्ता विनिर्माण करता है। वर्तमान परिदृश्य में गलवान में भारत व चीन के सैनिकों के बीच टकराव तथा अनेक भारतीय सैनिकों के शहीद होने के कारण चीन से सौर तकनीक व सामग्री के आयात पर प्रतिबंध लगाया गया है, भले ही यह अर्थव्यवस्था के दृष्टिकोण से तार्किक न लगता हो।

सस्ते आयातों के अभाव में वर्तमान स्थिति शायद निराशाजनक लगे, पर विकल्पों का पूरी तरह उपयोग किया जाना चाहिए। पहला, सौर ऊर्जा प्राप्त करने के लिए सोलर थर्मल रास्ते का अब तक सीमित प्रयोग किया गया है। वर्तमान समय में केवल 6 कार्यरत सोलर थर्मल प्लांट हैं जो कुल आवश्यकता का बहुत कम हिस्सा है। यह बात समझ में आती है कि इस तकनीक का अपना लाभ है, पर यह पीवी सेल की तुलना में ज्यादा खर्चीली है। इसी कारण इसे ज्यादा स्वीकार्यता नहीं मिली है। इस क्षेत्र में ज्यादा शोध से सुनिश्चित होगा कि कीमत में कमी आए तथा मुनाफा बढ़े।

सिलिकान आधारित पीवी सेलों पर वर्तमान समय में चीन का नियंत्रण है और यह उसकी विशेषज्ञता के क्षेत्र में आता है। यह स्थिति पर्वोस्काइट सोलर सेलों के आविष्कार के समय से ही बनी हुई है। यह परीक्षित व सफल रास्ता भी है। नेशनल इंस्टीट्यूट आफ एडवांस्ड स्टडीज़, बैंगलुरू द्वारा किए अध्ययनों के अनुसार, पर्वोस्काइट सेलों की प्रभावक्षमता 2006 में लगभग तीन प्रतिशत थी, लेकिन उसमें बाद में उल्लेखनीय सुधार आया है। वर्तमान समय में यह बढ़ कर लगभग 22 प्रतिशत हो गई है जिसके कारण इसकी उपयोगिता बहुत बढ़ी है। पर्वोस्काइट कैल्शियम टिटिनेट नामक रसायन का क्रिस्टलीय रूप है। भले ही देखने में आश्चर्यजनक लगे, पर सौभाग्य से इसके विनिर्माण में प्रयोग होने वाला सारा कच्चा माल देश में उपलब्ध है। सिलिकान चिपों के विनिर्माण की तुलना में इसके विनिर्माण की प्रक्रिया भी बहुत सरल तथा कम प्रदूषण पैदा करने वाली है। इसके विनिर्माण में बिजली भी कम खर्च होती है।

पर्वोस्काइट लाइमस्टोन का उत्पाद है जो देश में भारी मात्रा में उपलब्ध है। इसके साथ ही लिमेनाइट वाली बालू से टाइटेनियम आक्साइड प्राप्त किया जाता है। यह बालू टाइटेनियम का अयस्क है। यह भी भारी मात्रा में उपलब्ध है। आंध्र प्रदेश, ओडिशा, तमिलनाडु व केरल के तटों पर यह बालू करोड़ों टन उपलब्ध है। वर्तमान समय में टाइटेनियम आक्साइड का प्रयोग कुछ पेंट व पिगमेंट उद्योग तक सीमित है जो कास्मेटिक्स व सनस्क्रीन बनाते हैं। इसका कारण यह है कि टाइटेनियम आक्साइड सूर्य की अल्ट्रावायलेट किरणों से अच्छी सुरक्षा प्रदान करता है।

## फरमाया



**यह** सच है, सुशांत कितनी बार अपने पिता से मिलने पटना गए? मुझे उनके पिता से सहानुभूति है मगर कई चीजें उभरकर सामने आएंगी।

**- संजय राउत**
शिवसेना नेता



**पर्यावरण** प्रभाव मूल्यांकन, 2020 प्रारूप की आलोचना करना जल्दबाजी है क्योंकि प्रारूप पर अंतिम निर्णय नहीं हुआ है और सभी सुझावों पर विचार किया जाएगा।

**- प्रकाश जावड़ेकर**
केंद्रीय मंत्री



**देश** में आर्थिक सुस्ती की स्थिति एक मानवीय संकट है और लाकडाउन को लेकर सरकार के दृष्टिकोण ने जनता को बहुत कष्ट दिया है।

**- मनमोहन सिंह**
पूर्व प्रधानमंत्री

## आप की बात



इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल से
pioneer.editorial@gmail.com
पर भी भेज सकते है।

www.dailypioneer.com

## बढ़ती जनसंख्या

**जरूरत** से ज्यादा कुछ भी हो, सदैव हानिकारक ही होता है, चाहे धन हो या लोग या भोजन। संपूर्ण विश्व में जनसंख्या में हो रही लगातार वृद्धि भविष्य में बड़े खतरे को दावत दे रही है। यूं कहें कि लोग बेरोजगार, भुखमरी के शिकार, कुपोषित हो रहे हैं। एक ओर ज्यादा संख्या यानी कि ज्यादा मैन पॉवर, लेकिन आज का युग तो तकनीक का युग है। इसमें मैन पॉवर से अधिक माइंड पॉवर की आवश्यकता होती है। हर दृष्टिकोण से जरूरत से ज्यादा आबादी देश की आर्थिक स्थिति को भी चरमरा देती है, सही शिक्षा व्यवस्था नहीं हो पाते, तमाम दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। कुछ लोग अभी भी अपनी पुरानी कहावत को कहते है कि बच्चा को अल्लाह और ईश्वर की देन है। कई कुप्रथाएं अभी भी विद्यमान है, जिसका खामियाजा महिलाओं को भुगतना पड़ रहा। सरकार ने तीन तलाक को कानूनी जामा पहना जुर्म बना दिया। लेकिन कई कुप्रथा को समाप्त करना उनके धर्म के खिलाफ है। सरकार को तात्कालिक फैसला लेते हुए, बढ़ती जनसंख्या पर रोक लगाने पर विचार करना चाहिए, अन्यथा काफी देर हो चुकी होगी। बढ़ती जनसंख्या भारत के लिए खतरे की घंटी है, जिसे सुनकर नजरअंदाज नहीं किया जाना चाहिए।

**- अमन जायसवाल**, दिल्ली

## नई शिक्षा नीति

**भारत** सरकार ने नई शिक्षा नीति की मंजूरी दे दी। शिक्षा राष्ट्र के भविष्य की नींव होती है। नई शिक्षा नीति में शारीरिक दण्ड, रटन पद्धति को छोड़कर रोजगारपरख शिक्षा पर बल दिया जाना अच्छा कदम है। दुनिया बैग मुक्त शिक्षा की तरफ बढ़ रही है लेकिन विडम्बना है कि हम बच्चों के पीठ पर भारी बैग को पढ़ाई का प्रतीक मानते हैं, ऐसे में नई शिक्षा नीति के लिये अभिभावकों से लेकर शिक्षकों को तैयार करना चुनौतीपूर्ण कार्य होने वाला है। दुनिया निर्मितवाद अधिगम की तरफ़ बढ़ रही यानी बच्चें खुद करके सीखते हैं, वहां अध्यापक केवल सहज अथवा पर्यवेक्षक की भूमिका में होता है, इसके लिये अनुभवी और ज्यादा प्रशिक्षित अध्यापकों की आवश्यकता होती हैं। शिक्षक-छात्र के अनुपात में भारी अंतर है। इसको दूर किये बिना निर्धारित उद्देश्य प्राप्त करना मुश्किल है। सरकारें अपनी उपलब्धियों को घर-घर तक पहुंचाने के लिये भी बच्चों के पाठ्यक्रम में योजनाए समेत घटनाओं को जोड़ देती है, ऐसी घटनाओं से बचने की आवश्यकता है। वही शिक्षकों और माता-पिता के दबाव की वजह से स्कूल में एग्जाम के नाम से बालकों में तनाव बढ़ जाता है। जिससे बालकों में सृजनात्मकता का गुण विकसित नहीं हो पाता है।

**- महेश सिद्धमुख**, राजस्थान

## स्वदेशी हथियारों से आत्मनिर्भरता

**सुरक्षा** के साथ रोजगार बढ़ेंगे देश का अगला कदम सैनी हत्यारों के बड़े निर्यात की ओर बढ़ना माना जा रहा है इसी कड़ी और आत्मनिर्भर भारत की इस मुहिम में पहले रक्षा क्षेत्र के उत्पादन को बढ़ावा दिया जाएगा, इसके लिए देश के रक्षा मंत्री राजनाथ शहर की घोषणा बहुत ही ऐतिहासिक है। केंद्र सरकार ने आत्म पर भारत अभियान के तहत सैनिक पालन बढ़ाने के लिए 101 रक्षा उपकरणों के आयात पर रोक लगाने का फैसला लिया है। हालांकि यह प्रतिबंध चरणबद्ध तरीके से इस साल दिसंबर से 2025 तक लागू होगा। यह कहा गया है कि इससे कहीं ना कहीं रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे। बड़ी संख्या में रोजगार सृजित होने से लोगों को लॉकडाउन के कारण जो परेशानियां आई है उनसे कहीं ना कहीं थोड़ी बहुत राहत मिल पाएगी।101 वस्तुओं की सूची में हल्के लड़ाकू हेलीकॉप्टर और मालवाहक विमान के साथ-साथ पनडुब्बी और क्रूज़ मिसाइलें भी अब देश में ही बनेंगी। यह देश हित और जनहित में लिया जाने वाला एक मजबूत फैसला है।

**- सुदर्शन सोराड़ी**, नैनीताल

खाद विक्रय से 80 लाख रूपए का मिला राजस्व

# अप्रैल 2019 से मार्च 2020 तक 8 एसएलआरएम सेंटर में तैयार किया 4 हजार टन सोनहा खाद

## खाद की क्वॉलिटी अच्छी होने की वजह से फॉरेस्ट और एयरपोर्ट की नर्सरी में अच्छी डिमांड

पायनियर संवाददाता ◂ भिलाई नगर
www.dailypioneer.com

लिक्विड एंड सॉलिड रिसोर्स मैनेजमेंट (एसएलआरएम सेंटर) नगर पालिक निगम प्रशासन के लिए आय का बड़ा स्त्रोत साबित हो रही है। इससे निगम प्रशासन ने एक, दो, तीन नहीं, पूरे 80 लाख रूपए का राजस्व जुटाया है। घरों से एसएलआरएम सेंटर में पहुंचने वाले गीला कचरे से बनी सोनहा खाद की क्वॉलिटी इतनी अच्छी है कि रायपुर और जगदलपुर की एजेंसी उसे हाथों-हाथ खरीदने के लिए तैयार है। निगम आयुक्त ऋतुराज रघुवंशी के निर्देश पर दो एसएलआरएम सेंटर भिलाई क्षेत्र के खमरिया और बटालियन के सामने शराब भट्ठी के पास तैयार हो रही है! निगम प्रशासन ने शहर की साफ-सफाई का ठेका लेने वाले एजेंसी मेसर्स पीवी रमन के माध्यम से खाद बेचकर सालभर में 80 लाख रूपए का राजस्व जुटाया है।



### सोनहा खाद की नर्सरी में अच्छी डिमांड

एसएलआर सेंटर का संचालन करने वाले मेसर्स पीवी रमन का कहना है कि सोनहा खाद की क्वॉलिटी अच्छी है। इस वजह से जगदलपुर फारेस्ट विभाग और रायपुर एयरपोर्ट की नर्सरी में अच्छी डिमांड है। डिमांड के अनुसार खाद की सप्लाई किया जाता है। इसके अलावा जैविक खाद बनाने वाले कुछ एजेंसी को खाद सप्लाई किया जाता है! पहले निगम क्षेत्र में 8 एसएलआरएम सेंटर थे! अविभाजित भिलाई निगम में 8 एसएलआरएम सेंटर था। इनमें से तीन एसएलआर सेंटर रिसाली निगम के गठन के बाद अलग हो गया है। इन्ही एसएलआर सेंटर से 1 मार्च 2019 से अप्रेल 2020 तक 4 हजार टन सोनहा खाद तैयार हुआ!

### गीला कचरे से तैयार करते हैं सोनहा खाद

नगर पालिक निगम के लोक स्वास्थ्य एवं स्वच्छता विभाग के अध्यक्ष लक्ष्मीपति राजू का कहना है कि सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट अधिनियम और स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत गीला कचरे को स्थानीय स्तर पर ही निपटान करना है। इसी के तहत स्वच्छता मित्र घरों से सूखा और गीला कचरा एकत्र करते हैं। गीला कचरे को एसएलआरएम सेंटर तक पहुंचाते हैं। इस तरह के शहर में 8 एसएलआरएम सेंटर थे। जहां महिलाएं कचरे की छंटाई कर गीला कचरे को अलग कर टंकियों में डालने के पश्चात कचरे के उपर बायो डी कंपोज लिक्विड का छिड़काव करके कुछ दिनों के लिए छोड़ दिया जाता है। जब कचरा पूरी तरह से सड़ जाती है तब उसे तार जाली से छानकर खाद को अलग कर लिया जाता है। 1, 5, 10 और 20 से 25 किलो का पैकेट तैयार कर रखा जाता है। निगम के स्वच्छता अधिकारी धर्मेन्द्र मिश्रा ने बताया कि निगम प्रशासन द्वारा शहर की सफाई एवं एसएलआरएम सेंटर का संचालन का ठेका दिया गया था। शर्त के मुताबिक एसएलआरएम सेंटर में माहभर में जितनी मात्रा में खाद तैयार होती है। उसकी प्रति टन की कीमत के बराबर एजेंसी के बिल में से कटौती किया जाता है। उसके बाद ही भुगतान किया जाता है।

# कलेक्टर ने किया नरवा, गरूवा, घुरवा और बाड़ी योजना के कार्यों की प्रगति की समीक्षा



पायनियर संवाददाता ◂ बालोद
www.dailypioneer.com

कलेक्टर जनमेजय महोबे आज शाम संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित बैठक में जिले में शासन की प्राथमिकता की नरवा, गरूवा, घुरवा और बाड़ी योजना के कार्यों की प्रगति की समीक्षा की और अधिकारियों को आवश्यक दिशानिर्देश दिए। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी लोकेश कुमार चन्द्राकर इस अवसर पर मौजूद थे। कलेक्टर ने गौठानों में आजीविका संवर्धन के कार्यों को प्राथमिकता से शुरू कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गौठानों में विभिन्न गतिविधियों के संचालन हेतु स्वसहायता समूहों का चयन कर उन्हें प्रशिक्षण दिया जाए। उन्होंने कहा कि गौठानों का चयन कर मुर्गीपालन, सेनिटाइजर निर्माण, गोबर के दीये, मोमबत्ती, साबुन निर्माण आदि कार्यों हेतु कार्यवाही शुरू किया जाए। कलेक्टर ने कहा कि गौठानों में निर्मित वर्मी कम्पोस्ट गुणवत्तापूर्ण हो। उन्होंने गौठानो में निर्मित कराए गए वर्मी कम्पोस्ट टैंक की जानकारी ली। कलेक्टर ने गोधन न्याय योजना के अंतर्गत अब तक गोबर खरीदी कार्य की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने नरवा संवर्धन योजना के अंतर्गत चिन्हांकित नरवा की जानकारी ली। बैठक में बताया गया कि पचास नरवा चिन्हांकित किया गया है। जिसमें राजस्व क्षेत्र के अंतर्गत 48 और वन क्षेत्र के अंतर्गत दो नरवा शामिल है। महात्मा गॉधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के अंतर्गत जिले में 374 बाड़ी स्वीकृत किए जाने की जानकारी दी गई। कलेक्टर ने वृक्षारोपण कार्य की प्रगति की जानकारी ली। बैठक में बताया गया कि अब तक तीन लाख, पॉच हजार से अधिक पौधे रोपित किए जा चुके हैं। बैठक में जिला पंचायत के अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी हेमंत ठाकुर सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

# आमाडूला के जंगल में लकड़ी लाने गए युवक पर भालुओं ने किया हमला

पायनियर संवाददाता ◂ बालोद
www.dailypioneer.com

जिले के डौंडी वन परिक्षेत्र अंतर्गत ग्राम आमाडुला के जंगल में भालू के हमले की एक घटना सामने आई है। जहां अपने ससुराल में घूमने के लिए आए एक दामाद महामाया निवासी कुलेश्वर यादव 25(वर्ष) पर 3 भालूओं ने हमला कर दिया। बताया गया है कि भालूओं में 1 मादा भालू और मादा भालू के 2 बच्चे थे। घटना के वक्त उक्त युवक आमाडूला के जंगल से लगे हुए राजस्व क्षेत्र में लकड़ी लाने के लिए गया हुआ था।

जैसे-तैसे युवक ने खुद को भालुओं से पीछा छुड़ाया और जान बचाने के लिए दौड़ लगाई। उन्हें देखकर सर्चिंग में निकले हुए फारेस्ट बीट गार्ड कमल नारायण गौतम व गीतेश यादव ने उन्हें बचाया और समय पर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र आमाडुला पहुंचाया। जहां फिर प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उसे जिला अस्पताल बालोद रेफर कर दिया।

**फॉरेस्ट बीट गार्ड ने बचाई जान**

आमाडुला का क्षेत्र बहुत ही संवेदनशील क्षेत्र माना जाता है। यहां के जंगलों में भालू, तेंदुए सहित कई जंगली जानवरों की आहट मिलती रहती है। जिसे देखते हुए वन विभाग लगातार ग्रामीणों को सचेत भी करता है, कि वह जंगल में असुरक्षित ढंग से बिल्कुल ना जाए। इस घटना के बाद वन विभाग की ओर से 500 रुपये की तात्कालिक सहायता राशि दी गई। डौंडी रेंजर पुष्पेंद्र साहू ने बताया कि लोग जंगल की ओर ना जाए।

अपने घरों में ही रहे। लगातार जंगली जानवर रहवासी इलाके में आ रहे हैं। इसलिए लोगों से अपील की गई है कि वे जंगली क्षेत्रों में जाने से बचें।

# कलेक्टर ने तांदुला जलाशय, गोंदली जलाशय और खरखरा जलाशय का निरीक्षण कर जायजा लिया





पायनियर संवाददाता ◂ बालोद
www.dailypioneer.com

कलेक्टर जनमेजय महोबे आज जिले के तांदुला जलाशय, गोंदली जलाशय और खरखरा जलाशय का निरीक्षण कर जायजा लिया। उन्होंने जलाशयों में जलभराव की स्थिति और सिंचाई क्षमता आदि की जानकारी ली।

जल संसाधन विभाग के कार्यपालन अभियंता एस.के.टीकम ने बताया कि आज की स्थिति में तांदुला जलाशय में 37 प्रतिशत, गोंदली जलाशय में 59.50 प्रतिशत और खरखरा जलाशय 65.43 प्रतिशत जलभराव हो चुका है। उन्होंने बताया कि तांदुला जलाशय से बालोद, दुर्ग और बेमेतरा जिले के लगभग एक लाख हेक्टेयर में सिंचाई होती है और गर्मी सीजन में तीनों जिले के 900 तालाबों में निस्तारी के लिए पानी दिया जाता है।

कार्यपालन अभियंता ने बताया कि गोंदली जलाशय से सात हजार हेक्टेयर में सिंचाई होती है और खरखरा जलाशय से 19 हजार हेक्टेयर में सिंचाई होती है। जल संसाधन विभाग के अनुविभागीय अधिकारी सी.एम. मोरवी भी इस अवसर पर मौजूद थे।

# श्रद्धा भक्ति और आस्था के साथ मनाया गया कृष्ण जन्माष्टमी

पायनियर संवाददाता ◂ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



जिला मुख्यालय में स्थित मंदिरों सहित ग्रामीण क्षेत्र के विभिन्न मंदिरों में कृष्ण जन्माष्टमी का आयोजन श्रद्धा भक्ति एवं आस्था के साथ मनाया गया किया गया कोरोनावायरस वायरस के चलते इस साल कहीं पर भी कोई विशेष आयोजन नहीं हो पाया इसके बाद भी लोगों ने भगवान कृष्ण की जन्म उत्सव को अपने घरों में मनाया गया जबकि मंदिरों में कोरोनावायरस के चलते चलते किसी भी तरह का कोई कार्यक्रम का आयोजन नहीं किया गया और आने वाले दर्शकों ने सोशल डिस्टेंस बनाकर कृष्ण भगवान का दर्शन कर आशीर्वाद लिया। जिला मुख्यालय में स्थित राधा कृष्ण मंदिर में भी इस वर्ष सादगी के साथ जन्म कृष्ण कृष्ण जन्माष्टमी का आयोजन किया गया जहां पर जहां के मंदिर के आचार्य पंडित सुखदेव शास्त्री दे सुबह भगवान श्री कृष्ण एवं माता राधा का स्नान कराया गया तथा सिंगार करने के बाद षोडशोपचार पूजा अर्चना कर पंजरी एवं पंचामृत का भोग चढ़ाया गया और अंत आरती किया वहीं रात बारह बजे भगवान कृष्ण के जन्म पर विशेष पूजा अर्चना कर महाआरती किया गया।


# गुण्डरदेही के अनुविभागीय अधिकारी (रा.) और तहसीलदार ने किया गिरदावरी कार्य का निरीक्षण

पायनियर संवाददाता ◂ बालोद
www.dailypioneer.com

कलेक्टर जनमेजय महोबे के निर्देश पर गुण्डरदेही के अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) भूपेन्द्र अग्रवाल और तहसीलदार ए.के.पूसाम ने ग्राम बोरगहन, फुंडा और रेंगाकठेरा में खेतों में पहुँचकर गिरदावरी कार्य का निरीक्षण किया। इस अवसर पर राजस्व निरीक्षक, पटवारी, कृषक आदि उपस्थित थे।







## बालोद विकासखण्ड के विभिन्न ग्रामों में शासकीय उचित मूल्य की दुकान के संचालन हेतु इच्छुक संस्थाओं से आवेदन 31 अगस्त तक

**बालोद।** अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) बालोद सिल्ली थॉमस ने बताया कि बालोद विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम पंचायत पोण्डी, अरौद, भोईनापार, अंगारी, देवारभाट, लोण्डी, हीरापुर, जगन्नाथपुर, हथौद, चारवाही, डेंगरापार, लाटाबोड़, मुल्लेगुड़ा, खपरी, जमरूवा, भेंगारी, जगतरा, टेकापार, मालगॉव और घुमका में सार्वजनिक वितरण प्रणाली की शासकीय उचित मूल्य की दुकानों के संचालन हेतु इच्छुक संस्थाओं से आवेदन शर्तो के अधीन 31 अगस्त 2020 शाम 05.30 बजे तक कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) बालोद में निर्धारित प्रारूप में मंगाए गए हैं। उक्त संबंध में विस्तृत जानकारी कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) बालोद से प्राप्त की जा सकती है।

## सिंचाई जलाशयों में केज कल्चर हेतु आवेदन 25 अगस्त तक

**बालोद।** बालोद जिला अंतर्गत सिंचाई जलाशयों में केज कल्चर (पिंजड़ा में मछली पालन) एवं स्वयं की भूमि पर तालाब निर्माण हेतु मछली पालन विभाग में आवेदन मंगाए गए हैं। मछली पालन विभाग के सहायक संचालक ने बताया कि इच्छुक हितग्राही अपना आवेदन कार्यालय सहायक संचालक मछली पालन विभाग बालोद में 25 अगस्त 2020 तक जमा कर सकते हैं।

उन्होंने बताया कि उक्त संबंध में नियम व शर्तें विभाग से प्राप्त की जा सकती है।

# गंदगी मुक्त भारत के तहत जिला पंचायत सीईओ ने कांफ्रेसिंग मोबाइल के माध्यम से सरपंचों से की बात

पायनियर संवाददाता ◂ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के तहत ''गंदगी मुक्त भारत'' अभियान के अंतर्गत रीता यादव, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत से वीडियो कांफ्रेसिंग मोबाईल के माध्यम से सरपंचों से अपने-अपने ग्राम पंचायतों में स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के कार्यों को करने एवं गांव को गंदगी मुक्त करने के लिए आग्रह किया। ग्राम सभाओं में प्रस्ताव पास करके सत्यापन के बाद जिले में भेजेंगे। 15 अगस्त से ग्राम सभाएं होगी, जिसमें ओडीएफ प्लस घोषणा के लिए प्रस्ताव लिया जाएगा। ओडीएफ प्लस का प्रमाण पत्र सरपंच/सचिव के माध्यम से कार्यालय जनपद पंचायत में भेजना है। जहां पर जिला सत्यापन दल के द्वारा ओडीएफ प्लस गांव की पुनः परीक्षण करेंगे। इसके बाद राज्य द्वारा गठित अंतर्जिला सत्यापन दल के द्वारा ओडीएफ प्लस के मापदंडों की जांच करने जाएगी। इसके बाद ही ओडीएफ प्लस घोषित किया जायेगा। यदि ओडीएफ प्लस सर्वेक्षण सत्यापन दल के द्वारा यदि कोई कमी पाई जाती है तो उसे पूर्ण करने के लिए 30 दिनों का समय प्रदान किया जायेगा। इस तरह से पूरे राज्य में 4.34 करो? रूपये के पुरस्कार प्रदाय किये जाएगें। इस अभियान में आयोजित 15 विभिन्न गतिविधियों अंतर्गत चयनित प्रतिभागियों को 02 अक्टूबर, 2020 को महात्मा गांधी के जयंती के अवसर पर आयोजित कार्य म में पुरस्कृत किया जायेगा। गांवों को गंदगी मुक्त बनाने के लिए लोगों का इस अभियान में अधिक से अधिक शामिल करने की बात कही। सामुहिक सहभागिता बहुत ही महत्वपूर्ण कार्य है इस अभियान को सफल बनाने के लिए 8 अगस्त से 15 अगस्त तक ग्राम पंचायत में विभिन्न कार्य मों के माध्यम से अलग-अलग कार्य किये जाना है। गांव में कचरे का समुचित प्रबंधन कराना ताकि खाद बनाते बने, स्वच्छाग्राहियों को घर-घर जाकर गीला कचरा एवं सुखा कचरा को एक जगह इक्ट्ठा करने के बारे में बताने, गृह भेंट कार्य म के दौरान लोगों को शौचालय का अधिक से अधिक उपयोग करने के लिए स्वास्थ्य से संबंधित फायदे की जानकारी देने के लिए कहा गया है। ज्यादा से ज्यादा कपड़े के बने थैले का ही उपयोग करने की बात कही गई है। साफ स्वच्छ गांव बनाने के लिए सामुहिक श्रमदान के माध्यम से कार्य किये जायेंगे एवं सोषल डिस्टेसिंग, मास्क, हाथ धुलाई के बारे में बताने की बातें कही गई। उक्त ई-रात्रि चैपाल में ग्राम पंचायत बीजाभाट, कंतेली, जांता, बहरबोड, बावामोहतरा, मरका, नरी, सनकपाट, चोरभटठी, खामही, चिल्फी, खम्हरिया, उमरिया, झालम, खिलोरा, जेवरी, जेवरा एस, झांकी, धोबनीखुर्द, भीमपुरी, पेण्ड्री, प्रतापपुर, खपरी एन, हरमुडी, गोपालभैना, गनिया, समेशर, मुरता, कामता, कवराकांपा, रनबोड, अंधियारखोर, खाम्ही, खुरूसबोड, जामगांव, भरदालोधी, उमरावनगर, राखी, करमू, सैगोना, मोहभटठा, चण्डी, सिलघट, रेवे, आनंदगांव, कुम्ही, खर्रा, घटियाकला, खिसोरा इत्यादि ग्राम पंचायतों के सरपंच एवं सचिव शामिल हुए।

प्रदेश के 10000 से अधिक अनियमित कर्मचारियों ने अपनी पीड़ा को ट्वीटर पर मुख्यमंत्री, टी.एस. सिंहदेव के समक्ष रखा

# ट्वीटर पर ट्रेंड किया–अनियमित से आजादी

पायनियर संवाददाता ◂ बेमेतरा
www.dailypioneer.com




छत्तीसगढ़ संयुक्त अनियमित कर्मचारी महासंघ के द्वारा ''12 अगस्त 2020'' को अपनी नियमितीकरण की माँगों को लेकर वर्चुअल प्लेटफार्म ट्वीटर पर ''वर्चुअल रैली' का आयोजन किया गया। प्रदेश के 10000 से अधिक अनियमित कर्मचारियों ने अपनी पीड़ा को ट्वीटर पर #अनियमितसेआजादी टैग लाइन के माध्यम से माननीय मुख्यमंत्री, माननीय टी.एस. सिंहदेव एवं अन्य सक्षम प्राधिकारियों के समक्ष रखा। महासंघ अपनी माँगों को लेकर पहली बार सोशल मीडिया प्लेटफार्म ट्वीटर का सहारा लिया, जाहिर सी बात है कि सरकार द्वारा अपने घोषणा पत्र में अनियमित कर्मचारियों को नियमित करने, किसी भी कर्मचारी की छटनी नहीं करने तथा आउटसोर्सिंग बंद करने के वादे किये हैं किन्तु वहीं दूसरी ओर अनियमित कर्मचारियों की छंटनी एवं नियमित भर्ती प्रशासन द्वारा लगातार किया जा रहा है। गोपाल गिरी गोस्वामी, प्रांताध्यक्ष, छत्तीसगढ संयुक्त अनियमित कर्मचारी महासंघ, प्रदेश संयोजक गोपाल प्रसाद साहू, भगवती शर्मा, अनीता सिंह, तारकेश्वर साहू, श्रीकांत लश्कर, सुदर्शन मंडल, गोविंद साहू, अजीत नाविक, जुनैद खान, सुदेश यादव, महेश सिन्हा, विनय यादव, अभिषेक ठाकुर एवं अन्य अनियमित कर्मचारियों द्वारा वर्चुअल रैली सोशल मीडिया ट्विटर के माध्यम से मुख्यमंत्री से किसी भी अनियमित कर्मचारियों की छंटनी/सेवा समाप्त नहीं किये जाने के साथ ही किसी प्रकार की शिकायत पर नियमित कर्मचारियों की भांति नोटिस जारी, जांच प्रक्रिया एवं दोषी पाये जाने पर निलंबन की कार्यवाही संबधित अधिसूचना/ दिशा निर्देश जारी करने का अनुरोध किया गया।

उल्लेखनीय है की प्रदेश में कार्यरत अनियमित कर्मचारी/ अधिकारी के नियमितिकरण करने, जबरन निकाले अनियमित कर्मचारियों को बहाल करने, छटनी न किये जाने, शासकीय सेवाओं में आउटसोर्सिंग/ ठेका प्रथा को पूर्णतः समाप्त कर कर्मचारियों का समायोजन करने, अंशकालिक कर्मचारियों को पूर्णकालीन करने वादा के विपरित सरकार द्वारा किसी प्रकार का प्रावधान/ घोषणा नहीं होने से काफी निराश है और इस वादाखिलाफी के खिलाफ महासंघ अपने गतिविधियों को गति देने 'वर्चुअल रैली' का आयोजन किया। रवि गढ़पाले, महासचिव ने कहा कि जिस प्रकार हमने 15 अगस्त 1947 को गुलामी से आजादी पाई थी ठीक उसी प्रकार हम अनियमित कर्मचारी संविदा, दैनिक वेतन भोगी, प्लेसमेंट, आउटसोर्सिंग, ठेका, मानदेय, जॉब दर, कलेक्टर दर, रूपी शोषणकारी प्रथा का दंश झेल रहे हैं।

जिससे अब कांग्रेस पार्टी के जन घोषणा पत्र के अनुसार हमें भी आजादी चाहिए, इस वर्चुअल रैली के सफल क्रियान्वयन के लिए मिडिया साथियों, महासंघ के पदाधिकारियों, सदस्य साथियों को ध्यन्यवाद ज्ञापित किया।

फेसबुक जैसी प्रतिष्ठित संस्थान में हुआ चयन

# प्रतिभावान नुपूर बघेल ने अमेरिका में किया भिलाई का नाम रोशन

पायनियर संवाददाता ◂ भिलाई
www.dailypioneer.com



भिलाई की एक और प्रतिभावान छात्रा नुपूर बघेल ने अमेरिका में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। वर्तमान में नुपूर अमेरिका के प्रतिष्ठित यूनिवर्सिटी पेनीसिलवानिया में डाटा साइंस में एमएस की पढ़ाई कर रही हैं। नुपूर बघेल को अध्ययन के दौरान माइक्रोसाफ्ट और फेसबुक जैसे प्रतिष्ठित कम्पनियों से इंटर्नशिप ऑफर की गई। जिसमें से नुपूर ने अपने इंटर्नशिप के लिए फेसबुक को चुना। अमेरिका में अध्ययनरत् नुपूर का चयन यूएसए के कैलीफोर्निया में स्थिति सुप्रसिद्ध कम्पनी फेसबुक में साफ्टवेयर इंजीनियर के रूप में हुआ है। जहाँ नुपूर को डेढ़ करोड़ रूपये का वार्षिक पैकेज प्राप्त हुआ है। नुपूर बघेल ने अपनी मेधा से इस मुकाम को हासिल कर भिलाई का नाम रोशन किया है। उल्लेखनीय है कि बहुआयामी प्रतिभा की धनी नुपूर बघेल ने अपने छात्र जीवन से ही अनेक प्रतिष्ठित उपलब्धियाँ हासिल की है। उन्होंने वर्ष 2015 में सीबीएसई के 12वीं बोर्ड में 97.2 प्रतिशत अंक लेकर पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में द्वितीय स्थान प्राप्त कर भिलाई को गौरवान्वित किया था। वर्ष 2013 में राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित होने वाले नेशनल टैलेंट सर्च एग्जाम (एनटीएसई) में चयनित होकर अपने प्रतिभा का लोहा मनवाया। इसी क्रम में इडियन इन्स्टीट्यूट ऑफ साइंस, बैंगलोर द्वारा वर्ष 2015 में आयोजित किशोर वैज्ञानिक प्रोत्साहन योजना में सेलेक्ट होकर नुपूर ने पुनः अपने मेधा का परिचय दिया। नुपूर बघेल ने वर्ष 2015 से 2019 के मध्य दिल्ली यूनिवर्सिटी के एनएसआईटी कॉलेज से अपनी बीटेक (कम्प्यूटर साइंस) की डिग्री हासिल की। इस दौरान उन्हें 'मोजिला फॉयरफॉक्स ब्राउजर प्रोजेक्ट' पर योगदान देने का अवसर मिला। नुपूर बघेल न केवल प्रतिभावान छात्रा हैं, बल्कि उन्होंने एक कुशल नृत्यांगना के रूप में भरतनाट्यम में विशारद् की डिग्री हासिल की है। विदित हो कि उनकी सम्पूर्ण शिक्षा भिलाई-टाउनशिप में सम्पन्न हुई। उन्हें विभिन्न स्कॉलरशिप के साथ-साथ संयंत्र द्वारा प्रदत्त प्रधानमंत्री ट्रॉफी स्कॉलरशिप से भी नवाजा गया। नुपूर बघेल के पिता कुंतल बघेल, सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के ईआरएस विभाग में उप महाप्रबंधक तथा माता व पूर्व बीएसपी अधिकारी दीप्ति बघेल, अमेरिका के न्यूक्लीयस टेक कम्पनी में साफ्टवेयर इंजीनियर के रूप में कार्यरत् हैं। उनकी इस उपलब्धि पर भिलाई बिरादरी ने खुशी जाहिर की है।

# पुसौर में ढाई करोड़ की लागत से बनेगा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र

## किसानों व पशुपालकों को गोबर विक्रय के दूसरे भुगतान की तैयारी पूर्ण करें: कलेक्टर

■ कलेक्टर ने टीएल बैठक में की विभागीय कार्यों की समीक्षा

पायनियर संवाददाता ◄ रायगढ़
www.dailypioneer.com



कलेक्टर भीम सिंह ने मंगलवार को कलेक्टोरेट के सभाकक्ष में टीएल (समय-सीमा)की बैठक लेकर जिला स्तरीय विभागीय कार्यों के प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने किसानों और पशुपालकों के लिए सर्वाधिक महत्वपूर्ण गोधन न्याय योजना के अंतर्गत गोठानों में गोबर खरीदी के दूसरे किश्त की राशि भुगतान के लिए अभी से तैयारियां पूरी करने के निर्देश दिए। इस राशि का भुगतान 20 अगस्त को किया जाना है, जिन गोठान में गोबर खरीदी अब प्रारंभ हुई है उनके खाते सहकारी समितियों में खोलने तथा नये गोबर विक्रेताओं के नाम कार्ड बनाने तथा उनके भी बैंक खाते की संपूर्ण जानकारी अपग्रेड करने के निर्देश दिए हैं।

कलेक्टर भीम सिंह ने जिले के जिन गोठानों में गोबर की खरीदी में कमी आयी है उनकी समीक्षा करने के जिम्मेदारी सभी जनपद पंचायत सीईओं को सौंपते हुए प्रतिदिन के गोबर खरीदी की मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। उन्होंने गोठान समिति के सदस्यों तथा ग्राम सरपंच के माध्यम से गांवों में बैठक आयोजित कर पशुओं को गोठान में लाने के प्रति प्रेरित करने को कहा। कलेक्टर ने कृषि और पशुपालन विभाग के अधिकारियों को प्रत्येक गोठानों में दो माह के उपयोग के लिए चारा उपलब्ध कराने तथा पशुपालकों और किसानों के घरों से गोबर एकत्र कर गोठान में लाने के लिये वाहन या बैलगाड़ी उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। उन्होंने चरवाहों का भी कार्ड बनाने तथा गोठानों में आने वाले पशुओं का गोबर बिक्री चरवाहे के नाम दर्ज करने के निर्देश दिये ताकि उसे भी आर्थिक लाभ हो। कलेक्टर भीम सिंह ने सभी एसडीएम और सीईओ को विडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से निर्देशित किया कि सभी गोठानों में निर्धारित मापदण्ड के अनुसार वर्मी कम्पोस्ट पिट का निर्माण एक सप्ताह के भीतर पूर्ण करना सुनिश्चित करें और शासन के दिशा-निर्देशों का पालन कराए।

कलेक्टर भीम सिंह ने बताया कि पुसौर में 2.5 करोड़ की लागत से नया सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का निर्माण कराया जायेगा और जिले के सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के भवनों को चिकित्सकीय कार्य के आवश्यकता के अनुसार मरम्मत तथा पुननिर्माण के प्रस्ताव शीघ्र तैयार कराये जाने के लिए निर्देशित किया। जिससे जिले के सभी क्षेत्र के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध हो सके। उन्होंने शिक्षा विभाग के अधिकारियों को जिले के प्रत्येक विकासखण्ड में एक-एक अंग्रेजी माध्यम स्कूल प्रारंभ करने के लिए स्थान और भवन चिन्हांकित करने और रायगढ़ जिला मुख्यालय में संचालित होने वाले अंग्रेजी माध्यम स्कूल संचालन के लिए स्कूल भवन का रंग रोगन, शौचालय निर्माण एवं फर्नीचर इत्यादि की व्यवस्था शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिये। टीएल (समय-सीमा) की बैठक के दौरान एडीएम राजेन्द्र कुमार कटारा, जिला पंचायत सीईओ सुश्री ग चा प्रकाश चौधरी, अपर कलेक्टर आरए कुरूवंशी, नगर निगम आयुक्त आशुतोष पाण्डेय, सीएमएचओ डॉ.एसएन केशरी सहित सभी विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

## क्विक न्यूज

### संसदीय सचिव शंकुन्तला साहू मुंगेली में ध्वज फहरायेंगी



**मुंगेली।** विगत वर्ष की भांति इस वर्ष भी जिले में 15 अगस्त स्वंतत्रता दिवस को गरिमामय वातावरण में मनाया जाएगा। 15 अगस्त स्वंतत्रता दिवस का जिला स्तरीय मुख्य समारोह का आयोजन जिला मुख्यालय स्थित डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी स्टेडियम में किया जाएगा। जहां छत्तीसगढ़ शासन के संसदीय सचिव और बलौदा बाजार-भाटापारा जिले के विधानसभा क्षेत्र कसडोल के विधायक सुश्री शंकुन्तला साहू मुख्य अतिथि की आसंदी से राष्ट्रीय ध्वज फहरायेंगीं और परेड की सलामी लेंगी। तत्पश्चात् मुख्य अतिथि साहू मुख्यमंत्री द्वारा जनता के नाम प्रेषित संदेश का वाचन तथा कोरोना वारियर्स डाक्टरों, पुलिस, स्वास्थ्य और स्वच्छता कर्मियों को सम्मानित करेंगी।

### ग्राम पंचायतों की सड़के की हालत बद से बदत्तर



**मुंगेली।** जिले में इन दिनों सड़कों की समस्याएं लगातार गहराती जा रही है, चाहे वह नगर को रायपुर, बिलासपुर, कवर्धा एवं लोरमी से जोड़ने वाली मुख्य सड़क हो या फिर ग्राम पंचायतों की सड़के हो सभी का हाल बद से बदत्तर हो चला है जिसको दखते हुए ग्राम वासियों ने अब अपनी गुहार लगाने जिला मुख्यालय की तरफ रूख करना प्रारंभ कर दिया है। बीते दिनों जहां जिला मुख्यालय से महज कुछ ही दूरी पर स्थित ग्राम पंचायत के लोगो ने समाजवादी पार्टी के मिलाउ यादव के नेतृत्व में जिला कलेक्ट्रेट पहुच कलेक्टर के नाम ज्ञापन दिया, मिली जानकारी के अनुसार समय अवधी खत्म हो जाने के बाद भी सडक का कार्य पुरा न हो पाने का विरोध किया है, ग्रामवासियों के मुताबिक ग्राम पंचायत निरजाम पूर्व वर्तमान ग्राम पंचायत चालान के आश्रित ग्राम देवकीदह में पी डब्लू डी विभाग के स्वीकृत कार्य विगत 5 माह पहले चालू हुआ था।

## महापौर ने निर्माण कार्यों में गति लाने किया औचक निरीक्षण



■ शहरी पथकर व्यवसायियों को मिलेगा लाभ- विकास

पायनियर संवाददाता ◄ रायगढ़
www.dailypioneer.com

नगर पालिक निगम महापौर ने एमआईसी सदस्य एवम निगम के अधिकारियों के साथ निगम क्षेत्र में चल रहे निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। ज्ञात हो कि निगम क्षेत्र में चल रहे निर्माण कार्यों के निरीक्षण के लिए निगम महापौर जानकी काट्जू एम आईसी सदस्य विकास ठेठवार, जिला कांग्रेस के नगर अध्यक्ष शाखा यादव ने सघन दौरा किया। जहां निगम के ईई अजित तिग्गा, सहा अभियंता अघरिया ने निर्माण स्थल पर सम्बंधित कार्यों की जानकारी दी। महापौर जानकी काट्जू ने बताया कि पौनी पसारी योजना मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की महत्वाकांक्षी योजना है इस योजना से गरीब मजदूरों को व्यापार की मुख्यधारा से जोड़कर पथ विक्रेताओं को रोजगार देने की मुख्य योजना है। हमने निर्माण कार्य अन्तर्गत डिग्री कालेज सामने पौनी पसरा एवम मरीन ड्राइव में दुकान का निरीक्षण किया। जिसमें किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। वहीं एमआईसी सदस्य विकास ठेठवार ने बताया कि मरीन ड्राइव में 24 दुकानें बन रही है। जिनकी साइज 10 × 12 मीटर व पसरा निर्माण में 9 मीटर में एक पसरा का निर्माण हो रहा है। जिसमे लगभग 50 -60 सब्जी व्यवसायी बैठकर अपनी रोजी रोटी कमा सकेंगे, तो वहीं अन्य शहरी पथकर व्यवसायी भी इससे लाभान्वित होंगे।

## उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय मुंगेली में प्रवेश जारी

पायनियर संवाददाता ◄ मुंगेली
www.dailypioneer.com




कलेक्टर एवं संचालन प्रबंधन समिति के अध्यक्ष पी.एस.एल्मा के निर्देशानुसार शाला में कक्षा पहली से कक्षा ग्यारहवीं तक अंग्रेजी माध्यम के सभी कक्षाओं में प्रवेश जारी है । प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक विभाग में 11 बजे से 2 बजे तक एवं हाई एवं हायर सेकेंडरी के विद्यार्थी अथवा उनके पालक टीसी की मूल प्रति एवं अन्य आवश्यक दस्तावेज की छाया प्रति 2 बजे से 4 बजे तक जमा कर अंग्रेजी माध्यम की सभी विषयों की निःशुल्क पुस्तकें प्राप्त कर सकते है। पूर्व में लाटरी पद्धति से चयनित कक्षा पहली से कक्षा दसवीं तक कक्षावार 40 विद्यार्थियों को प्रवेश की अंतिम तिथि 20 अप्रैल निर्धारित की गई थी। इसी प्रकार कक्षा 11 वीं की विज्ञान गणित एवं वाणिज्य संकाय में भी प्रवेश जारी है। 20 अगस्त के बाद सीट रिक्त रहने पर सभी कक्षाओं में प्रतीक्षा सूची से एवं पात्र विद्यार्थियों को लेकर 30 अगस्त तक प्रवेश दिया जाएगा। प्रवेश लेने वाले दोनों माध्यमों के विद्यार्थियों को निःशुल्क पाठ्य पुस्तकों का बंडल भी दिया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि 6वीं में 11, 7वीं में 8, विद्यार्थियों की परीक्षा सूची में नाम है। पूर्व में कक्षा 11 वीं जीवविज्ञान में 21, गणित में 9, एवं वाणिज्य में कक्षा 11 विद्यार्थियों का चयन किया गया है।

## कलेक्टर ने एसपी के साथ छोटे खैरा का दौरा कर दी समझाइश

पायनियर संवाददाता ◄ रायगढ़
www.dailypioneer.com



कलेक्टर भीम सिंह ने मंगलवार को पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह के साथ खरसिया क्षेत्र के सर्वाधिक कोरोना संक्रमित ग्राम-छोटे खैरा पहुंचकर ग्रामवासियों को समझाईश देते हुए कहा कि कोरोना बीमारी के संक्रमण की गंभीरता को समझते हुए शासन की गाईड लाइन का पालन करें। क्योंकि आप लोगों की छोटी सी गलती पूरे क्षेत्र के लोगों को खतरे में डाल सकती है। उन्होंने गांव के लोगों से लाउड स्पीकर के माध्यम से अपील किया कि गांव में रहने वाले उम्र दराज वृद्ध व्यक्तियों और छोटे-छोटे बच्चों को बहुत खतरा है इसलिए सभी लोग स्वास्थ्य विभाग के डॉक्टरों और कर्मचारियों की बात को समझते हुए अपना सेम्पल देकर जांच कराए और जिनके सेम्पल पॉजिटिव पाए जाएंगे उन्हें सारंगढ़ में कोविड' सेंटरों में इलाज के लिए रहना होगा। कोरोना संक्रमित मरीजों को शासन द्वारा निर्धारित प्रक्रिया के तहत इलाज, भोजन तथा रहने की सभी सुविधायें उपलब्ध करायी जा रही है। स्वास्थ्य विभाग तथा प्रशासन और पुलिस टीम के सदस्य लगातार अपनी जान की परवाह न करते हुए कोरोना संक्रमित मरीजों की सेवा में दिन रात लगे हुए हैं। कलेक्टर ने अपनी अपील में कहा कि कोरोना संक्रमण से डरने की आवश्यकता नहीं है शासन आपके साथ है इसलिए प्रशासन, पुलिस एवं स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारी आपके पास आये हुए हैं। गांव के लोगों को किसी भी व्यक्ति के बहकावें या उकसाने में न आए और प्रशासन का सहयोग कर क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखे। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह ने ग्रामवासियों से कहा कि पुलिस के पास सभी सूचनाएं उपलब्ध हैं।

### आवश्यक व्यवस्था करने के निर्देश

कलेक्टर भीम सिंह ने सारंगढ़ पहुंचकर कोरोना संक्रमित मरीजों के इलाज के लिए सीपीएम कला एवं विज्ञान महाविद्यालय का निरीक्षण किया और कोरोना संक्रमित महिला और पुरूषों मरीजों के लिए अलग-अलग 200 बेड की व्यवस्था एवं शौचालय इत्यादि की आवश्यक व्यवस्था करने के निर्देश एसडीएम सारंगढ़ को दिए।

## भुलनकापा में शुरु हुई मोहल्ला पाठशाला 6 युवा शिक्षा दान करने सामने आए

पायनियर संवाददाता ◄ मुंगेली
www.dailypioneer.com



वि. ख. पथरिया अंतर्गत संकुल केन्द्र भरेवा के शासकीय प्राथमिक शाला भुलनकापा में अध्ययनरत बच्चों के लिए मोहल्ला पाठशाला प्रारंभ किया गया है। जिसमें शाला के शिक्षक लोमश साहु एवम् श्रीमती भावना यादव के अतिरिक्त गाँव के ही पढ़े लिखे युवाओं द्वारा कक्षा ली जा रही है इनमें सत्यनारायण कोशले,नर्मदा प्रसाद कोशले,गुलाब डहरिया,सुमती वर्मा ,राघवेन्द्र एवम् धनंजय शामिल है।

कोरोना वायरस के कारण स्कुल बंद है। ऐसे में आनलाइन पढ़ाई पर जोर दिया गया लेकिन गांव में नेटवर्क की एवं कई पालकों के पास स्मार्ट फ ोन नहीं होने के कारण बच्चों की पढ़ाई बाधित हो रही थी, शासन के निर्देशानुसार आफ लाइन कोर्स हेतु स्थिति को देखते हुए शाला समिति,क्षेत्र के जनपद पंचायत के पदाधिकारी जगदीश वर्मा सरपंच सुशीला राजेश साहु उपसरपंच राजेश गेंदले, टीकाराम वर्मा,मनोज नवरंग गाँव के सभी वार्डो के पंच एवम् सभी पालक बंधुओ के सहयोग से पढाई तुहर मोहल्ला पाठशाला प्रारंभ की गई है।

## कृषि उपज मंडी बना अस्थायी गौठान

पायनियर संवाददाता ◄ जैजैपुर
www.dailypioneer.com



**खबर का असर**

नगर पंचायत जैजैपुर में नगरवासियो एवं पार्षदगणो की प्रयास से आवारा मवेशियो को कृषि उपज मंडी जैजैपुर मे रखा गया है। हमारे प्रदेश के मुख्य मंत्री भूपेश बधेल कि कथन को साकार करते हुए रोका छेका के तहत आवारा मवेशियो को एक जगह रख कर देख भाल करने का वीणा नगर पंचायत जैजैपुर वासियो ने उठाया है। हमारे अखबार मे यह समाचार प्रमुखता से प्रकाशित हुआ जिसका संज्ञान लेते हुए नगर पंचायत अध्यक्ष सोनसाय देवांगन ने नगरवासियो के साथ नगर पंचायत कर्मचारियो का सहयोग लेते हुए जो अभी वर्तमान मे कृषि उपज मंडी खाली पड़ी थी उसका उपयोग करते हुए उसे अस्थाई गौठान बनाया गया है और आवारा मवेशियो को रखा गया है। नगर पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि निगरानी समिति बनाया जायेगा जिसमें नगर पंचायत एवं नगरवासियो से सहयोग लिया जावेगा और आवारा मवेशी को कृषि उपज मंडी मे रखा जावेगा । उनका देख रेख निगरानी समिति करेगी मवेशीयो का खाने पीने की भी व्यवस्था किया जावेगा।

इस तरह खबर का असर ने रंग लाया और कृषि उपज मंडी मवेशियो के लिए गौठान बन गया । इसमे उन्हे किसी प्रकार कि परेशानी नही होगी । वही पर प्रदेश के मुखिया माननीय भुपेश बघेल का कारवां नरवा.गरवा . .घुरवा एवं बाड़ी का भी सपना साकार होते रोका छेका का भी कार्य का संपादन किया जा रहा है । इससे किसानो की खड़ी फसल को नुकसान भी नही होगा और प्रदेश को गोबर कि भी पूर्ति होगी। जिससे माननीय बघेल जी का कथन भी सफ्ल होगा और बेरोजगार को रोजगार भी मिल जायेगा जिनसे उनकी दो जून कि रोटी भी मिल सकेगा। उसी कड़ी का पालन करते हुए नगर पंचायत के निवासियों ने यह वीणा उठाया है हम सुरक्षित तो मवेशी सुरक्षित होना दिखाई दे रहा है।

> नगर पंचायत एवं नगरवासियों की सहयोग से समिति बनाई जावेगी जिनका देख रेख समिति करेगी ताकि किसी भी कृषक का फसल नुकसान नही होगा बॉकी बचे आवारा मवेशियो को एक दो दिन मे कृषि उपज मंडी जैजैपुर मे रखा जावेगा।
> -सोनसाय देवांगन - नगर पंचायत अध्यक्ष जैजैपुर

## पुलिस विभाग में मिले दो कोरोना पॉजिटिव थाना सील

**लोरमी।** लोरमी एस डी एम नवीन कुमार भगत से मिली जानकारी के अनुसार लोरमी पुलिस विभाग में मिले 2 कोरोना पॉजिटिव केस हैं, उक्त दोनो पुलिसकर्मियों का लोरमी में एंटीजन टेस्ट में पॉजिटिव पाया गया है, दोनो केस पुलिस विभाग के हैं और दोनो पुलिस कर्मी को ईलाज के लिए मुंगेली कोविड हॉस्पिटल में भेजा गया है वही लोरमी थाने को सील किया जा रहा है। बताया जा रहा उक्त पुलिस कर्मी केस की तहकीकात करने के लिए छत्तीसगढ़ राज्य से दूर राज्य गए हुए थे जहां उनके आने के बाद टेस्ट किया गया जिसमें कोरोना पाजेटिव पाया गया। लोरमी थाना के दो पुलिसकर्मियों की कोरोना रिपोर्ट पॉजिटिव पाई गई है जिससे पूरे थाना परिसर को सील करने की तैयारी की जा रही है साथ ही थाना प्रभारी सहित पूरे स्टाफ को होम आइसोलेशन में रहने की हिदायत दी गयी है। लोरमी एसडीओपी कादिर खान ने बताया कि लोरमी थाना के दो स्टाफ की कोरोना रिपोर्ट पॉजिटिव आयी है जिसके बाद पूरे थाना परिसर को सील करने की तैयारी जा रही है साथ ही लोरमी थाना के सभी स्टाफ को होम आइसोलेशन में रहने के निर्देश दिए गए है। वहीं लोरमी थाना को मजगाँव मे बने नए थाना भवन में शिफ्ट किया जाएगा जहाँ पुलिस लाइन से नए स्टाफ की नियुक्ति करके थाने का संचालन किया जाएगा।



## निरीक्षण पर निकली एसडीएम अनुराधा, सचिव, कोटवार समेत तीन को नोटिस

पायनियर संवाददाता ◄ पथरिया
www.dailypioneer.com



पथरिया एसडीएम अनुराधा अग्रवाल अपने दायित्वों का पालन करते हुए क्षेत्र के औचक निरीक्षण में निकली । जहाँ अनुशासनहीनता करने वाले अधिकारी और कर्मचारियो को उनके द्वारा नोटिस भेजा गया है।

जिला कलेक्टर पी एस एल्मा के निर्देशानुसार पथरिया एसडीएम अनुराधा मंगलवाल के दिन ग्रामीण सचिवालयो के कार्यप्रणाली की जांच करने पहुँची । कलेक्टर के निर्देशानुसार सभी पटवारी सचिव कोटवार एवं अन्य कर्मचारियो को सप्ताह के सोमवार और मंगलवार के दिन ग्रामीण सचिवालय में बैठकर ग्राम वाशियो के समस्याओं का निराकरण करना है । जिसके क्रियान्वयन के जाँच में पथरिया एसडीएम विकाशखण्ड पथरिया के ग्राम कपूवा और भटगांव के ग्रामीण सचिवालय में पहुँची।


## कार्यालय कार्यपालन अभियंता लो.नि.वि. संभाग क्र.-03

डी-1/17, सेक्टर-17, नवा रायपुर अटल नगर, जिला- रायपुर (छ.ग.)

### तृतीय निविदा आमंत्रण सूचना

क्रमांक-2654/NIT-8.2/2020-2021/व ले लि — दिनांक 07/08/2020

निविदा प्रपत्र क्रय करने हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथिः- 17/08/2020 अपरान्ह 5.30 बजे तक
ठेकेदारों द्वारा प्रस्तुत निविदायें प्राप्त करने की अंतिम तिथिः- 25/08/2020 अपरान्ह 5.30 बजे तक
निविदा खोलने की तिथिः- 26/08/2020 पूर्वान्ह 11.30 बजे तक
निविदाकारों की श्रेणी :- सभी निविदाओं हेतु ई-पंजीयन के अंतर्गत श्रेणी ''द'' से ''अ'' तक

| एन. आई. टी. नंबर निविदा क्र. | कार्य का नाम/ No Of Calls | कार्य की अनुमानित लागत (लाख में) अमानत राशि (रू. में) बैंक साल्वेंसी (रू. में) |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 8.2 T0068 | उपसंभाग क्रमांक-3 नवा रायपुर के अंतर्गत कचना उपखण्ड में आने वाले विभिन्न आवासगृहों के लिये पेटी बाजार सप्लाई का कार्य (तृतीय आमंत्रण) | 3.00<br>3000.00<br>45000.00 |
| 8.2 T0069 | उपसंभाग क्रमांक-3 के अंतर्गत उपखण्ड क्रमांक-1 के अंतर्गत आने वाले विभिन्न मार्गों में विशेष मरम्मत कार्य (तृतीय आमंत्रण) | 19.95<br>15000.00<br>300000.00 |
| 8.2 T0071 | निर्माण उपसंभाग क्रमांक-1 नवा रायपुर के उपखण्ड क्रमांक 2 के अंतर्गत आने वाले विभिन्न मार्गों एवं पुल पुलियों में साधारण/विशेष मरम्मत, पेंटिंग फिंगरिंग का कार्य (तृतीय आमंत्रण) | 20.00<br>15000.00<br>300000.00 |
| 8.2 T0072 | उपसंभाग अभनपुर के सेक्शन क्रमांक-2 अंतर्गत आने वाले विभिन्न मार्गो एवं पुल पुलियों में साधारण मरम्मत/विशेष मरम्मत का कार्य (तृतीय आमंत्रण) | 20.00<br>15000.00<br>300000.00 |
| 8.2 T0073 | उपसंभाग अभनपुर के अंतर्गत आने वाले विभिन्न भवनों में विशेष मरम्मत लघुमूल गौण के कार्य (तृतीय आमंत्रण) | 20.00<br>15000.00<br>300000.00 |
| 8.2 T0075 | संभाग क्रमांक-3 के समस्त अनुविभाग हेतु 400 बोरी सीमेंट प्रदाय बाबत्। (आई.एस.आई. एवं 43 ग्रेड, ओ.पी.सी./पी.एस.सी.) (तृतीय आमंत्रण) | 1.00<br>2000.00<br>15000.00 |

निविदा संबंधी शर्ते विभागीय वेबसाईट www.cg.nic.in/pwdraipur में Live Tender के अंतर्गत निविदा प्रपत्र में उपलब्ध है। इनका अवलोकन संबंधित संभाग कार्यालय में किया जा सकता है। अन्य जानकारी हेतु संभागीय कार्यालय में संपर्क करें।

कार्यपालन अभियंता
लोक निर्माण विभाग, संभाग क्रमांक 3
रायपुर

G- 82905/4


## पेज 1 के शेष...

### प्रधानमंत्री आज 'पारदर्शी ...

प्रत्यक्ष कर कानूनों के सरलीकरण पर फोकस रहा है। आयकर विभाग के कामकाज में दक्षता और पारदर्शिता लाने के लिए सीबीडीटी द्वारा कई पहल की गई हैं। हाल ही में शुरू की गई 'दस्तावेज पहचान संख्या (डिन) ' के जरिए आधिकारिक संचार में अधिक पारदर्शिता लाना भी इन पहलों में शामिल है जिसके तहत विभाग के हर संचार या पत्र-व्यवहार पर कंप्यूटर सृजित एक अनूठी दस्तावेज पहचान संख्या अंकित होती है। इसी तरह करदाताओं के लिए अनुपालन को ज्?यादा आसान करने के लिए आयकर विभाग अब 'पहले से ही भरे हुए आयकर रिटर्न फॉर्म' प्रस्?तुत करने लगा है, ताकि व्यक्तिगत करदाताओं के लिए अनुपालन को और भी अधिक सुविधाजनक बनाया जा सके। इसी तरह स्टार्ट-अप के लिए भी अनुपालन मानदंडों को सरल बना दिया गया है। लंबित कर विवादों का समाधान प्रदान करने के उद्देश्य से आयकर विभाग ने प्रत्यक्ष कर 'विवाद से विश्वास 2020' भी लेकर आया है जिसके तहत वर्तमान में विवादों को निपटाने के लिए घोषणाएं दाखिल की जा रही हैं। करदाताओं की शिकायतों/मुकदमों में प्रभावकारी रूप से कमी सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न अपीलीय न्यायालयों में विभागीय अपील दाखिल करने के लिए आरंभिक मौद्रिक सीमाएं बढ़ा दी गई हैं। डिजिटल लेन-देन और भुगतान के इलेक्ट्रॉनिक मोड या तरीकों को बढ़ावा देने के लिए भी कई उपाय किए गए हैं। आयकर विभाग इन पहलों को आगे ले जाने के लिए प्रतिबद्ध है। यही नहीं, विभाग ने 'कोविड काल' में करदाताओं के लिए अनुपालन को आसान बनाने के लिए भी अनेक तरह के प्रयास किए हैं जिनके तहत रिटर्न दाखिल करने के लिए वैधानिक समयसीमा बढ़ा दी गई है और करदाताओं के हाथों में तरलता या नकदी प्रवाह बढ़ाने के लिए तेजी से रिफंड जारी किए गए हैं।

### डेढ़ करोड़ का नशीला ...

कारतूस के साथ जेब से 50 ग्राम ब्राउन शुगर मिला, वहीं गाड़ी की डिक्की से हॉर्लिक्स की डिब्बे से 550 ग्राम ब्राउन शुगर और दूसरे प्लास्टिक के डिब्बे से 180 ग्राम ब्राउन शुगर मिला। इस तरह से आरोपी से 1 करोड़ 46 लाख रुपए कीमत का ब्राउन शुगर जब्त किया। प्रदेश में अब तक की नशीले पदार्थ की इस सबसे बड़ी जब्ती में आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस अधिनियम की धारा 21सी व 22 तथा 25 आआर्म्स एक्ट के तहत् थाना सिटी कोतवाली महासमुंद में कार्यवाही की जा रही है। इस कार्यवाही में एसपी प्रफुल्ल ठाकुर के निर्देशन व एएसपी मेघा टेम्भुरकर व एसडीओपी महासमुंद नारद सूर्यवंशी के मार्गदर्शन में सायबर सेल प्रभारी उप निरीक्षक संजय सिंह राजपूत, उप निरीक्षक योगेश सोनी व सउनि नवधाराम खाण्डेकर, प्रआर मिनेश ध्रुव, प्रकाश नंद, शुभम पाण्डेय, चम्पलेश ठाकुर, अजय जांगडे, रवि यादव, लाला राम कुर्रे की भूमिका रही।

## हर खेत का तैयार हो रहा रिकॉर्ड, फसलों की गिरदावरी जारी, 20 तक पूरी करने निर्देश

पायनियर संवाददाता ◄ कोरबा
www.dailypioneer.com

इस वर्ष जिले के एक-एक खेत का किसान के साथ रिकॉर्ड तैयार हो रहा है। जिले में जारी गिरदावरी में राजस्व अमला जोर-शोर से लगा है। हर खेत, हर खसरे का रिकॉर्ड फील्ड पर जाकर दुरूस्त किया जा रहा है। कलेक्टर श्रीमती किरण कौशल ने राजस्व अमले को 20 सितम्बर तक किसी भी स्थिति में गिरदावरी का काम पूरा करने के सख्त निर्देश दिए है। श्रीमती कौशल ने आज वीवैक्स मीटिंग टुल के माध्यम से जिले के अधिकारियों से जुड़कर समय सीमा की साप्ताहिक बैठक वर्चुअल तरीके से की। इस बैठक में उन्होनें सभी विभागों के कामकाज की समीक्षा की और जरूरी निर्देश दिए। कलेक्टर ने गिरदावरी के काम में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं करने की हिदायत राजस्व अमले को दी। उन्होने पटवारियों द्वारा किए गए गिरदावरी रिकॉर्ड का रेंडम वैरिफिकेशन भी करने के निर्देश आरआई, नायब तहसीलदारों, तहसीलदारों और अनुविभागीय राजस्व अधिकारियों को दिए। बैठक में अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी संजय अग्रवाल, अपर कलेक्टर प्रियंका महोबिया भी मौजूद रहीं। सभी विभागों के जिला स्तरीय एवं विकासखण्ड स्तरीय अधिकारी वीवैक्स के माध्यम से मीटिंग में शामिल हुए। बैठक में कलेक्टर ने निर्देशित किया कि फसलो की गिरदावरी करते समय राजस्व अमले पटवारियों को संबंधित फसल के खेत में खुद खड़े होकर फोटो भी खीचनी होगी। फोटो मे खेत-किसान-पटवारी को दिखना होगा। गिरदावरी के आधार पर ही आगामी धान खरीदी सीजन में किसानो के धान के रकबे का पंजीयन किया जायेगा, इसलिए गिरदावरी का काम पूरी सावधानी और तत्परता से करना होगा। उन्होने इस काम में लापरवाही बरतने पर तत्काल निलंबन की कार्यवाही की चेतावनी भी राजस्व विभाग के मैदानी अमले को दी।

## क्विक न्यूज

### दूसरों के अधिकारों का ध्यान रखना है स्वतंत्रता, संतोष रूंगटा कॉलेज कोहका में ऑनलाइन परिचर्चा

**भिलाई।** संतोष रूंगटा कॉलेज कोहका में मेरी नजर में आजादी के मायन विषय पर ऑनलाइन परिचर्चा का आयोजन किया गया। स्वतंत्रता का अर्थ खुद की मनमर्जी कतई नहीं है, बल्कि इसका अर्थ है, खुद की मर्जी के साथ दूसरों के अधिकारों का भी पूरा खयाल। जरूरी है एक तंत्र का होना, एक संविधान, जिसकी मर्यादा में रहते हुए स्वयं का और राष्ट का उत्थान कर सकें। ये बात विद्यार्थियों के बीच हुई परिचर्चा के दौरान निकलकर आई। इसका संचालन एनएसएस के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. एस भारती ने किया।

### कलेक्टर ने चेकपोस्ट पर ड्यूटी से नदारत ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक को किया निलंबित

**जशपुरनगर।** कलेक्टर महादेव कावर ने फरसाबहार विकासखंड के लावाकेरा चेकपोस्ट के आकस्मिक निरीक्षण के दौरान ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक पुरूष, उपस्वास्थ्य केन्द्र बाबुसाजबहार, के बोधसागर साय चेक पोस्ट में ड्यूटी से नदारत पाए गए कलेक्टर ने नाराजगी जाहिर करते हुए छत्तीसगढ़ सिविल सेवा नियम के तहत् तत्काल प्रभाव से निलंबित किया है। उनका मुख्यालय कार्यालय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र फरसाबहार जिला जशपुर नियुक्त किया गया है।

### जिले में अब तक 664 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज

**बालोद।** जिले में चालू मानसून सत्र के दौरान 01 जून से आज 11 अगस्त 2020 तक 664.9 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। कलेक्टर कार्यालय के भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार बालोद तहसील में अब तक 756.3 मिलीमीटर, गुरूर तहसील में 954.5 मिलीमीटर, गुण्डरदेही तहसील में 586.5 मिलीमीटर, डौण्डी तहसील में 598 मिलीमीटर और डौण्डीलोहारा तहसील में 429.4 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई।

# सिटी कोतवाली हुआ सील, टेंट में चलेगा थाना, एंटीजन टेस्ट शुरु

## जिला मुख्यालय के तीन वार्ड बना कंटेंनमेंट जोन घोषित




बुधवार को नोबेल कोरोना विश्वव्यापी कोविड-19 के तहत बेमेतरा जिला के अंतर्गत वार्ड नंबर 7. मोहभट्टा रोड पांडे गली वार्ड नंबर 10 बीटीआई के सामने वार्ड नंबर 17 थाना परिसर कंटेनमेंट जोन घोषित किया गया कुल जिसमें 05 मरीज कोरोना पॉजिटिव पाया गया इसके तहत आज पुनः सूचना मिलते ही जिला प्रशासन की टीम अपर कलेक्टर संजय दीवान एडिशनल एसपी विमल बैंस तहसीलदार अजय चंद्रवंशी नायब तहसीलदार राजकुमार मरावी नायब तहसीलदार रोशन साहू डीएसपी तोमेश वर्मा नगर पालिका से मुख्य नगरपालिका अधिकारी होरी सिंह ठाकुर स्वास्थ्य अधिकारी श्रीनिवास द्विवेदी राजस्व विभाग से कमलेश शर्मा आर.आई. पटवारी भूपेंद्र सिन्हा विजेंद्र वर्मा के साथ वार्ड नं07.10 एवं 17 थाना परिसर गेट को पूर्णता बंद कराया गया साथ ही पूरे एरिया को बंद कराकर निर्देशित किया गया है कि पूरे 14 दिनों तक सभी प्रकार के आवागमन को बंद कर सहयोग प्रदान करने अपील किया गया साथ ही समझाया गया कि छत्तीसगढ़ शासन के समय समय जारी मानक दिशा निर्देशों का पालन करते हुए आदेश जारी किया गया है जिस क्षेत्र को कंटेनमेंट जोन में तब्दील किया गया है जिसको पूरे 14 दिनों तक किसी भी प्रकार की क्षेत्र नहीं खुलेगी खोले जाने पर तत्काल शील करने की कार्यवाही किया जाएगा साथ ही अपर कलेक्टर संजय दीवान द्वारा कहां गया कि नगर के हर नागरिक बिना वजह घर से ना निकले आवश्यक जरूरी होने पर ही घर से निकले और सोशल डिस्टेंस का पालन करें और मास्क लगाकर ही घर से निकले स्वास्थ्य अधिकारी श्रीनिवास द्विवेदी द्वारा बताया गया कि कलेक्टर शिव अनंत तायल द्वारा आदेशित किया गया है कि बिना मास्क के पाए जाने पर चौक चौराहे दुकानदारों राहगीरों को मास्क पहनने की सलाह दिया जाए नहीं पहनने वाले के ऊपर 500 का अर्थदंड समझौता शुल्क लेकर कड़ी से कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश किया गया है।

जिले में कोरोना मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है।

स्वास्थ विभाग के अनुसार पूर्व में गांव गांव में पाए गए पॉजिटिव मरीज के प्राइमरी कांटेक्ट में आने वाले तथा उनके परिवार के सदस्यो कि पाजिटिव मरीज की पहचान होने लगी है स्वास्थ विभाग के द्वारा प्रतिदिन आरटी पीसीआर के अलावा एंटीजन टेस्ट भी किया जा रहा है। बेमेतरा कोतवाली में पेट्रोलिंग टीम के प्रभारी प्रधान आरक्षक के पॉजिटिव आने के बाद जिला प्रशासन के एडीएम संजय दीवान बेमेतरा तहसीलदार अजय चंद्रवंशी एडिशनल एसपी विमल बैस स्वच्छता निरीक्षक श्रीनिवास द्विवेदी एवं राजस्व टीम मौके पर पहुंचकर कंटेनमेंट जोन घोषित करते हुए बेमेतरा कोतवाली को सील कर दिया है।

### पेट्रोलिंग टीम के प्रधान आरक्षक एवं परिवार के तीन सदस्य संक्रमित

पायनियर संवाददाता ‹ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

स्वास्थ विभाग को मिली रिपोर्ट के आधार पर बेमेतरा कोतवाली पेट्रोलिंग टीम के प्रधान आरक्षक एवं उनके परिवार के दो लोगों को संक्रमित पाया गया है जिसमें एक 14 वर्षीय बालक भी शामिल है इस बात की पुष्टि करते हुए सीएमएचओ डॉ सतीश कुमार शर्मा ने बताया कि बेमेतरा कोतवाली थाने के पेट्रोलिंग टीम के प्रधान आरक्षक एवं उनकी पत्नी तथा एक 14 वर्षीय बालक को पॉजिटिव पाए जाने पर बेमेतरा कोविड केयर सेंटर में इलाज के लिए भर्ती किया गया है बेमेतरा थाने में पाजिटिव केश आने के बाद पुलिस प्रशासन ने कोतवाली थाने को तत्काल प्रभाव से सील कर दिया है इस संबंध में जानकारी देते हुए बेमेतरा पुलिस एसडीओपी राजीव शर्मा ने बताया कि बेमेतरा कोतवाली पेट्रोलिंग टीम के सदस्य के संपर्क में आने वाले सभी अन्य पुलिस कर्मियों के भी कोरोना टेस्ट के लिए जिला अस्पताल भेजा गया है तथा थाने का संचालन टेंट लगाकर किया जाएगा पिछले तीन-चार दिनों से बेमेतरा

### अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में शिक्षकों तथा अन्य पदों की पात्रता सूची जारी

**17 अगस्त तक दावा.आपत्ति आमंत्रित**

पायनियर संवाददाता ‹ बीजापुर
www.dailypioneer.com

उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बीजापुर में शिक्षकों तथा अन्य पदों पर संविदा प्रतिनियुक्ति के आधार पर भर्ती हेतु आमंत्रित आवेदन पत्रों के परीक्षण उपरांत पात्रता सूची जारी किया गया है। उक्त पात्रता सूची का अवलोकन जिले की वेबसाइट डब्ल्यू डब्ल्यू डब्ल्यू डॉट बीजापुर डॉट जीओव्ही डॉट इन पर लॉगिन कर किया जा सकता है। इसके साथ ही उक्त पात्रता सूची अवलोकन हेतु कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी बीजापुर के सूचना पटल पर चस्पा किया गया है। इस बारे में जिला शिक्षा अधिकारी श्री डी समैया ने बताया कि उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बीजापुर में प्रधान पाठक प्राथमिक स्तर सहायक शिक्षक हिंदी, विज्ञान, गणित, कला विषय सहित प्रधान पाठक माध्यमिक स्तर शिक्षक कला, अंग्रेजी, गणित, विज्ञान और व्याख्याता हिंदी, अंग्रेजी, संस्कृत, कला, गणित, जीव विज्ञान, भौतिक, रसायन एवं कामर्स तथा सहायक शिक्षक विज्ञान के तहत जीव विज्ञान, भौतिक एवं रसायन विषय के साथ ही व्यायाम शिक्षक, कम्प्यूटर शिक्षक, ग्रंथपाल, सहायक ग्रेड.2, सहायक ग्रेड-3 भृत्य, चौकीदार एवं स्वीपर की संविदाध्प्रतिनियुक्ति भर्ती के लिए विज्ञापन जारी कर विगत 4 जुलाई तक आवेदन पत्र आमंत्रित किया गया था। उक्त नियत तिथि तक प्राप्त कुल प्राप्त आवेदन पत्रों 3088 का परीक्षण किया गया, जिसमें 1987 अभ्यर्थी पात्र तथा 1101 अभ्यर्थी अपात्र पाये गये हैं। उक्त पात्र एवं अपात्र अभ्यर्थियों की सूची जिले की वेबसाइट में अवलोकन हेतु अपलोड किया गया है। इस सूची के सम्बंध में किसी भी अभ्यर्थी को दावा.आपत्ति होने पर वे आगामी 17 अगस्त तक कार्यालयीन समय पर साक्ष्य सम्बन्धी प्रमाण पत्रों या अन्य अभिलेखों के साथ व्यक्तिगत तौर पर दावा.आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं।

### संजीवनी रक्तदाता संघ के सदस्यों रक्तदान किया

पायनियर संवाददाता ‹ तिल्दा नेवरा
www.dailypioneer.com

बुधवार को कृष्ण जन्माष्टमी के शुभ अवसर पर समाज सेवी संस्था संजीवनी रक्तदाता संघ के सदस्यों द्वारा तिल्दा मिशन अस्पताल पहुंच कर वहां स्थित ब्लड बैंक में रक्तदान कर मानवता का परिचय दिया। संस्था प्रमुख ओमप्रकाश सिंह चौहान जी का कहना हैं, कि अगर इसी गति से आज के युवा रक्तदान व कई अन्य समाजसेवा जैसे कार्यो में अग्रसर होते रहेंगे तो भविष्य में एक अच्छे समाज की कल्पना की जा सकती हैं। आज उन्होंने ये संजीवनी रक्तदाता संघ का निर्माण कर रक्त की कमी से मरने वाले गरीब, असहाय लोगों को भरपूर सहयोग प्रदान किया हैं और आगे भी सहयोग देते रहेंगे। आज जिन्होंने लॉक डाउन व भयंकर बीमारी के चलते रक्तदान कर अपने अदम्य साहस का परिचय दिया हैं।

वो काबिले तारीफ हैं यह संजीवनी परिवार आपका धन्यवाद करता हैं। जो की संजीवनी रक्त दाता संघ के सदस्यो मे से सुशील कुमार साहू ग्राम कोटा मालिकराम ढीढी जो की ग्राम नकटी से हैं। गंगाधर गेंदरे जो ग्राम जोता से हैं। जिन्होंने अपना अमूल्य समय व रक्तदान कर जीवन बचाना का काबिले तारीफ काम किया हैं। जिन्होंने अपने बारे में ना सोचकर दूसरे असहाय व गरीब लोगों के बारे में सोचकर रक्तदान किया। क्योंकि जीवन के सही समय पर अपने रक्त का सही उपयोग होना पुण्य का काम है।

### कलेक्टर, एसपी ने चेकपोस्ट और सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लोदाम का किया निरीक्षण

**जशपुरनगर।** कलेक्टर महादेव कावरे, पुलिस अधीक्षक बालाजी राव, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन



अधिकारी के.एस. मण्डावी ने लोदाम चेकपोस्ट और सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लोदाम का किया आकस्मिक निरीक्षण। निरीक्षण के दौरान चेकपोस्ट पर स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा बाहर से आने वाले एवं जाने वाले का स्वास्थ्य परीक्षण करते हुए नहीं पाए गया।

साथ ही सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लोदाम का निरीक्षण के दौरान चेकपोस्ट पर स्वास्थ्य विभाग की टीम ड्यूटी से नदारत पाए गए। और सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लोदाम में भी लापरवाही देखी गई। कलेक्टर ने नाराजगी जाहिर करते हुए आयुर्वेद औषाधालय इचकेला के फार्मेसिस्ट मनोज कुमार डहरे तत्काल निलंबित कर दिया है। कलेक्टर ने कहा है कि कोरोना संक्रमण की सुरक्षा को देखते हुए किसी भी तरह की लापरवाही नहीं चलेगी। लापरवाही बरतने वाले अधिकारी कर्मचारियों पर कार्यवाही की जाएगी।



### मिनीमाता की पुण्यतिथि मनाई गई

**कुम्हारी।** करूणामयी दया के सागर सतनामी संत समाज के पूज्यनीय प्रेरणादायिका मार्गदर्शिका ममतामयी मिनीमाता की पुण्यतिथि दिवस सभी संत समाज ने मानव मानव एक समान को चरितार्थ के साथ गुरु माताजी के अनमोल कथनों और उनके बताये मार्ग का अनुसरण कर श्रद्धा पूर्ण श्रद्धांजलि देकर मनाया। जिसमें प्रमुख अतिथि गण में अनुपा देशलहरे, दिलेश्वरी, रानी, कांति, अनिता, शीला, शकुन पार्षद निश्चय वाजपेयी अश्वनी कुर्रे, लेखराम गेन्द्रे, जी.एस. टण्डन, हीरासिंह, खुमान टण्डन, जुगल बंजारे, मनीष पात्रे, रूपेश, रजत एवं अश्वनी देशलहरे उपस्थित रहे।

### 15 को शुष्क दिवस घोषित

**कोण्डागांव।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर 15 अगस्त शनिवार को कोण्डागांव जिले में शुष्क दिवस घोषित किया गया है। उक्त दिवस को जिले की समस्त देशी एवं विदेशी मदिरा दुकानें तथा मद्य भण्डागार पूर्णतः बंद रहेगी। कलेक्टर पुष्पेन्द्र कुमार मीणा ने आबकारी अमले को उक्त शुष्क दिवस में किसी भी अधिकृत एवं अनाधिकृत स्थानों से मदिरा का अवैध निर्माण, आधिपत्य, परिवहन, क्रय-विक्रय, भण्डारण तथा तस्करी पर रोक हेतु इस पर पूर्ण नियंत्रण रखने के निर्देश दिए है। इस संबंध में संबंधित विभाग द्वारा शिकायत प्राप्त होने पर सख्ती से रोक लगाने के साथ-साथ उन्हें जप्त करने की कार्यवाही भी की जायेगी।

### जिला योजना समिति की निर्वाचन हेतु पीठासीन अधिकारी नियुक्त

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ जिला योजना समिति अधिनियम 2015 के प्रभावशील होने के फलस्वरूप जिला योजना समिति बीजापुर के सदस्यों का निर्वाचन हेतु अधिनियम के शक्तियों का प्रयोग में लाते हुए कलेक्टर एवं सदस्य सचिव जिला योजना समिति रितेश कुमार अग्रवाल द्वारा निर्वाचन/गठन हेतु सुरेन्द्र कुमार ठाकुर डिप्टी कलेक्टर बीजापुर को पीठासीन अधिकारी नियुक्त किया गया है।

## कलेक्टर, एसपी, सीईओ जिला पंचायत ने तुरीलोदाम गौठान में किया पौध रोपण

**स्व-सहायता समूह की महिलाओं ने वृहद रूप से किया पौध रोपण**

पायनियर संवाददाता ‹ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



स्वच्छ भारत मिशन के तहत् गंदगी मुक्त भारत अभियान के तहत् जशपुर विकासखंड के तुरीलोदाम के गौठान में कलेक्टर महादेव कावरे एवं पुलिस अधीक्षक बालाजी राव, जिला पंचायत के सीईओ के.एस.मण्डावी ने पौध रोपण किया। कलेक्टर ने स्व-सहायता समूह की महिलाओं को संबंधित करते हुए कहा है कि गौठान के माध्यम से महिलाओं को आत्म निर्भर बनाया जा रहा है। उन्हें अगरबत्ती, वर्मी कम्पोस्ट, गमला, मुर्गी पालन, मछली पालन के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। उन्होंने अधिक से अधिक लोगों को गौठान में सहभागिता निभाने का आहवान किया है। साथ ही शासन की महत्वाकांक्षी योजना गोधन न्याय योजना के बारे में विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने महिलाओं को गौठानों में हर्रा बेहरा एवं छायादार पौधे लगाने के लिए कहा। उन्होंने बताया कि जशपुर जिले की महिलाएं महुआ से सेनिटाईजर और लड्डू बनाकर आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बन गई है। महिलाओं को महुआ का पेड़ लगाने के लिए प्रोत्साहित किया। तुरीलोदाम में स्व-सहायता समूह की महिलाओं ने वृहद् रूप से पौध किया। तुरीलोदाम गौठान में तीन एकड़ में गौठान एव 5 एकड़ में चारागाह विकसित किया जा रहा है। इस अवसर पर जशपुर जनपद पंचायत के सीईओ प्रेम सिंह मरकाम, स्वच्छ भारत मिशन के जिला सलाहकार राजेश जैन एवं स्व-सहायता समूह की महिलाएं उपस्थित थी।

## पति, सास, ससुर ने मिलकर की हत्या

पायनियर संवाददाता ‹ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



9 अगस्त को चौकी पंडरा पाठ चौकी थाना बगीचा पुलिस को सूचना मिली थी कि ग्राम सूलेशा में कपिल देव यादव के कुआं में नवविवाहित मृतिका भगवती यादव का शव मिला है। पंडरा पाठ पुलिस के द्वारा मौके पर जाकर सूचना तस्दीक मौका मुआयना किया जो कि प्रथम दृष्टया मामला हत्या का होने प्रतित होने पर व मृतिका नवविवाहिता होने से कार्यपालिक दंडाधिकारी बगीचा से शव पंचनामा कार्यवाही कराया गया एवम् वीडियो ग्राफी कर डाक्टरों के टीम के द्वारा पीएम कराया गया पीएम रिपोर्ट में नवविवाहित मृतिका की मृत्यु हत्या से होना पाए जाने से संदेही पति चिंतामणि यादव के विरुद्ध धारा 302,201आईपीसी कायम कर थाना बगीचा द्वारा विवेचना कार्यवाही शुरू किया गया।

#### इस प्रकार हुई हत्या

विवेचना के दौरान आरोपी चिंतामणि के घर में मृतिका के साथ डंडा राड से मारपीट करने से मृतिका के शरीर से निकला खून और हाथ का टूटा चूड़ी मिला जिस पर संदेह होने से मृतिका के पति चिंतामणि यादव से हिकमत अमली से पूछताछ करने पर घटना दिनांक को मृतिका भगवती यादव से साथ मोबाइल पर ज्यादा बातचीत करने की बात पर लड़ाई होने से चिंतामणि यादव अपनी पत्नी के साथ मारपीट किया व धक्का मार दिया जिससे मृतिका को आलमारी के कुण्डी से टकराने से गंभीर चोट आया। इस पर मृतिका पुलिस चौकी सुलेसा रिपोर्ट कराने घर से निकली थी उसके पीछे पीछे उसका पति चिंतामणि ससुर श्रीराम और सास बचिया यादव गए और मृतिका को पुलिस में रिपोर्ट नहीं करने व वापस घर चलने के लिए कह रहे थे। मृतिका के नही मानने व पुलिस में रिपोर्ट की धमकी देने से डंडा व लोहा के राड़ से मार पीठ कर कपिल यादव के कुआ के पास ले जाकर मृतिका के मुंह व नाक को गमछा से दबा दिए जिससे मृतिका की मृत्यु हो गई।हत्या को आत्महत्या का रूप देने के लिए मृतिका को कुआ मे डाल दिए। प्रकरण में पुलिस अधीक्षक जशपुर बालाजी राव (भा.पु.से.) के निर्देशन व एस0डी0ओ0पी0 कुनकुरी मनीष कुंवर के मार्गदर्शन में अंधे हत्या की गुत्थी को सुलझाने मे बगीचा पुलिस को सफलता प्राप्त हुई।

**चोरी का सामान बेचने के फिराक में धरे गए चोर**

## वेंटीलेटर से घर में घुसे चोर, नगदी समेत सोना, चांदी के जेवर की चोरी, गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ‹ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



10 अगस्त की दरम्यानी रात डुगडुगिया कुनकुरी में कुशकुमार गुप्ता के सूने मकान के बांउड्रीवाल के रास्ते से उसी बस्ती के आरोपी रविन्द्र यादव और प्रदीप यादव और दो अन्य नाबालिग बालक चारों मिलकर बांउड्रीवाल को फांदकर मकान में प्रवेश किए और दीवार में लगे वेंटीलेटर से दोनों नाबालिग को प्रवेश कराकर अंदर से दरवाजा खुलवाकर चारो प्रवेश कर घर के अलमारी को पेचकश औजार से तोड़कर अलमारी में रखे 04 नग सोने का अंगूठी, मंगल सूत्र, नथनी, व चांदी के करीब 07 जोड़ी पायल, चांदी का बेरा, चाबी छल्ला, बिछिया, लरी, आर्टिफिशियल 04 नग चैन, 01 जोड़ी झूमका, 01 नग टॉप्स, 01 गला का लॉकेट सेट, एवं नगदी 10000 रूपये को चोरी कर वापस बांउड्री फांदकर ले गया था। आरोपीगण चोरी के सोना-चांदी को बेचने के फिराक में कांसाबेल की ओर सोनार की दुकान की तलाश करते हुए जाने की विश्वस्त मुखबिर से सूचना मिलने पर थाना कांसाबेल एवं कुनकुरी पुलिस के ज्वाइंट ऑपरेशन एवं पुलिस अधीक्षक जशपुर बालाजी राव के निर्देशन एवं अति0 पुलिस अधीक्षक जशपुर के मार्ग दर्शन पर आरोपी रविन्द्र यादव पिता चमलु यादव उम्र 25 वर्ष, प्रदीप यादव पिता महेश यादव उम्र 26 वर्ष एवं 02 अन्य विधि के संघर्षरत बालक सभी साकिनान डुगडुगिया कुनकुरी को पकड़ कर हिरासत में लेकर चोरी गये करीब 1,60000/- रूपये के सोना चांदी को बरामद किया गया। अपराध सबूत पाए जाने के बाद 12 अगस्त को गिरफ्तार कर न्यायिक अभरक्षा में भेजा गया है। प्रकरण में चोरी का पर्दाफाश 24 घंटा के भीतर किया जाकर चोरी के सामान को बरामद किया गया है ।

उक्त कार्य में थाना प्रभारी कुनकुरी उप निरीक्षक एस0आर0 भगत के कुशल मार्ग दर्शन में स0उ0नि0 साहनी, वारले, प्रधान आर0 मोहन बंजारे, रामानुजम पांडेय, आर0 युधिष्ठिर यादव एवं थाना कांसाबेल के पुलिस टीम वर्क के द्वारा आरोपीगणों को पकडने में सहयोग किये है ।

## जिले में अंतिम चरण में है खरीफ फसल की बुआई

**अब तक 51 हजार 686 हेक्टेयर में खरीफ फसल की बुआई पूरी**

पायनियर संवाददाता ‹ बीजापुर
www.dailypioneer.com

बीजापुर जिले में खेती किसानी के लिए वर्तमान में पर्याप्त बारिश होने के फलस्वरूप खरीफ फसल की बुआई अंतिम चरण की ओर है। किसान भी बारिश को ध्यान रखकर खेती.किसानी कार्य को पूरी मेहनत और लगन के साथ पूरा करने के लिए जुटे हैं। जिले में खरीफ सीजन 2020 के तहत निर्धारित लक्ष्य 63920 हेक्टेयर खरीफ फसल बुआई के विरुद्ध अब तक 51686 हेक्टेयर रकबा में खरीफ फसल बुआई पूरी हो चुकी है, जिसमें 48924 हेक्टेयर रकबा में धान, 1930 हेक्टेयर रकबा में मक्का और 832 हेक्टेयर रकबा में दलहन.तिलहन सहित रागी, कोदो.कुटकी इत्यादि लघु धान्य फसल की बुआई की गयी है। इस बारे में उपसंचालक कृषि बीजापुर श्री पीएस कुसरे ने समसामयिक कृषि सलाह में बताया कि बारिश की कमी के कारण जिन किसानों ने धान का रोपा नहीं लगाया है वे धान के 3 से 4 पौधे एक साथ लगा सकते हैं। धान की बुआई या रोपाई के एक महीने बाद या कंसा निकलने के दौरान 23 किलोग्राम नत्रजन प्रति एकड़ रकबा में छिड़काव किया जा सकता है। धान फसल पर गंगई कीट के निदान के लिए कार्बोफ्यूरान या फारेट कीटनाशक का 5 से 10 किलोग्राम प्रति एकड़ में छिड़काव करना चाहिए। धान के तनाछेदक कीट से बचाव के लिए पिपरोनिल 5 एससी का प्रति लीटर प्रति हेक्टेयर रकबा में छिड़काव किया जा सकता है। माहू रोग से बचाव के लिए इमिडाक्लोप्रीड 200 एसएलका 125 मिलीलीटर प्रति हेक्टेयर रकबा में छिड़काव किया जाना चाहिए। इसी तरह बंकी रोग की रोकथाम के लिए क्विनालफास 25 ईसी का प्रति लीटर प्रति हेक्टेयर के मान से छिड़काव कर सकते हैं और कटुआ रोग यथा धान की पत्तियों तथा बालियों को कीट ब्याधि से बचाव के लिए डायक्लोवास का 600 मिलीलीटर प्रति हेक्टेयर रकबा के मान से छिड़काव किया जा सकता है।

# राममंदिर निर्माण में पार्षद 'मधु' ने अटकाया रोड़ा, वरिष्ठ भाजपाइयों के खेल में मोहरा बनीं 'बैद', मामला पहुंचा थाने

## राममंदिर निर्माण को लेकर दो फाड़ हुई भाजपा, आज बैठक में होगा निर्णय, पक्ष में निर्णय नहीं आने के बाद भी बनेगा मंदिर

पायनियर संवाददाता राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

देशभर में राममंदिर की आधारशीला रखे जाने के उत्साह के बीच संस्कारधानी में उदयाचल के पास ऐसे ही एक मंदिर निर्माण को लेकर भाजपाईयों में टकराव निर्मित हो गया है। कुछ दिनों से गुपचुप चल रहे इस विवाद ने बड़ा रूप ले लिया और मामला अब थाने तक पहुँच गया है। शहर के हिन्दू संगठन व् वार्डवासी मंदिर के निर्माण के पक्ष में खड़े हुए हैं जबकि वार्ड पार्षद मधु बैद ने राममंदिर के कार्य में रोड़ा अटका रखा है। जिसके बाद अब वार्ड वासियों में आक्रोश व्याप्त है।

निमार्णाधीन कार्य को रुकवाने के लिए भाजपा नेता उत्तम गिड़िया और कुछ भाजपाई भी पीछे से सपोर्ट करते नजर आए। माहौल को गरमाता देख पुलिस को हस्तक्षेप करना पड़ा। जिसके बाद दोनों पक्षों को समझाइश देकर निर्माण कार्य जारी करने के लिए आदेश लाने की बात कही गई या दोनों पक्षों को समझौता कर कॉपी देने की बात कही गई है। दरअसल, बीते 5 अगस्त को ही सदर बाजार स्थित राममंदिर के विस्तार निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया गया था।

भूमिपूजन भी भारतीय जनता पार्टी के पूर्व लालबत्ती धारी व् वेयर हाउस कार्पोरेशन के अध्यक्ष नीलू शर्मा ने किया था और अब कुछ भाजपाई इस निर्माण कार्य की खिलाफत कर रहे हैं जिसमे उत्तम गिड़िया का नाम प्रमुख रूप से सामने आया है। मंगलवार को हिन्दू संगठनों ने इस मामले में नगर निगम की महापौर से मुलाक़ात की थी जिसमे उन्होंने मंदिर बनाने का आस्वासन दिया था लेकिन महापौर व निगम कमिश्नर द्वारा कुछ भी लिखित नहीं होने की वजह से कल मामला फिर बिगड़ गया. सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार मंदिर निर्माण को रोकने के लिए मंगलवार की रात कुछ भाजपाइयों की एक गुप्त बैठक भी हुई और इसी बैठक के बाद स्थानीय पार्षद मधु बैद को मोहरा बनाकर पेश कर दिया गया।



### वार्डवासियों का आरोप, संस्था हड़पना चाहती है जमीन

राममंदिर के निर्माण के विरोध में उतरे कुछ भाजपाइयों के खिलाफ वार्डवासियों ने खुलकर अपना पक्ष रखा. उन्होंने यह भी कहा कि मंदिर से लगी हुई एक सामाजिक संस्था उक्त जमीन को हड़पना चाहती है और इसीलिए उत्तम गिड़िया के माध्यम से इस मंदिर के विस्तार का विरोध करवाया जा रहा है. बताया जा रहा है कि यहां वर्षों पुराना राम मंदिर है जिसके विस्तार की तैयारी है. इस मामले में दरअसल कुछ भाजपाई मंदिर निर्माण के पक्ष में हैं जबकि कुछ चुनिंदा भाजपाई विरोध में. सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार नगर निगम कमिश्नर पर भी मंदिर निर्माण रोकने का दबाव एक वरिष्ठ भाजपाई द्वारा बनाया जा रहा है जिसमे निगम के ही कुछ पार्षदों की भूमिका भी सामने आई है।

### पार्षद ने बताया अवैध निर्माण, महापौर को लिखा पत्र

वार्ड नंबर 37 की पार्षद मदु बैद ने इस मामले में महापौर को पत्र लिखकर कहा है की मंदिर की आड़ में अवैध निर्माण कराया जा रहा है जिस पर रोक लगनी चाहिए। मधु बैद ने वार्डवासियों को भी मंदिर के खिलाफ बताया जबकि वार्ड के ज्यादातर लोग मंदिर निर्माण के पक्ष में खड़े नजर आते हैं। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार मंदिर के पास ही समता मंच नाम की सामाजिक संस्था का भवन है जिसके संचालक गौतम पारख बताये जाते हैं चूँकि गौतम पारख भाजपा के वरिष्ठ नेता खूबचंद पारख के भाई हैं इस लिहाज से कुछ भाजपाइयों के कहने पर मधु बैद अपनी राजनीति चमकाने के लिए अब सीधे तौर पर राम मंदिर के विरोध में उत्तर आई हैं। वार्ड के ही भाजपाई उत्तम गिडिया भी प्रमुख रूप से विरोध में हैं और उन्होंने ही सबसे पहले आपत्ति दर्ज कराई है। कल हिन्दू संगठनों से बहस के दौरान उस वक़्त मामला गरम हो गया जब उत्तम गिडिया की ओर से अपशब्दों का प्रयोग किया गया।

### राम मंदिर निर्माण में हम निभाएंगे कार सेवकों की भूमिका : ऋषि

कांग्रेस पार्षद ऋषि शास्त्री ने इस मामले में कहा है कि नगर निगम क्षेत्र के समता मंच के समीप हनुमान जी के मन्दिर में राम जी के मूर्ति स्थापना के उद्देश्य से लगभग 3 फिट की जगह बढ़ा कर जीर्णोद्धार का कार्य वार्ड के हर वर्ग के लोगो के सहयोग से किया जा रहा था पर भाजपा के कुछ नेता इस कदर अपनी रोटी सेकने में आमादा हैं और जीर्णोद्धार के कार्य को दबाव पूर्वक आज रोकवा दिया गया जिससे विवाद की स्थिति बन गई। ऋषि ने कहा है की नेताओ को राजनीति से परे उठ कर मन्दिर बनाने में सहयोग करना होगा साथ ही शास्त्री ने धर्मप्रेमी जनता से आह्वान किया है कि राम मंदिर निर्माण पर रोक लगाई गई तो हम कार सेवको की भूमिका निभाईगे और रहवाशियो संग मंदिर निर्माण कर मूर्ति स्थापना का कार्य करेंगे।



दोनों पक्षों की बात सुनी गई है और शुक्रवार को मौक़ा मुआयना की बात कही गई है। जो भी कानून सांगत होगा उस कार्य को किया जाएगा। मंदिर के पक्ष में व् विरोध में दोनों को लेकर बातें सामने आई हैं। प्रशासनिक नियमों के तहत जो उचित होगा वो किया जाएगा।

**-चंद्रकांत कौशिक,**
आयुक्त नगर निगम राजनाँदगाँव



मामला बिगड़ने पर मौके पर पुलिस फ़ोर्स भेजा गया था। दोनों पक्षों को कहा गया है की लिखित में जिस बात का आदेश वो लाएंगे उसी हिसाब से काम किया जाएगा। आज दोनों पक्षों की बैठक होगी जिसमे आपसी सामंजस्य बनाकर निर्णय लेने कहा गया है। शांतिपूर्ण बैठक करने को कहा गया है शहर में कानून व्यवस्था बिगड़ने नहीं दिया जाएगा।

**-मणि शंकर चंद्रा,**
नगर पुलिस अधीक्षक राजनाँदगाँव



राम मंदिर हर हाल में बनेगा उसका किसी भी प्रकार का विरोध नहीं है। उस जगह पर बने कुएं पर बस अतिक्रमण ना हो इसकी चिंता करनी होगी। आपस में बैठकर बात किया जाएगा और राममंदिर का निर्माण कराया जाएगा।

**-शोभा सोनी,**
नेता प्रतिपक्ष नगर निगम राजनाँदगाँव

# नक्सलियों के मंसूबे पर जवानों ने फेरा पानी, टिफिन बम डिफ्यूज़

पायनियर संवाददाता राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

नक्सलियों के मंसूबों को एक बार फिर पुलिस जवानों ने नाकामयाब कर दिया। राजनांदगांव और गोंदिया पुलिस की संयुक्त मदद से शुरु हुए मोरकुड्डो बेस कैम्प के पास कच्ची सड़क से 5 किलो वजनी टिफिन बम गोंदिया पुलिस ने बरामद कर डिफ्यूज किया है। सूचना मिलने पर पुलिस बल ने यह बम बुधवार को ही ढूंढ कर बरामद किया। बताया जाता है कि इसे हालही में बीते नक्सल सप्ताह के दौरान नक्सलियों ने प्लांट किया था। यहां से अन्य सामग्रियां भी जब्त की गई हैं।

महाराष्ट्र - छत्तीसगढ़ की सीमा पर मौजूद मोरकुड्डो बेस कैम्प से संयुक्त रुप से संचालित होने वाली संयुक्त बल की कार्रवाई से नक्सलियों का तगड़ा झटका लगा है। वे जवानों को निशाने बनाने हथकंडे अपना रहे हैं। दूसरी ओर पुलिस बल का बढ़ता दबाव उनके लिए बड़ा खतरा है। इस बार 28 जुलाई से 03 अगस्त के बीच नक्सल शहीद सप्ताह के दौरान भी नक्सलियों को कोई मौका नहीं मिल पाया।

राजनांदगांव-गोंदिया जिले की सरहद पर हाल ही के महीनों में बने मोरकुड्डो बेस कैम्प के पास गोंदिया पुलिस के जवानों ने गश्त के दौरान 5 किलो वजन का एक टिफिन बम बरामद किया है। पुलिस को नुकसान पहुंचाने के इरादे से जमीन में गड़ाया गया यह टिफिन बम धनेगांव-मोरकुड्डो के कच्चे मार्ग पर मिला है। कल गश्ती दल को सर्चिंग के दौरान रास्ते में बम होने की सूचना मिली थी। इसके बाद सी-60 फोर्स ने विशेष सर्चिंग अभियान के तहत बम की तलाश शुरू की।

बहरहाल, जानकारी के अनुसार पुलिस पार्टी पर हमले के इरादे से नक्सलियों द्वारा बम को शहीद सप्ताह के दौरान ही जमीन में गड़ाया गया था। बम निरोधक दस्ते ने टिफिन बम के अलावा स्पिलंटर, इलेक्ट्रिक वायर समेत डेटोनेटर व नक्सल साहित्य जब्त किया है। इस संबंध में गोंदिया एसपी मंगेश शिंदे ने बताया कि बम को निष्क्रिय कर दिया गया है। वहीं अज्ञात नक्सलियों के खिलाफ जुर्म दर्ज किया गया है।



# जनभागीदारी समिति ने विकास कार्यों को स्वीकृत दी



पायनियर संवाददाता छुरिया
www.dailypioneer.com

शासकीय रानी सूर्यमुखी देवी महाविद्यालय, छुरिया में अध्यक्ष डूमेश्वर साहू की अध्यक्षता एवं प्राचार्य डॉ. एन.एस. नरेटी की विशेष उपस्थिति में स्थानीय प्रबंधन समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सर्व सम्मति से पिछले आय-व्यय लेखा को स्वीकृत करते हुए भविष्य में नये कक्ष में कार्यालय का व्यवस्थपन, फीस काऊंटर, ग्रंथलय पुस्तक निर्गमन कांऊटर, कान्फ्रेस हाल की साज -सज्जा, चैकीदार की व्यवस्था, ट्री गार्ड, पार्किंग व्यवस्था आदि की स्वीकृति प्रदान की गई।

समिति की कार्यवाही का संचालन जनभागीदारी समिति प्रभारी डॉ. एच.एस. भाटीया एवं अभार प्रदर्शन प्राचार्य डॉ. एन.एस. नरेटी द्वारा किया गया। समिति की बैठक में विधायक प्रतिनिधि रामकुमार साहू, प्राध्यापक डॉ. राजेन्द्र शर्मा एवं समिति के सदस्य सोनू खान, ललित साहू, पुरन नेताम, शशिकुमार खिलाडी, श्रीमति चंद्रिका वर्मा, श्रीमति हीराबांधे एवं लेखाप्रभारी ए.के. रामटेके उपस्थित रहें।

# जयश्री साहू की भोजली को मिला प्रथम पुरस्कार

- आदर्श नवयुवक मंडल बोदेला का आयोजन

पायनियर संवाददाता डोंगरगांव/तुमड़ीबोड़
www.dailypioneer.com

अंचल के सामाजिक, सांस्कृतिक व रचनात्मक गतिविधियों में संलग्न संस्था आदर्ष नवयुवक मंडल बोदेला द्वारा छत्तीसगढ की लोकसंस्कृति व पर्व को जीवंत बनाए रखने के लिए विगत 30 वर्षो से सावन पूर्णिमा के दिन भोजली प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इस क्रम में हालिया दिनों भी भोजली का त्योहार व प्रतियोगिता संपन्न हुआ। पुरस्कार वितरण के मुख्यअतिथि किस ान नेता गुलाबवर्मा थे। अध्यक्षता जनपद सदस्य श्रीमति निर्मला सिन्हा ने की। विषेष अतिथि तहसील साहू संघ डोंगरगांव अध्यक्ष व संस्था संयोजक अमरनाथ साहू, संस्था के सलाहकार देवेन्द्र लिल्हारे व बिजेलाल साहू उपस्थित थे।

पुरस्कार वितरण के मुख्यअतिथि किसान नेता गुलाबवर्मा ने कहा कि भोजली पर्व का महत्व आल्हा उदल के पौराणिक गाथाओं में उल्लेखित है, इस पर्व का माता बहनों के लिए विषेष मायने होता है, इस आयोजन को विगत 30 वर्ष से निरंतर किए जाने के लिए संस्था को धन्यवाद दिया। कार्यक्रम को श्रीमती निर्मलासिन्हा व अमरनाथ साहू ने भी संबोधित किया।



संस्था द्वारा गठित निर्णायक समिति के द्वारा सभी सर्वश्रेष्ठ भोजली का चयन किया गया। प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ भोजली के रूप में जयश्री साहू के भोजली को प्रथम पुरस्कार प्रदान किया गया। द्वितीय पुरस्कार लक्ष्मी साहू, तीसरा कोमलता वर्मा, चैथा प्रिया वर्मा, पांचवा धनिका वर्मा, छठवा उर्मिला साहू, सातवां सालिनी श्रीवास को प्रदान किया गया। पुरस्कार वितरण पष्चात गांव के घुमियार देवता का भ्रमण करते हुए तालाब पंहुचकर माता बहनों ने भोजली का विर्सजन किया। एकदूसरे को भोजली भेंट कर पर्व की शुभकामनांए दी।

कार्यक्रम में संस्था अध्यक्ष हेमंत साहू, सचिव टीकम साहू, उपाध्यक्ष सेवक वर्मा, कोषाध्यक्ष रामप्रसाद साहू, रामकुमार श्रीवास, भीखम साहू, परदेषी साहू, भगवानदास साहू, नेमीचंद वर्मा, धनीराम विष्वकर्मा, सुकदेव साहू, रघुनाथ श्रीवास, पंचूराम साहू, जगेषर साहू, नेमीचंद साहू, नोहर साहू व प्रमुखजनों सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण सम्मिलित हुए। कार्यक्रम का संचालन अध्यक्ष हेमंत साहू ने तथा आभार प्रदर्षन टीकमसाहू ने किया।

# कोविड-19 से मौत, तिलईरवार कंटेन्मेंट

- कोविड के शर्तों पर गांव में हुई अत्येष्टि

पायनियर संवाददाता डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com

विधानसभा क्षेत्र के वनांचल गांव तिलईरवार में एक 18 वर्षीय युवक की कोविड-19 से मौत की दुखद खबर आई है। मेडिकल सूत्रों ने बताया कि युवक कुछ दिनों पुर्व ही बाईक व ट्रैक्टर में भिड़त से घायल हुआ था। राजधानी के एक अस्पताल में उसका उपचार जारी था। इसी दरम्यान 9 अगस्त को सैंपल लिया गया था। रिपोर्ट पाजिटिव आने के बाद 12 अगस्त को युवक की मौत हो गई। मेडिकल टीम द्वारा देर शाम कोविड के शर्तो पर लाश को सुपुर्दे खाक करने की खबर है।



मेडिकल सूत्रों ने बताया कि 9 अगस्त को राजधानी के अस्पताल में ही सैंपल उपरांत रिपोर्ट पाजिटिव आई थी। वहीं 12 अगस्त को को मौत की खबर आने पर मेडिकल टीम लगभग 5 बजे युवक की लाश लेकर गांव पहुंची। नोडल अधिकारी राकेश कुर्रे व केपी साहू के मार्गदर्शन में सरिता तिवारी, आरपी गढेवाल व दिलीप रामटेके की मौजूदगी में परिजनों द्वारा देर शाम अंतिम संस्कार किया गया।

श्रीकुर्रे ने बताया कि अंत्येष्टि के लिए पांच परिजनों को पीपीई किट उपलब्ध कराया गया था। इधर प्रशासन द्वारा तिलईरवार गांव को चारों ओर से एक किलोमीटर तक कंटेन्मेंट घोषित कर दिया गया है।

## स्कूलों की ओर से ऑनलाइन प्रतियोगिता आयोजित की गई

# राधाकृष्ण मंदिर में उत्साहपूर्वक मना जन्माष्टमी पर्व

पायनियर संवाददाता राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

श्रद्धालुओं ने जन्माष्टमी पर्व उत्साहपूर्वक मनाया। हालांकि कोविड 19 के चलते इस त्यौहार में काफी बदलाव आया। मंदिरों में जहां भीड़ तांता लगाए दर्शन का इंतजार करती थी वो नदारद थी। कोरोना संक्रमण को देखते हुए प्रशासन ने पहले ही दही-हांडी जैसे आयोजनों को प्रतिबंधित कर दिया था। इसके अलावा भी जिले भर में होने वाले सैकड़ों भिन्न-भिन्न आयोजन नहीं हुए। लोगों ने घरों में ही श्रीकृष्णा की आराधना, पूजा - अर्चना की।

शहर सहित जिलेभर में श्रीराधाकृष्ण के मंदिरों में सीमित लोग ही नज़र आए। दर्शन को लेकर भीड़-भाड़ होने और कोरोना संक्रमण की आशंका के बीच लोगों ने भी एहतियात बरती। स्कूली बच्चे इस बार भी राधा-कृष्ण की वेश-भूषा में नज़र आए। स्कूलों की ओर से ऑनलाईन प्रतियोगिताएं भी आयोजित हुई। पालकों ने घर पर ही बच्चों को तैयार कर तस्वीरें स्कूल प्रबंधन को पोस्ट की।



श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर छोटे बालक-बालिकाएं राधा-कृष्ण बनकर इठलाते दिखे। कोविड 19 का प्रभाव जन्माष्टमी पर भी पड़ा। कई परंपराएं अधूरी रह गई हालांकि श्रद्धालुओं ने भगवान की आस्थापूर्वक वंदना की।)

# छुरिया महाविद्यालय में पौधा रोपण



पायनियर संवाददाता छुरिया
www.dailypioneer.com

शासकीय रानी सूर्यमुखी देवी महाविद्यालय, छुरिया में जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष डूमेश्वर साहू के नेतृत्व एवं प्राचार्य डॉ. एन.एस. नरेटी के मार्गदर्शन में प्राध्यापकों, समिति के सदस्यों एवं कार्यालयीन स्टाफ द्वारा वृहत स्तर पर पौधा रोपण किया गया। इस अवसर पर प्राध्यापक डॉ. राजेन्द्र शर्मा, डॉ. एच.एस. भाटीया ( जनभागीदारी समिति प्रभारी) एवं एस.के. गौर ( राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी ) विशेष इस में उपस्थित रहें।

# सांसद संतोष पांडे जस्टिस चौरडिया के शोक संतप्त परिवार से मिले

**राजनांदगांव।** संसदीय क्षेत्र के सांसद संतोष पांडे रोड दुर्घटना में आकस्मिक निधन हुए शहर के युवा व्यवसायी श्रेयांश चौरडिया के निधन पर गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए उनके गृह निवास कामठी लाइन जाकर शोक संतप्त परिवार से मिलकर अपना दुख व्यक्त किया । स्वर्गीय श्रेयांश चौरडिया छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के जस्टिस न्यायमूर्ति गौतम चौरडिया के सुपुत्र है। न्यायमूर्ति चौरडिया से सांसद पांडे ने व्यक्तिगत मुलाकात कर अपनी संवेदना व्यक्त की सांसद जी के साथ भरत वर्मा पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष, अधिवक्ता राजेश खांडेकर, राधेश्याम गुप्ता आदि उपस्थित थे।

## क्विक न्यूज

### यात्री ट्रेन का परिचालन रहेगा प्रभावित

**बिलासपुर।** यात्री ट्रेनों के परिचालन पर पहले फैसला लिया गया और सूचित किया गया था, उसी क्रम में नियमित यात्री और उप नगरीय ट्रेन सेवाएं अग्रिम सूचना तक प्रभावित रहेंगी। जानकारी हो कि पूर्व में जो फैसला लिया गया था और सूचित किया गया था, उसी तरह अगली सूचना तक नियमित यात्री और उप नगरीय ट्रेन सेवाएं निलम्बित रहेंगी। गौरतलब है कि वर्तमान में परिचालित 230 विशेष ट्रेनों का परिचालन जारी रहेगा। मुंबई में लोकल ट्रेनों, जो वर्तमान में राज्य सरकार की मांग पर सीमित रूप से परिचालित हो रही हैं, उनका भी परिचालन जारी रहेगा। विशेष ट्रेनों में यात्रियों की संख्या ऑक्यूपैंसी की नियमित आधार पर निगरानी की जा रही है। इसके अलावा आवश्यकता के आधार पर विशेष ट्रेनों का परिचालन किया जा सकता है हालांकि लॉकडाउन से पहले चल रही सभी अन्य नियमित ट्रेनों और उप नगरीय ट्रेनों की सेवाएं फिलहाल रद्द रहेंगी।

### 21-28 को हावड़ा से और 22-29 अगस्त को राउलकिला से छूटेगी अहमदाबाद स्पेशल ट्रेन

**बिलासपुर।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से गुजरने वाली हावड़ा अहमदाबाद स्पेशल ट्रेन को 21 एवं 28 अगस्त को हावड़ा स्टेशन के स्थान पर 22 एवं 29 अगस्त राउरकेला स्टेशन से छूटेगी। यह ट्रेनें हावड़ा एवं राउरकेला स्टेशनों के मध्य रद्द रहेगी। 21 एवं 28 अगस्त, को हावड़ा से अहमदाबाद के लिए छूटने वाली गाड़ी संख्या 02834 हावड़ा-अहमदाबाद स्पेशल ट्रेन हावड़ा स्टेशन के स्थान पर राउरकेला स्टेशन से दिनांक 22 एवं 29 अगस्त को सुबह 06.35 बजे छूटेगी। यह गाड़ी हावड़ा एवं राउरकेला स्टेशनों के मध्य रद्द रहेगी।

### मालगाड़ी के चपेट में आने से युवक की मौत



**बिलासपुर।** मस्तूरी बुधवार की सुबह 9 बजे के करीब जयरामनगर से गतौरा स्टेशन के बीच रेलवे ट्रेक पर एक ग्रामीण की मालगाड़ी की चपेट में आने से मौत हो गई है। घटना की जानकारी मालगाड़ी के गार्ड ने स्टेशन में दी जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुँची पुलिस ने मृतक ग्रामीण की पहचान कराई जिसमें मृतक का नाम रवी वैष्णव उम्र 46 वर्षीय निवासी लिमतरा बताया जा रहा है। फिलहाल ग्रामीण दुर्घटना का शिकार हुए है या उसने आत्महत्या की है, यह स्पष्ट नहीं हो पाया है। पुलिस ने मृतक के शव को पीएम के लिए मस्तूरी मरच्युरी भेज दिया है, वही उनके परिजनों को सूचना दे दी गई है।

# बिजली विभाग ने एकल बत्ती कनेक्शन काटे

## अंधेरे में जीवन गुजार रही महिलाएं शिकायत लेकर पैदल ही पहुंच गई कलेक्ट्रेट

पायनियर संवाददाता < बिलासपुर
www.dailypioneer.com



बड़ी संख्या में आज आदिवासी सांवरा महिलाएं कलेक्ट्रेट पहुंची लेकिन जन्माष्टमी अवकाश के कारण उन्हें मायूस होकर लौटना पड़ा। पिछले 3 दिनों से अंधेरा में जीवन यापन कर रही इन महिलाओं ने अपनी तकलीफ बयां करते हुए मौजूदा सरकार पर जमकर गुस्सा जाहिर किया। रमतला सांवरा मोहल्ला में बड़ी संख्या में आदिवासी सांवरा प्रजाति के लोग रहते हैं, जिन्हें पूर्व सरकार द्वारा पुनर्वास करवाया था। पूर्व डॉ रमन सिंह की सरकार ने इन्हें निशुल्क एकल बत्ती बिजली कनेक्शन भी दिया था, जिसके माध्यम से इनके घर रोशन हो रहे थे, लेकिन कलेक्ट्रेट पहुंची आदिवासी महिलाओं ने शिकायत करते हुए कहा कि 3 दिन पहले उन सभी के कनेक्शन काट दिए गए और बिजली अधिकारियों ने कहा कि अब उनके यहां भी बिजली का मीटर लगाया जाएगा और इसके लिए सब से 5000 रूपये की मांग की जा रही है। कहा जा रहा है कि मीटर लगने के बाद हर महीने उनके घर भी बिजली का बिल आएगा जिसे उन्हें पटाना होगा। अब तक निशुल्क बिजली का उपभोग कर रही इन महिलाओं का कहना है कि किसी तरह मांग कर अपना गुजारा करने वाले लोगों की क्षमता में ना तो अभी 5000 रुपये बिजली मीटर के लिए जमा करने की है और ना ही भविष्य में वे बिजली का बिल ही पटा पाएंगे, इसलिए सांवरा बस्ती की महिलाओं ने पूर्व की तरह उन्हें निशुल्क एकल बत्ती कनेक्शन देने की मांग की है। इन महिलाओं ने बताया कि पिछले 3 दिनों से उनके घर में बिजली का कनेक्शन ना होने से उन्हें अंधेरे में ही जीवन यापन करना पड़ रहा है और इस कारण से उनके घर में सांप, बिच्छू और जहरीले कीड़े घुस आते हैं जो बच्चों और उन्हें काट रहे है। अपना जीवन नारकीय होने की दुहाई देते हुए इन महिलाओं ने मौजूदा सरकार से निशुल्क बिजली प्रदान करने की मांग की है। हालांकि महिलाएं अपनी मांग से कलेक्टर को अवगत नहीं करा पाई है लेकिन उन्होंने कहा कि अगले दिनों में आकर एक बार फिर से कलेक्टर से मुलाकात कर अपनी समस्या से उन्हें अवगत कराया जाएगा। रमतला में बसाए गए सांवरा प्रजाति के लोगों की संख्या कितनी अधिक है, यह इसी से समझा जा सकता है कि बिजली कनेक्शन काटने के बाद लगभग आधे गांव में अंधेरा पसरा हुआ है। इस समस्या से निराश होकर बच्चों के साथ पैदल ही चलकर कलेक्ट्रेट पहुंची महिलाओं को इतनी जानकारी भी नहीं थी कि आज अवकाश है। अपने इसी भोलेपन के साथ आई महिलाओं को फिलहाल निराश लौटना पड़ा है लेकिन उन्हें उम्मीद है कि जो अंधेरा उनके जीवन पर वर्तमान में छाया है उससे उन्हें जल्द ही निजात मिलेगी।

# अश्लील वीडियो भेजने वाले युवक को सरकंडा पुलिस ने दहलीराजहरा से गिरफ्तार किया

पायनियर संवाददाता < बिलासपुर
www.dailypioneer.com



युवती के नाम से फर्जी इंस्टाग्राम आईडी बनाकर अश्लील मैसेज और फोटो डालने के आरोप में पुलिस ने आरोपी को धर दबोचा है। मामले में युवती ने युवक के खिलाफ सरकन्डा थाना पहुंचकर एफआईआर दर्ज कराया था। युवती ने अपनी रीपोर्ट में बताया है कि आरोपी ने युवती को अश्लील वीडियो शेयर करने की भी धमकी दिया था।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार युवती ने 18 अप्रैल को थाना सरकंडा में लिखित शिकायत में बताया कि 21 मार्च को आरोपी ने इंस्टाग्राम में फर्जी आईडी बनाकर मैसेज भेजा। मैसेज में बताया कि वह आईडी को हैक कर देगा। अश्लील वीडियो बनाकर शेयर कर देगा। 22 मार्च को आरोपी ने यूपी के नाम से इंस्टाग्राम आईडी बनाकर एक बार फिर धमकी भरा मैसेज भेजा। 25 मार्च को फिर से धमकी भरा मैसेज आया।

युवती की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 509 भारतीय दंड विधान के तहत अपराध दर्ज किया गया। पतासाजी के दौरान आरोपी से साइबर सेल ने पत्राचार किया। इसके बाद तकनीकी सहायता से आरोपी भावेश उर्फ विष्णु साहू पिता राजकुमार साहू उम्र 20 वर्ष को पकड़ा गया। आरोपी को जिला बालोद 65 वन टाइप सेक्टर टाउनशिप दल्ली राजहरा थाना दल्ली राजहरा का रहने वाला है। आरोपी ने पूछताछ के दौरान जुर्म को स्वीकार किया है। आरोपी से घटना में प्रयुक्त मोबाइल को जब्त किया गया। भावेश के खिलाफ आईपीसी की धारा 509 और आईटी एक्ट की धारा 66 (?) आईटी एक्ट के तहत कार्रवाई की गयी है।

### कार में 40 किलो गांजा बरामद

**कोरबा।** पुलिस ने मुखबिर को खरीदार बनाकर गांजा तस्करों के पास भेजा। पुलिस के झांसे में तस्कर आ गए और जांजगीर.चांपा जिले से जैसे ही कनकी के पास कार में पहुंचे पुलिस ने दबोच लिया। दो आरोपितों के पास से 40 किलो गांजा बरामद किया गया है। पकड़ा गया एक आरोपित पहले भी गांजा तस्करी के मामले में जेल जा चुका है। उरगा पुलिस को शिकायत मिल रही थी कि जांजगीर.चांपा जिला से कार में गांजा लाकर कोरबा क्षेत्र में खपाया जा रहा। पुख्ता सूचना के बाद पुलिस ने एक व्यक्ति को खरीदार बनाकर आरोपितों से संपर्क करवाया।

# बर्थडे पार्टी में पुरानी रंजिश को लेकर युवक की बेरहमी से दोस्तों ने कर दी पिटाई

पायनियर संवाददाता < बिलासपुर
www.dailypioneer.com

दोस्त की बर्थडे पार्टी में पहुंचे युवक को पार्टी में मौजूद अन्य दोस्तों ने पुरानी रंजीत को लेकर मिलकर हमला कर दिया और बुरी तरह से हाथ पैर बेल्ट से पिटाई कर दी घायल युवक ने युवकों को कई बार समझाने की कोशिश की लेकिन पुराने विवाद को वजह बना कर युवकों ने बेरहमी से मारपीट की घटना को अंजाम दिया है। मिली जानकारी के अनुसार सीपत के समेटा तालाब के पास रहने वाले प्रशांत कुमार श्रीवास ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है कि मंगलवार की शाम अपने दोस्त के बर्थडे के दौरान पार्टी में पहुंचे गांव के ही आकाश परिहार नमन वर्मा उमेंद्र वर्मा राजा यस खरे के साथ मिलकर पुराने विवाद को वजह बनाकर फिर से भी बात करते हो मारपीट की घटना को अंजाम दिया गया है।

जिसमें पीड़ित युवक प्रशांत ने बताया है कि उसकी बहन को स्कूल जाने के दौरान आकाश परिहार परेशान करता था जिस पर उसने उसे समझाइश दी थी और ऐसा दोबारा नहीं करने कहा था जिसका बदला लेते हुए ही आकाश परिहार और उसके साथियों ने मंगलवार की शाम प्रशांत की बुरी तरह से पिटाई कर दी मामले में घायल प्रशांत ने आकाश परिहार और उसके साथियों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है जिसके आधार पर सीपत पुलिस ने उक्त युवकों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत बलवा मारपीट का अपराध दर्ज कर लिया है और विवेचना में जुट गई है।

# तमनार, चक्रधरनगर, कोसीर क्षेत्र में सट्टा पट्टी लिखने वालों पर कार्रवाई

पायनियर संवाददाता < रायगढ़
www.dailypioneer.com

पुलिस कप्तान के निर्देश पर जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में जुआ तथा सट्टा पर अंकुश लगाने के लिए कार्रवाई जारी है। इसी क्रम में तीन थाना क्षेत्रों में सट्टा पट्टी लिखने वालों पर कार्रवाई की गई। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार थाना तमनार टीआई अभिनव कांत सिंह की अगुवाई में तमनार क्षेत्र के प्रमुख सट्टा पट्टी लिखने वाले आरोपी गगन कुमार साव पिता दिन दयाल साव उम्र 25 वर्ष निवासी साहूपारा पुरानी बस्ती तमनार को बाजीरावपारा तमनार में मोबाइल पर सट्टा नम्बर लेते रंगे हाथों तमनार पुलिस पकड़ी। आरोपी से नगदी रकम 2900 रुपए, एक नग सैमसंग कंपनी, मोटर सायकल व कागज में लिखे सट्टा-पट्टी रकम जप्त किया गया है। आरोपी के लुक-छिपकर सट्टा नम्बर मोबाईल पर लेने की शिकायतें आ रही थी। जिस पर तमनार पुलिस द्वारा रेड कार्रवाई किया गया। आरोपी से नगदी सहित कुल 1,22,900 रुपए की सम्पत्ति जप्त की गई है। आरोपी पर 4 (क) सट्टा एक्ट की कार्यवाही की गई है। सट्टा कार्रवाई की श्रृंखला में मंगलवार को चक्रधरनगर पुलिस द्वारा अम्बेडकर आवास आईटीआई के पास आरोपी संतोष यादव पिता घनश्याम यादव उम्र 29 वर्ष निवासी गोढ़म थाना सारंगढ़ हा.मु. मोदी नगर थाना चक्रधरनगर तथा कोसीर पुलिस द्वारा ग्राम सिंघनपुर में गजेन्द्र कुमार महिलाने पिता मीताराम उम्र 26 वर्ष साकिन सिंघनपुर थाना कोसीर पर सट्टा एक्ट की कार्रवाई की गई है। आरोपी संतोष यादव से 1750 रुपए व तथा आरोपी गजेन्द्र महिलाने से 560 रुपए व सट्टा-पट्टी जप्त किया गया है।

### सरिया पुलिस ने अवैध महुआ शराब के खिलाफ छेड़ा अभियान

सरिया पुलिस द्वारा क्षेत्र में महुआ शराब की बिक्री पर रोक लगाने लगातार कार्रवाई की जा रही है। बीते दिन दो प्रकरणों में 50 लीटर महुआ शराब की जप्ती की गई थी। वहीं मंगलवार को बड़े नावापारा खैरगढ़ी रोड पर आरोपी अर्जुन निषाद पिता भगत राम निषाद उम्र 28 वर्ष निवासी बड़े नावापारा से 20 लीटर, आरोपी रघुनाथ पटनायक पिता दयानिधी उम्र 32 वर्ष निवासी रिसोडा थाना सरिया से तीन लीटर एवं आरोपी अजय कुमार सारथी पिता गंगाधर सारथी उम्र 25 वर्ष निवासी बार थाना सरिया से चार लीटर महुआ शराब कुल 27 लीटर महुआ शराब मुखबिर सूचना पर कार्यवाही कर पकड़ा गया है।

# अनुमति प्राप्त दुकान एवं प्रतिष्ठान प्रातः 9 बजे से शाम 7 बजे तक खुली रहेगी




पायनियर संवाददाता < मुंगेली
www.dailypioneer.com

कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी पीएस एल्मा ने कोरोना वायरस के संक्रमण से बचाव और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए आज दुकान संचालन के समय सीमा में संशोधन कर नया समय निर्धारित किया है। निर्धारित समय अनुसार समस्त अनुमति प्राप्त दुकान एवं प्रतिष्ठान प्रातः 9 बजे से शाम 7 बजे तक खुली रहेंगी। इसी प्रकार अनुमति प्राप्त रेस्टोरेंट, होटल का संचालन एवं डाईनिंग प्रातः 9 बजे से रात्रि 10 बजे तक संचालित रहेंगी। मेडिकल स्टोर्स, पेट्रोल पंप एवं गैस एजेन्सी अपने निर्धारित समयानुसार संचालित होंगे। दिन रविवार को डेयरी, मेडिकल, गैस एजेन्सी एवं पेट्रोलपंप को छोड़ समस्त दुकान एवं प्रतिष्ठान बंद रहेंगी। कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी श्री एल्मा ने बताया कि कोरोना महामारी का संकट अभी टला नहीं है। इस लिए हम सभी को पहले से और ज्यादा सजग एवं सावधान रहने की जरूरत है। सभी को मास्क पहना या अन्य तरीको से चेहरा ढकना और सोशल डिस्टेंसिंग के नियमों का पालन करना अनिवार्य है। इसी तरह सार्वजनिक जगहो पर थूकना मना है। समस्त अनुमति प्राप्त दुकानों एवं संस्थानों के संचालको एवं कर्मचारियों को भी मास्क का उपयोग, सोशल एवं फिजिकल डिस्टेंसिंग का पालन करना अनिवार्य है।

# स्कूल शिक्षा में खेल व शारीरिक शिक्षा को अनिवार्य विषय के रूप में संचालित करने की मांग

पायनियर संवाददाता < रायगढ़
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ प्रदेश व्यायाम शिक्षक संघ जिला इकाई रायगढ़ के पदाधिकारियों व सदस्यों ने स्कूल शिक्षा में खेल शारीरिक शिक्षा का अनिवार्य विषय के रूप में संचालित करने की मांग करते हुए प्रेमसाय सिंह टेकाम मंत्री, स्कूल शिक्षा एवं आदिवासी विकास मंत्रालय को एक ज्ञापन सौंपा है। उन्होंने अपने ज्ञापन में उल्लेख किया है कि वर्तमान में छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा संचालित छत्तीसगढ़ बोर्ड के प्रारूप से ही प्रदेश के सभी हाई/हायर सेकेण्डरी स्कूलों का संचालन होता है एवं इन सभी स्कूलों में शारीरिक शिक्षा विषय का अध्ययन नहीं कराया जाता। जबकि सभी केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के स्कूलों में शारीरिक शिक्षा विषय संचालित की जाती है। यदि वर्तमान सामाजिक परिदृश्य को देखे तो स्कूल छात्र छात्राएं शारीरिक गतिविधियों से दूर होते जा रहे हैं। जिसका एक कारण भौतिक संसाधनों टीव्ही मोबाइल के प्रति बच्चों की रूचि जिसके परिणामतः विद्यार्थी खेलकूद एवं शारीरिक व्यायाम संबंधित गतिविधियों में अपनी रूचि नहीं दिखाते हैं। इसका एक कारण स्कूल शिक्षा में खेल एवं शारीरिक शिक्षा को अनिवार्य न बनाकर इसे एक अदद विकल्प के तौर पर मान्यता दी जाती है। शासन यदि इस दिशा में ठोस निर्णय लेती है तो समाज को भावी पीढ़ी के रूप में एक सशक्त और सुदृढ़ युवाओं की पीढ़ी मिलेगी। उनके ज्ञापन में आगे उल्लेख है कि वर्तमान में व्यायाम शिक्षक के रूप में प्रदेश के हाई व हायर सेकेण्डरी स्कूलों में पदस्थापना होती है, लेकिन उनके दायित्वों में शारीरिक शिक्षा विषय को अध्यापन कराने का नहीं होता है। जबकि वे सभी व्यायाम शिक्षक शारीरिक शिक्षा विषय में स्नातकोत्तर की उपाधि धारित होते हुए भी इस विषय के स्कूल शिक्षा में संचालन न होने के कारण वे इसका अध्ययन कराने से वंचित हैं। उन्होंने बताया कि आज पर्यात तक किसी भी शासन ने व्यायाम शिक्षक के पद को प्राथमिक एवं माध्यमिक स्कूलों में सृजित करने का कार्य नहीं किया। जबकि खेल कौशल एवं शारीरिक पृष्टता के विकास में बच्चों के इस आयु में उन्हें इन गतिविधियों से जोड़ना अत्यंत आवश्यक हो जाता है। इस विषय की गंभीरता को देखते हुए प्राथमिक व माध्यमिक स्कूलों में व्यायाम शिक्षक के पद को सृजित कर नव नियुक्त व्यायाम शिक्षकों को इन स्कूलों में पदस्थ कर उन्हें इन कम आयु के बच्चों को प्रशिक्षित करने की जरूरत है तथा वरिष्ठ व्यायाम शिक्षकों को हायर सेकेण्डरी स्कूलों में व्याख्याता शारीरिक शिक्षक के पद पर पदोन्नत कर पदोन्नति की विकट समस्या को दूर किया जा सकने की बात कही गई है।

# निगम आयुक्त के सम्पर्क में आए 150 कर्मचारियों की होगी जांच

पायनियर संवाददाता < बिलासपुर
www.dailypioneer.com



नगर निगम कमिशनर कोरोना संक्रमित पाया गया है। उनके सम्पर्क में आने वाले स्टाफ के अलावा नगर निगम के करीब 150 लोगों का अब सैम्पल लिया जा रहा है। निगम कमिश्नर प्रभाकर पांडेय को बीते 8 अगस्त से बेचैनी महसूस हो रही थी। 10 और 11 अगस्त को उन्होंने दो बार टेस्ट कराया, दोनों बार उनकी पॉजिटिव रिपोर्ट आई। संक्रमण से बचाव के लिये आयुक्त लगातार लोगों से मिलते रहे हैं। हाल ही में न केवल नगर निगम की बैठकें उन्होंने ली है बल्कि कलेक्टर और आईएएस-आईपीएस अधिकारियों तथा जन-प्रतिनिधियों के साथ भी बैठकों में शामिल हुए। उनके सम्पर्क में आने वाले 150 से अधिक लोगों का कोरोना टेस्ट कराया जा रहा है। नगर निगम के एक सहायक यंत्री पहले से कोरोना संक्रमित पाये जा चुके हैं।

मंगलवार को जिले में कोरोना के 15 मरीज मिले, जिनमें से 12 मस्तूरी के हैं। मस्तूरी तहसील पूरे जिले में हॉट स्पॉट बना हुआ है। यहां एक लाख प्रवासी मजदूर कोरोना लॉकडाउन के बाद वापस लौटे हैं। जिले में 897 कोरोना संक्रमित पाये जा चुके हैं जिनमें से 192 केस अभी एक्टिव हैं। अब तक जिले में 12 लोगों की कोरोना से मौत हो चुकी है। केवल अपोलो हॉस्पिटल में चार मरीजों की मौत हुई है। अपोलो अस्पताल में मरीजों से अनाप-शनाप बिल वसूली की शिकायत आ रही है इसे लेकर स्वास्थ्य विभाग ने प्रबंधन को पत्र लिखकर जवाब भी मांगा है।

### विधायक ने कहा डेंगू वॉर के असली सिपाही होंगे सुपरवाइजर, डेंगू से बचने के लिए जनजागरूकता जरूरी

# नगर निगम में हुई डेंगू पर एकदिवसीय कार्यशाला

पायनियर संवाददाता < रायगढ़
www.dailypioneer.com



नगर निगम, महिला बाल विकास एवम स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त तत्वाधान में मंगलवार को निगम के सभागार में नगरीय निकाय के सदस्यों के साथ डेंगू के बचाव पर चल रहे कार्ययोजना की समीक्षा के लिए बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें विधायक, महापौर, सभापति, निगम आयुक्त, स्वास्थ्य विभाग की टीम, एमआईसी सदस्य, पार्षद, निगम के अधिकारी एवम कर्मचारी, मितानिन उपस्थित रहे।

ज्ञात हो कि कलेक्टर भीम सिंह के निर्देशन में डेंगू मुक्त शहर के लिए कार्ययोजना तैयार की गई है। जिसे अमली जामा पहनाने नगर निगम आयुक्त आशुतोष पांडेय कार्य का संपादन कर रहे हैं। वर्तमान में जिस तरह कोरोना पूरे विश्व के साथ भारत में पैर पसार चुका है और हम सभी प्रभावित भी है उनके बावजूद हमे डेंगू बीमारी को नजरअंदाज नहीं करना है। आने वाले समय मे डेंगू बीमारी के आने की पूर्ण संभावना है जैसा कि पिछले चार वर्षों से डेंगू से रायगढ़ जिला अत्यंत प्रभावित है कुछ विशेषज्ञों का तो कहना है कि इस वर्ष यह और भी भयावह स्थिति में रहेगी। जिससे बचाव के लिए अभी से जागरूक होकर आमजनमानस को भी जागरूक करना होगा। इसी बिंदु को लेकर नगरीय निकाय के सदस्यों के साथ नगर निगम एवम स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त बैठक की गई। जिसमें डेंगू सम्बंधित विगत वर्ष के आंकड़ों समेत कार्ययोजना की समीक्षा कर आगामी दिनों में डेंगू के कारण आने वाली समस्याओं को ध्यान में रखकर कार्यशाला का आयोजन कर उपस्थित महानुभवों के विचार जाने एवम तार्किक बातों को ध्यान रखकर योजना बनाई गई। बैठक में विधायक प्रकाश नायक, महापौर जानकी काटजू, सभापति जयंत ठेठवार,निगम आयुक्त आशुतोष पांडेय, एमआईसी सदस्य सलीम नियरिया, लक्ष्मीनारायण साहू, संजना मेहर, रुक्मिणी देवी, विधायक प्रतिनिधि राजेश भारद्वाज, विमल यादव, विनोद महेश, स्वास्थ्य विभाग के शामिल रहे। सर्वप्रथम नगर निगम आयुक्त आशुतोष पांडेय ने कहा कि जैसे हमने महासफाई अभियान को सबके सहयोग से धरातल में लाया,और कोरोना के लिए मास्क लगाकर सामाजिक दूरी बनाए उसी तरह डेंगू के लिए जागरूक होकर सभी को जागरूक करना है।

### योजनाबद्ध तरीके से जागरूकता का कार्य करते रहे

विधायक प्रकाश नायक की उपस्थिति से नगर निगम में डेंगू के बैठक पर अलग ऊर्जा देखी गई। उनके व्यक्ति त्व की झलक और सकारात्मक सोच से उपस्थित सदस्यों में अलग जोश पैदा हुआ। विधायक ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि मेरा सौभाग्य है कि मुझे इस बैठक में शामिल होने का अवसर प्राप्त हुआ। निगम, महिला बाल विकास एवं स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त टीम के कार्ययोजना से अवगत होकर यह विश्वास है कि हम डेंगू मुक्त शहर बनाने में निश्चित कामयाब होंगे। अभी से योजनाबद्ध तरीके से जागरूकता का कार्य करते रहे इस मुहिम में सुपरवाइजरों की मुख्य भूमिका रहेगी क्योंकि आप ही वो सिपाही है जो डेंगू वॉर से जागरूकता का दीप जलाकर रायगढ़ में पिछले वर्ष की भांति डेंगू प्रकोप की पुनरावृत्ति नहीं होने देंगे।

# पार्षदों और सीएमओ के बीच विवाद थमने का नाम ही नहीं ले रहा



पायनियर संवाददाता < मुंगेली
www.dailypioneer.com

नगर पालिका के नवनिर्वाचित पार्षदों और मुख्य कार्यपालन अधिकारी नगर पालिका के बीच विवाद थमने का नाम ही नही ले रहा है जहाँ बीते अध्यक्ष सहित पार्षदो ने कलेक्टर में ज्ञापन सौपा था, जिसके कुछ दिनों बाद बीते कल नगर पालिका परिषद के सामने अध्यक्ष सहित भाजपा के कुछ पार्षद धरना पर बैठ गए, शपथ ग्रहण के बाद से ही भाजपा के कुछ पार्षद लगातार सी एम ओ के विरोध में आगे आ रहे है।

ज्ञात हो जहा जिले में 17 अगस्त तक धारा 144 लागू होने के साथ साथ जिला प्रशासन कोरोना संक्रमण को लेकर पहले ही गम्भीर नजर आ रही है, वही परिषद के अध्यक्ष सहित पार्षदो द्वारा पंडाल लगाकर धरना दिया जा रहा था, जिस पर मिली जानकारी के अनुसार सीएमओ नगर पालिका द्वारा सडक बाधित होने एवं कोरोना संक्रमण को देखते हुए, महामारी अधिनियम एवं नगर पालिका की धारा 223 के उल्लंघन के तहत नोटिस जारी किए जाने के बाद तुरंत समाप्त कर दिया गया, बता दे कि इससे पहले भी 12 सूत्रीय मांगों को लेकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया था।

# आजादी के 7 दशक बाद भी बस्तर बदहाल



## नक्सलवाद की आड़ पर सरकारें कब तक नाकामी छुपाती रहेंगी

पायनियर संवाददाता < बीजापुर
www.dailypioneer.com

सड़कों के नहीं होने का खामियाजा बस्तर, बीजापुर जिले के सुदूर इलाकों में रहने वाले आदिवासियों को भुगतना पड़ रहा है। जिले में ज्यादातर गांव ऐसे हैं जहां सड़क नहीं है, जिसकी वजह नक्सलवाद को माना जाता है. लेकिन नक्सलवाद के आड़ में सरकारें कब तक अपनी नाकामी को छुपाती रहेंगी। 70 साल बाद सड़क बनती है तो महीनेभर में उखड़ने लगती है। सड़कों के नहीं होने का खामियाजा बस्तर, बीजापुर जिले के सुदूर इलाकों में रहने वाले आदिवासियों को भुगतना पड़ रहा है। ऐसा ही मामला बीजापुर जिले में सामने आया है। भैरमगढ़ से करीब 20 किमी दूर उसपरी निवासी भीमसन पोयाम की ऑब्स्ट्रैटेड हर्निया की वजह से तबीयत खराब होने पर परिजनों की 108 एंबुलेंस को सूचना दी। 108 लेकर स्वास्थ्य कर्मी तत्काल गांव के लिए निकले बरसात के दिनों में कटी-फटी सड़क पर ग्रामीणों ने लकड़ी से अस्थायी पुल बनाकर 108 को पार कराया, दो नालों को पार कर 108 वाहन जैसे-तैसे उसपरी गांव से करीब 5 किमी दूर तक ही पहुंच पाई। आगे कीचड़ और गड्ढों के बीच आगे चलना मुश्किल था। लिहाजा मरीज के परिजनों ने लकड़ी के खटिया को उल्टा कर मरीज को उसमें लादकर करीब 5 किमी दूर तक उबड़-खाबड़ कीचड़ भरे रास्ते से चलने के बाद एम्बुलेंस तक पहुंचे। जिसके जरिए मरीज को भैरमगढ़ मॉडल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। भैरमगढ़ ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर अभय सिंह तोमर ने बताया कि भारी बारिश होने के चलते सड़क खराब होने की वजह से कुछ दूरी तक परिजन मरीज को लेकर आये मरीज को जब भैरमगढ़ हॉस्पिटल लाया गया तब काफी दर्द से पीड़ित था. जिसको देर रात बीजापुर जिला हॉस्पिटल रेफर किया गया है, जहां इलाज चल रहा है। ऑब्स्ट्रैटेड हर्निया से पीड़ित भीमसन पोयाम का जिला हॉस्पिटल बीजापुर में डॉ. नागुलन ने सफल ऑपरेशन किया है। अब मरीज की स्थिति में काफी सुधार है।



## ग्रामीणों की जान खतरे में, मानव श्रृंखला बनाकर उफनती नदी पार करने को मजबूर

**बीजापुर।** बारिश शुरु होते ही नदी-नाले उफान पर आ जाते है. जिससे ग्रामीणों की परेशानी बढ़ जाती है. करीब दस हजार से ज्यादा आबादी और दर्जनभर गांवों के बाशिंदे दशकों से नदी पर पुल की मांग कर रहे हैं. उदासीन सरकारें ग्रामीणों की इस मांग को गंभीरता से नहीं ले रही है. आज एक बार फिर ग्रामीण नदी की जद में हैं. मानव श्रृंखला बनाकर ग्रामीण पुल पार करने को मजबूर हैं. जान जोखिम में डालकर नदी पार करते ग्रामीण रोजाना मौत से दो चार हो रहे हैं. वीडियो में दिख रहा यह नजारा बीजापुर के चिंतावागु नदी के कोंगुपल्ली- तारलगुड़ा सड़क के रपटे का है। करीब 60 मीटर लंबी चिंतावागु नदी बारिश के दिनों में उफान पर होती है. ऐसे में इन गांवों का संपर्क बाकी मुख्यालय से कट जाता है. रोजमर्रा की जिंदगी पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है. क्षेत्रवासी दशकों से यहां पुल की मांग कर रहे हैं. जिस पर सरकारी नुमाइंदे उदासीन हैं. जिसका खामियाजा क्षेत्र में मौजूद दर्जनभर के दस हजार से ज्यादा ग्रामवासियों को भुगतना पड़ रहा है।

बीजापुर विधायक विक्रम मंडावी का कहना है कि ग्रामीण लंबे समय से इस रपटे पर पुल बनाने की मांग कर रहे हैं. बारिश के दिनों में चिंतावागु नदी में पानी बढ़ने से लोगों को परेशानी होती है. ग्रामीणों की परेशानी और जरूरत को देखते हुए बहुत जल्द कोंगुपल्ली- तारलागुड़ा रपटे पर पुलिया स्वीकृत कर कार्य प्रारंभ करवाया जाएगा। यदि कोंगुपल्ली- तारलगुड़ा सड़क के रपटे पर पुल बनती है, तो कोमटपल्ली, मिनकापल्ली, भट्टिगुड़ा, लोडेड, कोत्ताप्पली, संकनप, मेट्टूपल्ली, गुबलगुड़ा, उसकालेड गांव के ग्रामीणों को सीधा लाभ मिलेगा।

# संघ प्रमुख मोहन भागवत कौशल्या माता मंदिर में भाजपा शासन में लगे ताले पर भी कुछ कहेंगे?: विकास तिवारी

**पवित्र कार्य में माता कौशल्या के मायके को प्रतिनिधित्व का स्थान क्यों नहीं दिया गया**





पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता एवं सचिव विकास तिवारी ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ डॉ. मोहन भागवत के आगामी दो दिवसीय छत्तीसगढ़ राज्य के दौरे के पूर्व गंभीर प्रश्न उठाते हुये राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ एवं सरसंघचालक डॉ मोहन भागवत से सवाल पूछते हुये कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य जो मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम का ननिहाल है और उनकी माता कौशल्या का मायका है। वहां से अयोध्या में राम मंदिर की भूमि पूजन में धर्माचार्यो को नहीं बुलाना जिसमें सतनामी के संस्थापक गुरु घासीदास बाबा के वंशज, दामाखेड़ा के कबीर साहेब के वंशज एवं वह आदिवासी समाज जो वनवास के समय भगवान राम के साथ थे और उनकी वन में मदद भी की थी और इकबाल अंसारी एवं फैज खान को बुलावा सहित प्रथम निमंत्रण भेजा था इस क्रोनोलॉजी को छत्तीसगढ़ राज्य की जनता संघ प्रमुख डॉ. मोहन भागवत से समझना चाहती है। और उनसे जानना चाहती है कि राम मंदिर के भूमि पूजन के पवित्र कार्य में माता कौशल्या के मायके को प्रतिनिधित्व प्रथम स्थान पर क्यो नही दिया? कांग्रेस प्रवक्ता विकास तिवारी ने संघ प्रमुख मोहन भागवत से प्रश्न करते हुए कहा है कि संघ प्रमुख लगातार छत्तीसगढ़ राज्य का दौरा करते रहे हैं लगातार आते रहे हैं परंतु कभी भी एक शब्द मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम की माता कौशल्या के जन्मभूमि के मंदिर की दुर्दशा पर कोई भी बयान नहीं दिए। कौशल्या माता का मंदिर राजधानी रायपुर के समीप चंदखुरी ग्राम में है जहां पर लगभग सालो-साल से माता के मंदिर के गर्भ गृह में ताला लगा कर रखा गया था और कौशल्या माता के भक्तों को मंदिर जाने की अनुमति नहीं दी जाती थी, यह जानकारी संघ प्रमुख मोहन भागवत सहित संघ के आला नेताओं को थी। बावजूद अयोध्या के राम मंदिर पर ब?-ब? व्याख्यान संगोष्ठी और कार्यक्रम आयोजित करने वाले राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के नेताओं की चुप्पी भगवान राम की माता के जन्मभूमि में उन सालो में तालाबंदी था जिस समय संघ समर्थित पूर्ववर्ती भाजपा की रमन सरकार थी उनका कार्यकाल था इस विषय पर भी संघ प्रमुख डॉ. मोहन भागवत से प्रदेश देश और समूचे विश्व के राम भक्त जवाब चाहते हैं कि माता के सालों साल कारावास पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और विश्व हिंदू परिषद चुप्पी क्यों साध रखे थे?

कांग्रेस प्रवक्ता विकास तिवारी ने कहा कि संघ प्रमुख डॉ. मोहन भागवत को प्रदेश की जनता को यह भी बताना चाहिए कि पिछले 15 सालों से संघ समर्थित और संघ के स्वयंसेवक पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह की सरकार थी उसके बावजूद भगवान श्री राम के वन पथ गमन के मार्गों को और उसमें आने वाले पवित्र स्थलों को क्यों नहीं उकेरा गया? किन कारणों से संघ समर्थित पूर्ववर्ती भाजपा सरकार ने प्रदेश के राम वन गमन को हाशिये में डाल कर रखा था? और वहीं दूसरी ओर अयोध्या के राम मंदिर के नाम पर चंदा लेने का कार्य संघ और भाजपा प्रदेश में कर रहे थे। मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम, माता सीता और लक्ष्मण जी इसी कौशल प्रदेश छत्तीसगढ़ राज्य में अपने वनवास का अधिकतम समय व्यतीत किए थे और यह भगवान श्री राम का ननिहाल भी है। प्रदेश की जनता और राम भक्त जानना चाहते हैं कि किन कारणों से 15 साल की रमन सरकार जिसे संघ और डॉ. मोहन भागवत का पूरा समर्थन प्राप्त था, उनके द्वारा कौशल्या माता के मंदिर की दुर्दशा तालेबंदी, कारावास और राम वन गमन के पावन स्थलों की दुर्दशा पर संघ प्रमुख की चुप्पी तोड़ने का अब सही वक्त आ गया है।

# रायगढ़ में निर्मित रेल पटरियों पर अब दौड़ेंगी भारत की मेट्रो ट्रेनें

**आत्मनिर्भर भारत की मुहिम में जेएसपीएल का बड़ा योगदान और उल्लेखनीय कदम**



पायनियर संवाददाता < रायपुर/रायगढ़
www.dailypioneer.com

नवीन जिन्दल के नेतृत्व वाली कंपनी जिन्दल स्टील एंड पावर लिमिटेड (जेएसपीएल) ने पुनः भारत माता का सिर गर्व से ऊंचा किया है। कंपनी के रायगढ़ प्लांट में तैयार हेड हार्डेंड रेल, जो कि हाई स्पीड रेलों के लिए होती है, आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में मील का पत्थर साबित हुई है।

कोलकाता की जोको-एसप्लैनेड मेट्रो में ये स्वदेशी पटरियां बिछाई जाएंगी जिसकी पहली खेप रायगढ़ प्लांट से वहां पहुंच चुकी है। इसके साथ ही भारत में तेज रफ्तार मेट्रो ट्रेन और मोनो रेल को स्वदेशी पटरियों पर दौड़ाने का नया अध्याय शुरू हो गया है। जेएसपीएल, छत्तीसगढ़ के सीओओ श्री डीके सरावगी ने बताया कि भारत में जिन्दल स्टील एंड पावर लिमिटेड एकमात्र कंपनी है, जिसके छत्तीसगढ़ स्थित रायगढ़ प्लांट में हेड हार्डेंड रेल का उत्पादन होता है। अभी तक जितनी भी मेट्रो लाइनें तैयार हुई हैं, उनमें जापान और यूरोप से लाई गई हेड हार्डेंड रेल का इस्तेमाल हुआ है। इन पटरियों पर 250 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से गाड़ियां दौड़ेंगी क्योंकि रायगढ़ प्लांट में इन्हें विशेष तरीके से तैयार किया गया है। आम रेल की पटरियों के मुकाबले ये पटरियां बहुत मजबूत होती हैं। जोको-एस्प्लैनेड मेट्रो में जेएसपीएल द्वारा तैयार 1080 ग्रेड हेड हार्डेंड रेल पटरियां बिछाई जा रही हैं, जिन्हें तैयार करने में अतिरिक्त हीट ट्रीटमेंट प्रणाली का इस्तेमाल किया गया है। देश की आत्मनिर्भरता की दिशा में यह जेएसपीएल का बड़ा कदम है। अब भारत में हेड हार्डेंड रेल की 20 फीसदी जरूरतों की आपूर्ति स्वदेशी स्त्रोतों से होगी, जो जेएसपीएल के लिए एक बड़ा अवसर है। सरावगी ने विश्वास दिलाते हुए कहा कि हेड हार्डेंड रेल की जरूरत पूरी करने के लिए जेएसपीएल हर तरीके से तैयार है। रेल विकास निगम (आर.वी.एन.एल.) ने जेएसपीएल की हेड हार्डेंड रेल का चयन अंतरराष्ट्रीय मानकों पर कसने के बाद कड़ी नीलामी प्रक्रिया से किया है। रिसर्च डिजायन एंड स्टैंडर्ड ऑर्गेनाइजेशन (आर.डी.एस.ओ.) और रेल इंडिया टेकनिकल एंड इकोनॉमिक सर्विस (आर.आई.टी.ई.एस.) ने जेएसपीएल की रेल का अंतरराष्ट्रीय मानकों पर हर तरीके से सफलतापूर्वक परीक्षण किया है और अपनी स्वीकृति दी है। मेक इन इंडिया और आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य के लिहाज से यह बड़ी उपलब्धि है।

# छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री की पत्नी कोरोना पाजिटिव

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री डा.रमन सिंह की पत्नी की जांच रिपोर्ट कोरोना पाजिटिव आई है। डा.सिंह ने आज स्वयं ट्वीट कर बताया कि उनकी धर्मपत्नी वीणा सिंह की रिपोर्ट पाजिटिव आई है। उन्हे डाक्टरों की सलाह पर अस्पताल में भर्ती कर रहे है। उन्होने बताया कि वह स्वयं तथा मेरे परिवार के अन्य सदस्य भी आइसोलेशन में रहकर जांच करवायेंगे।

**वीणा सिंह के जल्द स्वस्थ्य होने की सीएम भूपेश ने की दुआ**



पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह की पत्नी वीणा सिंह कोरोना पॉजेटिव पायी गयी है। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पूर्व मुख्यमंत्री की पत्नी के कोरोना पॉजेटिव मिलने के बाद मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने जल्द स्वस्थ्य होने की दुआ की है। पूर्व मुख्यमंत्री की पत्नी वीणा सिंह के जल्द स्वस्थ्य होने की कामना करते हुए मुख्यमंत्री ने ट्वीट किया है कि आपको बता दें कि कुछ देर पहले ही पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह ने ट्वीट कर इस बात की जानकारी दी थी कि उनकी पत्नी कोरोना पॉजेटिव मिली है।

# दुर्ग जिले के कलेक्टर ने एनजीओ को दे दी कोरोना किट बेचने की अनुमति

पायनियर संवाददाता < रायपुर/दुर्ग
www.dailypioneer.com



पूरे विश्व में इस वक्त कोरोना महामारी को लेकर दहशत का माहौल है. इसी बीच दुर्ग कलेक्टर सर्वेश्वर भूरे ने कोरोना किट बेचने की अनुमति दे दी है, जिसकी पूरे प्रदेश में चर्चा है। कलेक्टर ने दुर्ग में चिरायुश एनजीओ को 5 हजार रुपए में ये कोरोना किट बेचने की अनुमति दी है. जबकि एनजीओ को ऐसी कोई भी दवा का किट बेचने की अनुमति देने के संबंध में नियम नहीं है।

ये किट मरीजों को दुर्ग का स्वास्थ्य विभाग अपने सीएमएचओ दफ्तर स्थित कोरोना कंट्रोल रूम से उपलब्ध करा रहा है, इस किट के पैसे एनजीओ ऑन लाइन अपने अकाउंट में मंगवा रहे है। दुर्ग जिले में तमाम कोरोना मरीजों के बीच एनजीओ का नंबर वायरल हो गया है और इस किट की बिक्री धड़ल्ले से दुर्ग में की जा रही है.ये किट होम आइसोलेशन चाहने वाले कोरोना मरीजों को बिना डॉक्टर की सलाह के दिया जा रहा है, जिसमें विभिन्न प्रकार की दवाईयां मौजूद है. ऐसे में सवाल उठता है कि बिना डॉक्टर के जांच किए कोरोना मरीजों को दवाई दिया जाना आईसीएमआर की गाइडलाइन के मुताबिक है? और कलेक्टर ने एनजीओ को कोरोना किट बिक्री की अनुमति देने से पहले स्वास्थ्य मंत्री और स्वास्थ्य सचिव को इसकी जानकारी दी थी या नहीं ? इस पूरे मामले में दुर्ग कलेक्टर सर्वेश्वर भूरे का कहना है कि संचालक स्वास्थ्य की तरफ से जारी एक पत्र में इस बात का जिक्र है कि निजी सेवाएं ली जा सकती है। इसी आधार पर सीएमएचओ स्तर पर किट बिक्री करने की अनुमति दी गई है. कलेक्टर ने ये भी बताया कि ये एनजीओ न केवल किट बेच रही है बल्कि डॉक्टर से भी जांच की सुविधा उपलब्ध करा रही है. ये दर प्रशासन की ओर से तय नहीं किए गए है, एनजीओ और मरीज के बीच का ये निजी मामला है।

NABH द्वारा मान्यता प्राप्त संस्थान
मध्यभारत का 100 बिस्तरों का अत्याधुनिक
संजीवनी कैंसर हॉस्पिटल
• कैंसर सर्जरी • कीमोथैरेपी
• रेडियोथैरेपी • पेट स्कैन
• रक्त रोग • ब्लड कैंसर
• ब्लड बैंक • PSMA स्कैन
• फ्रोजन सेक्शन
• सभी न्यूक्लियर मेडिसीन स्कैन
• बोन मैरो ट्रांसप्लांट यूनिट
दावड़ा कॉलोनी पचपेढ़ी नाका, रायपुर (छ.ग.)
फोन: 0771-4061010, 4081010
मो. 73899-04010, 73899-05010
info@scch.co.in, www.scch.co.in

SHRI BALAJI GROUP OF HOSPITALS & COLLEGES
संकल्प, समर्पित सेवा का
SHRI BALAJI
Institute of Nursing
छ.ग. शासन, छ.ग. नर्सिंग कॉन्सिल से मान्यता प्राप्त, छ.ग. आयुष विश्वविद्यालय से संबंध एवं छ.ग. पैरामेडिकल कॉन्सिल से अनुमति
ADMISSION OPEN
NURSING PROGRAMME
PARAMEDICAL PROGRAMME

| | | | |
|---|---|---|---|
| B.Sc Nursing | 4 years | Pathology technician | 1 year |
| GNM | 3 years | Operation theater tech. | 1 year |
| Post Basic Bsc Nursing | 2 years | X-Ray technician | 1 year |
| M.Sc. Nursing | 2 years | Ortho and dresser tech. | 1 year |


HOSTEL FACILITY AVAILABLE FOR GIRLS & BOYS
श्री बालाजी इंस्टीट्युट ऑफ नर्सिंग, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.)
मो. 7694016816, 8435018884 | वेब : www.balajinursingcollege.com

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-मोहन राव* समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, प्रबंध संपादक-ए.एन. द्विवेदी, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2018-20, दूरभाष नंबर 0771, 2972403